हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



# अस्पताल के बाहर बिखरी पड़ी लाशें

ये तस्वीरें हादसे की सच्चाई है...भले ही आपको विचलित कर सकती हैं...पर सच तो सच है, उसे देखना ही पड़ेगा। इसलिए, छापी गई ये तस्वीरें।

## हाथरस में सत्संग के बाद भगदड़, 122 की मौत

# मौत से सत्संग

## बाबा के काफिले को पहले निकाला... तब तक भीड़ बेकाबू हो गई, गर्मी और उमस में पहले निकलने की जल्दी में बिछ गई लाशें



### सत्संग में 80 हजार से अधिक लोगों की भीड़ थी

### जांच के लिए एडीजी आगरा और अलीगढ़ कमिश्नर की टीम बनी

एजेंसी ▶▶ हाथरस

यूपी के हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के दौरान भगदड़ मच गई। इसमें करीब 122 लोगों की मौत हो गई। 150 से अधिक घायल हैं। कई लोगों की हालत गंभीर है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। हादसा हाथरस जिले से 47 किमी दूर फुलरई गांव में हुआ है। हादसे के बाद हालात भयावह है।

अस्पताल के बाहर शव जमीन पर बिखरे पड़े रहे। सत्संग में 80 हजार से अधिक लोगों की भीड़ थी। हादसे के बाद जैसे-तैसे घायलों और मृतकों को बस-टैंपो में लादकर अस्पताल ले जाया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मुख्य सचिव मनोज सिंह और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। घटना की जांच के लिए एडीजी आगरा और अलीगढ़ कमिश्नर की टीम बनाई गई है। सीएम ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं।



प्रवचन करते साकार हरि बाबा

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मुख्य सचिव मनोज सिंह और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार घटनास्थल पर पहुंचे

### पीएम मोदी ने लोकसभा में भाषण रोककर जताया शोक

प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में अपना भाषण रोकते हुए हाथरस में भगदड़ की घटना पर कहा कि मारे गए लोगों के प्रति संवेदना प्रकट करता हूं और घायलों के शीघ्र ठीक होने की कामना करता हूं, प्रशासन राहत एवं बचाव कार्य में जुटा हुआ है। राज्य सरकार की देख-रेख में प्रशासन राहत और बचाव में जुटा हुआ है। केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी लगातार राज्य सरकार के संपर्क में हैं। सदन के माध्यम से भरोसा देता हूं कि पीड़ितों की हरसंभव मदद की जाएगी।



### लाशों के ढेर देखकर सिपाही को आया हार्ट अटैक, मौत

*एटा में मेडिकल कॉलेज में लाशों का ढेर देखकर ड्यूटी पर तैनात सिपाही को हार्ट अटैक आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। वह क्यूआरटी अवागढ़ में तैनात था। उसे मेडिकल कॉलेज आपात ड्यूटी पर बुलाया गया। इतनी लाशें देखकर वह बर्दाश्त न कर सका। उसे हार्ट अटैक आ गया। सिपाही मूल रूप से अलीगढ़ जिले के बन्ना देवी थाना क्षेत्र के सिद्धार्थनगर का रहने वाला था।*

### मुर्मू ने दुख व्यक्त किया

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भगदड़ में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। हाथरस जिले में हुई दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों सहित अनेक श्रद्धालुओं की मृत्यु का समाचार हृदय विदारक है। मैं अपने परिवारजनों को खोने वाले लोगों के प्रति गहन शोक संवेदना व्यक्त करती हूं तथा घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

### खरगे और राहुल ने दुख जताया

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिक्ष राहुल गांधी ने दुख जताया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कांग्रेस के स्थानीय कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे प्रभावित लोगों की हर संभव मदद करें।

### मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए



#### कौन है साकार हरि बाबा?

### फिल्मी हीरो की तरह रहता है बाबा, 3 राज्यों में हैं अनुयायी

साकार हरि बाबा उर्फ भोले बाबा का असली नाम सूरज पाल है। करीब 17 साल पहले पुलिस कांस्टेबल की नौकरी छोड़कर सत्संग करने लगे। नौकरी छोड़ने के बाद सूरज पाल नाम बदलकर साकार हरि बन गया। अनुयायी उसे भोले बाबा कहते हैं। कहा जाता है कि गरीब और वंचित तबके के लोगों के बीच में इनकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी। कुछ समय में लाखों की संख्या में अनुयायी बन गए। उत्तर प्रदेश ▶▶ शेष पेज 4 पर





### 50 हजार की संख्या में अनुयायियों को सेवादारों ने रोक लिया था

एक खेत में साकार हरि बाबा का एक दिवसीय सत्संग चल रहा था। वहां पर बच्चों के साथ महिलाएं और पुरुष बाबा का प्रवचन सुन रहे थे। लगभग पौने दो बजे सत्संग खत्म हुआ, बाबा के अनुयायी बाहर सड़क की ओर जाने लगे। बताया जा रहा है कि लगभग 50 हजार की संख्या में अनुयायियों को सेवादारों ने जहां थे, वहीं रोक लिया। सेवादारों ने साकार हरि बाबा के काफिले को वहां से निकाला। उतनी देर तक वहां अनुयायी गर्मी और उमस में खड़े रहे। बाबा के काफिले के जाने के बाद जैसे ही सेवादारों ने अनुयायियों को ▶▶ शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### कार ने चार लोगों को कुचला, दो की मौत

**मंदसौर।** जिले में हिट एंड रन का मामला सामने आया है। हादसे में एक महिला व एक पुरुष की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल जो गई, जिनका इलाज निजी अस्पताल में जारी है। बताया जा रहा है कि मृतक व घायल राजस्थान के होरी हनुमान जी से दर्शन कर पैदल ही लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने इनको कुचल दिया। पुलिस ने कार जब्त कर आरोपी कार चालक को गिरफ्तार किया है। घटना भावगढ़ थाना क्षेत्र की है।



### राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 15 जुलाई तक आवेदन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 के लिए पात्र शिक्षकों से ऑनलाइन स्व-नामांकन 27 जून, 2024 से शिक्षा मंत्रालय के पोर्टल पर आमंत्रित किए जा रहे हैं। ऑनलाइन नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई है। इस वर्ष, 50 शिक्षकों को चुना जाएगा। यह चयन प्रक्रिया जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर होगी। पुरस्कार वितरण 5 सितंबर 2024 को विज्ञान भवन नई दिल्ली में होगा।




#### मंत्री विश्वास सारंग ने दिया जवाब-नर्सिंग घोटाले के पीछे पिछली 15 महीने की कांग्रेस सरकार ही थी

# नाथ तो सरकार बचा रहे थे, उधर मंत्री साधौ नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता देने में मशगूल थीं



### नर्सिंग घोटाले के मुद्दे पर सदन में पहली बार ध्यानाकर्षण पर पक्ष व विपक्ष के बीच हुई गरमागर्म बहस। यह बहस करीब 5 घंटे चली

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने 2018 से ही नर्सिंग घोटाले होने का आरोप लगाते हुए सरकार को जमकर घेरा

सिंघार बोले कि सीबीआई जांच भले ही चल रही है पर सरकार को भी इसमें अपनी बात स्पष्ट करना चाहिए



विधानसभा के गलियारे में नारेबाजी करते कांग्रेस विधायक

सारंग ने कहा कि भाजपा की सरकार आने के बाद काफी संख्या में कॉलेजों की मान्यता निरस्त कर गड़बड़ियों को सुधारा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के बहुचर्चित नर्सिंग घोटाले के मुद्दे पर सदन में मंगलवार को पहली बार ध्यानाकर्षण पर पक्ष व विपक्ष के बीच करीब 5 घंटे तक बहस चली। इस दौरान सदन में कई बार गतिरोध की स्थिति निर्मित हुई। कई बार नियम व प्रक्रियाओं की बात उठी। संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने विधानसभा की नियमावली दिखाते हुए कहा कि ध्यानाकर्षण में सिर्फ प्रश्न पूछे जाते हैं, इतनी लंबी ▶▶ शेष पेज 4 पर



### वर्ष 2023-24 में किसी भी संस्था को मान्यता नहीं दी गई



उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सरकार की तरफ से आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस जिस समय का आरोप लगा रही है, वास्तव में यह घोटाला कांग्रेस के तत्कालीन 15 महीने की सरकार में हुआ है। उन्होंने कई तरह के तथ्य भी दिए। शुक्ल ने कहा कि राज्य शासन ने अपने आदेश 16 फरवरी 2023 में मप्र नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल के लिए कुल 37 पदों की स्वीकृति जारी की है। इन पदों की पूर्ति के नियम प्रकाशित किए जा चुके हैं। नियमों के अनुसार भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मप्र नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल ने वर्ष 2018-19 में 381, वर्ष 2019-20 में 453, वर्ष 2020-21 में 670, वर्ष 2021-22 में 550 एवं वर्ष 2022-23 में 485 संस्थाओं को मान्यता दी है। साथ ही वर्ष 2021- 22 में मान्यता के 242 आवेदन तथा वर्ष 2022-23 में 238 ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### हाई कोर्ट में प्रकरण विचाराधीन

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि नर्सिंग संस्थाओं को नियम विरूद्ध संचालन करने पर हाई कोर्ट में प्रकरण विचाराधीन है। इसमें हाई कोर्ट के आदेशानुसार संस्थाओं पर कार्रवाई की जाती रही है। हाई कोर्ट ने अपने आदेश 13 फरवरी 2024 में बीएससी नर्सिंग से संबंधित 66 संस्थाओं को अनसूटेबल की श्रेणी में माना है। मप्र नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल ने 66 की मान्यता निरस्त कर उन्हें बंद किया है। निजी अस्पतालों के पंजीयन मप्र उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम, 1973 तथा नियम, 1997 (यथा संशोधित) 2021, 2022) अधिनियम के तहत किया जाता है। समय-समय पर उनकी जांच की जाती है। पंजीयनकर्ता अधिकारी जिले के ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### मान्यता के लिए कॉलेजों के शत-प्रतिशत निरीक्षण का नियम

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि यह कहना सही नहीं है कि प्रदेश के संचालक चिकित्सा शिक्षा ने कौंसिल के पदेन अध्यक्ष रहते हुए भोपाल में स्वयं के नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए हैं। राज्य शासन ने मान्यता नियमों को समय-समय पर सुदृढ़ किया है। सरकार ने निर्णय लेकर कहा कि वर्ष 2024-25 में मान्यता इंडियन नर्सिंग कौंसिल के मापदंडों के आधार पर दी जाए। मप्र नर्सेस कौंसिल ने यह निर्णय भी लिया कि वर्ष 2024-25 में मान्यता के लिए नर्सिंग संस्थाओं का शत-प्रतिशत निरीक्षण कराया जाए। निरीक्षण दल में कलेक्टर के प्रतिनिधि सम्मिलित कर निरीक्षण की वीडियो रिकार्डिंग भी कराई जाए। साथ ही नर्सिंग कॉलेजों में प्रवेश कर्मचारी चयन मंडल से संयुक्त प्रवेश परीक्षा के माध्यम से आयोजित कर दिया जाए। इससे नर्सिंग कॉलेज की व्यवस्था और सुदृढ़ होगी।

#### मुख्यमंत्री ने 'लोकपथ मोबाइल एप' किया लांच

# सात दिन में सड़कों में सुधार अब अधिकारी होंगे जवाबदार

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विभागों को जनता के प्रति अधिक से अधिक जवाबदेह बनाना हमारा लक्ष्य है।

जनता के प्रति अधिक पारदर्शी एवं जवाबदेह कार्य प्रणाली को अपनाते हुए लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार लोकपथ मोबाइल एप का लोकार्पण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव विधानसभा भवन स्थित मीडिया सेंटर में मोबाइल एप- लोक पथ के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह भी उपस्थित थे। यादव ने कहा कि प्रदेश की ▶▶ शेष पेज 4 पर

### विभागों को जनता के प्रति अधिक जवाबदेह बनाना लक्ष्य: डॉ. यादव




### दो चरणों में लागू होगी योजना

*लोक निर्माण विभाग के अधीन प्रदेश के समस्त मरम्मत योग्य राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग, मुख्य जिला एवं अन्य जिला व ग्रामीण मार्ग सम्मिलित रहेंगे। यह योजना दो चरणों में लागू की जाएगी। प्रथम चरण मंगलवार 2 जुलाई से आरंभ किया गया। इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग और मुख्य जिला मार्ग शामिल रहेंगे। द्वितीय चरण में प्रथम चरण में सम्मिलित मार्गों के साथ शेष अन्य जिला एवं ग्रामीण मार्गों को शामिल किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि मोबाइल एप से आमजन को मार्गों* ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### फूड पॉयजनिंग की आशंका

### इंदौर के एक आश्रम में 5 बच्चों की मौत, 29 अस्पताल में भर्ती



सीएम ने जताया शोक, दिए जांच के निर्देश, घटनास्थल पर ठहाका लगाने वाला एसडीएम नपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

पंचकुइया रोड स्थित श्री युगपुरुष धाम आश्रम के कुछ बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। चार दिन में 5 बच्चों की मौत हो गई। मंगलवार को 29 बच्चों को चाचा नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया। प्राचार्य डॉ. अनिता शर्मा ने कहा कि आश्रम में 204 बच्चे हैं।

जिन बच्चों की मौत हुई, उनमें से 2 को मिर्गी आती थी। अन्य दो की मौत के पीछे ब्लड इन्फेक्शन और फूड पॉयजनिंग की आशंका जताई है। मृत बच्चों के नाम शुभम उर्फ करण, आकाश, शुभ और छोटा गोविंद है। सभी की उम्र 5 से 15 साल के बीच है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के अनाथ ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### युवक को तालिबानी सजा

### चोरी के शक में युवक को उल्टा लटकाकर निर्दयता से पीटा

गुप्तांग में करंट लगाकर दी यातनाएं, पांच आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहपुर

जिले के गाडरवारा थाना इलाके से एक दिल दिहलाने वाला वीडियो सामने आया है। वायरल वीडियो को लेकर दावा किया गया है कि चोरी के शक में एक युवक को तालिबानी सजा दी गई।

युवक को निर्वस्त्र कर उल्टा लटकाकर गुप्तांग में बिजली का करंट लगाकर भयानक यातनाएं दी गईं। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वायरल वीडियो चीचली ब्लॉक के बारहाबड़ा गांव के पास का बताया जा रहा है। खुलेआम कानून को हाथों में लेकर कुछ लोगों ने चोरी के ▶▶ शेष पेज 4 पर



## न्यूयॉर्क के 'शांति का प्रकाश' पेंटिंग एग्जीबिशन में नवाब जहां बेगम की पेंटिंग शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दुनिया को शांति देने के लिए न्यूयॉर्क में चल रही सात दिवसीय 'शांति का प्रकाश' पेंटिंग एग्जीबिशन का मंगलवार को समापन हो गया। इसमें भोपाल की रहने वाली नवाब जहां बेगम की पेंटिंग को भी लोगों के सामने पेश किया गया। इसमें भारत, पाकिस्तान, नेपाल, चीन, इंडोनेशिया और न्यूयॉर्क देशों के 26 आर्टिस्टों ने अपनी पेंटिंग एग्जीबिशन में लोगों के सामने पेश की थी। जिसमें सभी आर्टिस्टों ने अनोखे तरीके से शांति का संदेश पेंटिंग के जरिए दिया। भोपाल की नवाब जहां बेगम ने शांति का प्रकाश शीर्षक पर अपनी पेंटिंग को अलग ही तरीके से लोगों के सामने पेश किया जिसको देखकर मन में शांति के भाव उत्पन्न होते हैं।

# असली चांदी का इस्तेमाल कर चाकू से तैयार की गई शांति श्लोक की पेंटिंग



**भारत की संस्कृति और शांति का संदेश दे रही नवाब**

नवाब जहां बेगम ने बताया कि यह चाकू से बनाई गई एक विशेष पेंटिंग है और सुलेख के लिए असली चांदी का उपयोग किया गया है। इसके अंदर ऐक्रेलिक रंग का इस्तेमाल किया है। पेंटिंग में सर्वेषां स्वस्तिर भवतु मंत्र एक शांति श्लोक है, जो आम तौर पर कहता है कि सभी के जीवन में शांति और खुशी हो। यह सभी के लिए कल्याण और मंगल की प्रार्थना करता है। यह विश्व शांति का संदेश देता है और भारत की संस्कृति को प्रदर्शित करता है और दर्शाता है कि भारतीय हमेशा शांतिपूर्ण और साक्षर रहे हैं। यह भारत की संस्कृति को सकारात्मक संदेश के साथ प्रदर्शित करने का एक अच्छा अवसर था, जबकि यह पेंटिंग न्यूयॉर्क के लोगों को बहुत पसंद आई है। इसके माध्यम से वे भारतीय कला और साहित्य के बारे में एक झलक पा सकते हैं।

**'औघड़' जैसे उपन्यास के लेखक, कवि नीलोत्पल मृणाल से हरिभूमि की खास बातचीत**

## सीसैट आंदोलन के लिए अनशन पर बैठा, तब मात्र नौ दिनों में लिखा उपन्यास 'डार्क हॉर्स'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

'डार्क हॉर्स' उपन्यास गांव से निकले एक लड़के की कहानी है, जो मुखर्जी नगर जाने के बाद उस दुनिया का हिस्सा बन जाता है, जब मैं मुखर्जी नगर गया था, उन दिनों में सीसैट आंदोलन में शामिल था और जो हम सभी यूपीएससी एसपीरेंट ने छेड़ा था, जिसमें मैं अनशन पर बैठा था। इस दौरान मुझे लगा कि मुझे यह पुस्तक लिखनी चाहिए और मैंने सिर्फ 9 दिन में यह पुस्तक लिख दी थी। यह कहना है डार्क हॉर्स (2015), औघड़ (2019) और यार जादूगर (2021) जैसे तीन उपन्यास लिखने वाले साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित भारतीय लेखक, कवि, सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नीलोत्पल मृणाल का, जो एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने भोपाल आए और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन के पहलुओं पर चर्चा की।



### मेरी लिखी कविता आज भी बच्चों की जुबां पर

वहीं कुमार विश्वास से अपने संबंधों के बारे में उन्होंने कहा कि हम दोनों ने कई कवि सम्मेलन के मंच साझा किए हैं और कुमार विश्वास एक बहुत ही उम्दा कवि हैं वही उन्होंने अपनी एक कविता हम ही तो कल इतिहास लिखेंगे... के बारे में उन्होंने कहा कि मैंने कई कविताएं लिखी हैं।

### लेखक को समाज में घुस कर देखना चाहिए

उन्होंने कहा कि समाज को अब बायोस्कोप से देखने की जरूरत नहीं है बल्कि एक लेखक को समाज के भीतर घुस कर देखना चाहिए क्योंकि जब आप समाज का हिस्सा बनकर उसे देखते हो और लिखते हो तो वह वाकई में लोगों के दिलों को छूता है।

### *आईएएस बनना सपना नहीं, बल्कि विकल्प होता है*

*उन्होंने कहा कि ज्यादातर युवा कहते हैं कि आईएएस बनना मेरा सपना था और वह सपना पूरा हो गया जबकि हकीकत में वह सपना नहीं होता वह विकल्प होता है क्योंकि ज्यादातर यूपी या बिहार के बच्चे आईएएस बनने के लिए निकलते हैं, तैयारी करते हैं तो वह अपने आसपास यही देखते हैं कि आईएएस आईपीएस का क्या रुतबा है, किस तरह से उनका सम्मान होता है। वह कभी फुटबॉलर या क्रिकेटर बनने का नहीं सोचते, ना ही अंबानी और अडानी बनने का सोचते हैं। उन्हें जो आसपास दिखता है वही उन्हें अच्छा लगता है और इस पर चलने निकल पड़ते हैं तो वह सपना नहीं होता हकीकत में एक विकल्प होता है।*

## इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय में छिपा हुआ है 10 हजार साल पुराना रोचक इतिहास

*कोई इनको 10 हजार साल पुराना कहता है तो कोई बताता है 30 हजार साल पुराना*

# मानव संग्रहालय में भीमबेटका के 36 रॉक शेल्टर्स पर 700 से अधिक चित्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विश्व धरोहर स्थल भीमबेटका अपने अंदर कई इतिहास और अनोखी चीजों को छुपाए हुए हैं। भीमबेटका रॉक शेल्टर्स रायसेन जिले में आती है, लेकिन इसके रॉक शेल्टर्स के कई स्थान भोपाल में भी मौजूद है, जिसमें सबसे खास इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय भोपाल है।

जिसके अंदर 36 भीमबेटका रॉक शेल्टर्स देखने को मिलती है। जो कि हर एक व्यक्ति के लिए आश्चर्य की बात है। कोई इनको 10 हजार साल पुराना कहता है तो कोई उन्हें 30 हजार साल पुराना बताता है। भीमबेटका रॉक शेल्टर्स को महाभारत के साथ जोड़कर देखा गया है, कि जब पांडव वनवास के लिए निकले थे तब उन्होंने इन्हीं रॉक शेल्टर्स पर अपना समय बिताया था, जिसको इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय में शैलकला धरोहर का नाम दिया गया है। हर रॉक शेल्टर्स पर बने चित्र भीमबेटका के चित्रों से मैच होते हैं। मानव संग्रहालय के 36 रॉक शेल्टर्स पर 700 से अधिक चित्र बने हुए हैं, जिनमें भीमबेटका पर बने हूबहू चित्र जैसे नृत्य, संगीत, आखेट, घोड़ों और हाथियों की सवारी, आभूषणों को सजाने तथा शहद जमा करने के बारे में हैं। इनके अलावा बाघ, सिंह, जंगली सुअर, हाथियों, कुत्तों और घडियालों जैसे जानवरों के चित्र इन शैलश्रय में देखे जा सकते हैं।

### मानव संग्रहालय के रॉक पर मिले भीम बेटका के रॉक शेल्टर्स पर बने हूबहू चित्र

इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय के शैलकला धरोहर में 36 रॉक शेल्टर्स हैं, जिन पर विश्व धरोहर स्थल भीमबेटका की रॉक शेल्टर्स जैसे हूबहू चित्र देखने को मिलते हैं। इन चित्रों को देखना लोगों के लिए आश्चर्य की बात है। रॉक पर बने चित्रों को समझाने के लिए संग्रहालय द्वारा रॉक के स्केच तैयार कर हर रॉक शेल्टर्स के पास लगाए गए हैं। ताकि लोग रॉक शेल्टर्स पर बने चित्रों को पहचान पाएंगे या उनके बारे में जान पाएं।

### भोपाल की इन जगहों पर मिलेंगे भीमबेटका के चित्र

वरिष्ठ पुरातत्वविद डॉ. नारायण व्यास ने बताया कि भीमबेटका के रॉक पर बने चित्र भोजपुर, मनुआभान टेकरी, टीवी अस्पताल के पीछे, गुफा मंदिर, भदभदा, इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय, धर्मपुरी, रीजनल स्कूल व कॉलेज के पत्थरों पर, कोलार रोड, केरवा, कलियासोत, कठौतिया आदि जगहों पर भीमबेटका वाले चित्र देखने को मिल जाते हैं।



### *मानव और पशु के चित्र देखने को मिलते हैं, भीमबेटका की तरह*

*मानव संग्रहालय के असिस्टेंट कीपर गरिमा आनंद ने बताया कि ये मानव संग्रहालय पहाड़ों पर बना है, इन रॉक शेल्टर्स को भीमबेटका से जोड़कर देखा जाता है, उसका कारण है क्योंकि जो चित्र भीमबेटका के रॉक पर देखने को मिलते हैं वही चित्र मानव संग्रहालय में शैलकला धरोहर के अंदर रॉक शेल्टर्स पर देखने को मिलते हैं। ये उस काल के चित्र हैं जब इंसान स्थिर रूप से नहीं रहते थे। ये कितना लंबा एरिया है उसके बारे में बताना बहुत मुश्किल काम है। मानव और पशु के चित्र देखने को मिलेंगे।*

### गेरू और मुरम पाउडर से तैयार किए गए हैं चित्र



वरिष्ठ पुरातत्वविद डॉ. नारायण व्यास ने बताया कि रॉक शेल्टर्स पर बने चित्रों को बनाने के लिए गेरू और मुरम पाउडर का सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया गया है। इसी कारण इनके रंग गेहरू रंग से बहुत मिलते हैं। जविकास की ओर हम बढ़े वैसे ही चित्रों में बदलाव देखने को मिले व इनको बचाना अब हमारे लिए बहुत जरूरी है।

**ये हमारी धरोहर है**



रॉक शेल्टर्स पर मानव संग्रहालय के जनसंपर्क अधिकारी अशोक शर्मा ने बताया कि ये हमारी धरोहर है। इसलिए हम इसको लोगों के लिए ओपन नहीं रखे हुए हैं, लेकिन आने वाली पीढ़ी इन रॉक शेल्टर्स के बारे में जाने इसको लेकर हम कुछ-कुछ मौकों पर कार्यक्रम करते रहते हैं।



## 51वीं शलाका जनजातीय चित्र प्रदर्शनी आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय द्वारा प्रदेश के जनजातीय चित्रकारों को चित्र प्रदर्शनी और चित्रों की बिक्री के लिए सार्थक मंच उपलब्ध कराने की दृष्टि से प्रतिमाह लिखन्दरा प्रदर्शनी दीर्घा में किसी एक जनजातीय चित्रकार की प्रदर्शनी सह विक्रय का संयोजन शलाका नाम से किया जाता है। इसी क्रम में 3 जुलाई, से भील समुदाय की चित्रकार शिवाबाई भाबोर के चित्रों की प्रदर्शनी सह-विक्रय का संयोजन किया जा रहा है। 51वीं शलाका चित्र प्रदर्शनी 30 जुलाई तक निरंतर रहेगी। भीली चित्रकार शिवाबाई भाबोर का जन्म मध्यप्रदेश के जनजातीय बहुल झाबुआ जिले के एक छोटे से ग्राम-झेर में हुआ है।

## स्थापना दिवस में छाईं बच्चों की प्रस्तुतियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जवाहर बाल भवन का 38वां स्थापना दिवस 03 जुलाई 2024 समारोहपूर्वक मनाया जा रहा है। समारोह का उद्घाटन मंगलवार को शुभा वर्मा, संचालक जवाहर बाल भवन द्वारा किया गया।

**मटकी नृत्य, कालबेलिया नृत्य ने मोहा मन**

इसके पश्चात संगीत प्रभाग के बच्चों ने विजय सप्रे के निर्देशन में सरस्वती वंदना एवं पसूरी गायन की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की अगली कड़ी में नृत्य प्रभाग के बच्चों ने संघमित्रा बनकर के निर्देशन में मटकी नृत्य एवं कालबेलिया नृत्य की आकर्षक प्रस्तुत दी गई। कार्यक्रम में अंत में आधुनिक अभिनय प्रभाग के बच्चों ने संघरत्ना बनकर के निर्देशन में रीढ की हड्डी नाटक का मंचन किया गया। बच्चों ने अभिनय ने सभी दर्शकों एवं अभिभावकगणों का मनमोह लिया।

## रंग जगत के लिए गौरवशाली क्षण यंग्स थिएटर आर्टिस्ट एनएसडी में चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

देश के सबसे बड़े व प्रतिष्ठित संस्थान राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली में सत्र 2024-2027 के लिए देशभर में चली चयन प्रक्रिया में शामिल हजारों प्रतिभागियों में से चयनित हुए 32 प्रतिभावान भाग्यशाली युवाओं में इस बार प्रदेश के 5 से अधिक युवाओं ने बाजी मारी है। नाट्य कला व साहित्य में मध्यप्रदेश की संस्था यंग्स थिएटर फाउंडेशन के 2 स्टूडेंट्स का चयन होना प्रदेशभर के लिए अत्यंत गौरवशाली क्षण है, विशेषकर तब जब भोपाल से एकमात्र संस्था यंग्स थिएटर फाउंडेशन के सदस्य युवा रंगकर्मी प्रकाश को चुना गया हो। यंग्स थिएटर के सरफराज हसन ने कहा कि यह व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए यह बेहद गौरवशाली क्षण है।



## बीएसएस में तनाव प्रबंधन पर हुई एमडीपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बीएसएसएस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज ने तनाव प्रबंधन के लिए भावनात्मक बुद्धिमत्ता कौशल का उपयोग करने पर दो दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी) का सफलतापूर्वक समापन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उद्योग के पेशेवरों को तनाव को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने और भावनात्मक बुद्धिमत्ता के माध्यम से कार्यस्थल की प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए, आवश्यक कौशल समझाना था।



**तनाव प्रबंधन को अत्यिधक महत्वपूर्ण बताया**

मुख्य अतिथि के रूप में पॉवरलक्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, भोपाल में रणनीति और व्यवसाय विकास के प्रमुख हरजप्पन सिंह गुलाटी ने तनाव प्रबंधन को अत्याधिक महत्वपूर्ण बताया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हिंद फार्मा के सीओओ आयुष गोस्वामी शामिल हुए। गोस्वामी ने संगठनात्मक सफलता में भावनात्मक बुद्धिमत्ता की भूमिका बताते हुए विशेष रूप से मध्यम और उच्च प्रबंधन स्तरों पर इसकी आवश्यकता बताई।

**राजधानी**

### सिर्फ डिग्री नहीं, कौशल संवर्धन पर फोकस करें स्टूडेंट्स

## निटरः डीम्ड यूनिवर्सिटी बनने के बाद शुरू किए कई अकादमिक प्रोग्राम और जॉब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित निटर ने डीम्ड यूनिवर्सिटी बनने के बाद अपने यहां विभिन्न क्षेत्रों में अकादमिक प्रोग्राम शुरू किए हैं। सभी प्रोग्राम्स विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यकता, जॉब ओरिएंटेड और क्षमता संवर्धन पर आधारित होंगे। संस्थान के स्कूल ऑफ़ साइंसेज, स्कूल ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज एवं स्कूल ऑफ़ क्रिएटिव एजुकेशन एंड लिबरल आर्ट्स के तहत विभिन्न विभागों के फैकल्टी मेंबर्स अपने-अपने क्षेत्र की लेटेस्ट एवं इमर्जिंग टेक्नोलॉजी के एरिया में पीएचडी एवं पीजी प्रोग्राम्स का संचालन करेंगे। यहां रिसर्च करने वाले शोधार्थियों को संस्थान के नए संसाधन युक्त सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस की प्रयोगशालाएं, इंडस्ट्रीज की रिसर्च लैब्स के साथ निटर के एमओयू पार्टनर्स की लैब्स में भी कार्य करने की सुविधा मिलेगी। निटर में टेक्निकल कौशल के साथ-साथ टीचिंग की अलग से स्किल्स प्रदान की जाएगी।



**दर्जन भर से अधिक स्ट्रीम्स में होगी रिसर्च**

स्पेस वेदर, जीपीएस, लेजर भौतिकी, ड्रग डिजाइन और डिस्कवरी, नैनोमटेरियल्स, मल्टीफंक्शनल स्मार्ट कंपोजिट, ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी, डेटा साइंस, बिग डेटा एनालिटिक्स, ग्रीन कंप्यूटिंग, इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर पैकेजिंग, फाइव एवं सिक्स जी संचार, आईओटी, ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग, पाठ्यक्रम डिजाइन और विकास, प्रोडक्ट इंजीनियरिंग और डिजाइन थिंकिंग, कौशल विकास, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, डिजिटल कंटेंट और अन्य क्षेत्रों में शोध कार्य किया जाएगा। निटर निदेशक प्रो सीसी त्रिपाठी ने कहा कि स्टूडेंट्स सिर्फ डिग्री ही नहीं, कौशल और क्षमता संवर्धन पर फोकस करें। रिसर्च केवल पेपर पब्लिकेशन तक सीमित न होकर प्रोडक्ट के रूप में जो समाज की समस्याओं का हल प्रदान करें।

### भेल ने 805 करोड़ का किया उत्पादन

**भोपाल।** हैवी इलेक्ट्रिकल्स श्रमिक ट्रेड यूनियन(एचएमएस) के महासचिव अमर सिंह राठौर ने बताया भेल भोपाल ने प्रथम तिमाही में लगभग 805 करोड़ रुपए का उत्पादन तथा 800 करोड़ रुपए का कैश कलेक्शन किया है, जो पिछले लगभग सात वर्षों में प्रथम तिमाही का रिकार्ड उत्पादन है। जिसके लिए एच एमएस के महासचिव राठौर ने कर्मचारियों को बधाई देते हुए भेल प्रबंधन से मांग की है कि वर्ष 2023-2024 का पीपीपी क्रम से 30 हजार रुपए तथा एसआईपी 30 हजार रुपए दोनों भुगतान अलग-अलग किया जाए। अतः भेल कारपोरेट प्रबंधन से राठौर ने जुलाई माह में ज्वाइंट कमेटी की बैठक बुलाकर पीपीपी एवं एसआईपी का निर्णय किया जाए और लंबित प्रकरणों जैसे रिवार्ड स्कीम का रिवीजन, अनुकंपा नियुक्ति, नाइट अनाउंस का रिवीजन, कैंटीन एवं स्कूल की सब्सिडी बहाल करने, थानांतरण नीति को तर्कसंगत बनाने तथा ठेका श्रमिको की 1600 रुपए की कटौती बंद करने तथा अन्य प्रकरणों का निराकरण किया जाए।

## सफल अधिकारी बनने सरल, सेवाभावी तथा संवेदनशील रहेंः राज्यपाल पटेल

### राज्यपाल से प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने राजभवन में की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि अधिकारियों के लिए उनका व्यवहार सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। सफल अधिकारी बनने सरल, सेवाभावी तथा संवेदनशील रहें। आप सभी की जहां भी पदस्थापना हो, जिनसे भी मिलें, सरल भाषा में आत्मीयता से बात करें।

गरीबों एवं वंचितों की बेहतरी के लिए काम करना ही प्रशासनिक सेवा की सार्थकता है। राज्यपाल पटेल भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2023 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। कहा कि प्रभावी अधिकारी बनने के लिए सीखने का भाव जरूरी है। पूरे सेवाकाल में सीखते रहें। कार्य क्षेत्रों का सघन दौरा करें। जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनें और समाधान करें।

अधिकारियों तक जनता की एवं जनता तक आपकी पहुंच सुलभ हो। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण व जमीनी अनुभवों में अंतर होता है। व्यवहार में अनेक ऐसी समस्याएं आती हैं जिनका समाधान दिशा-निर्देशों में नहीं मिलता है।



## नर्सिंग घोटालाः फूट-फूट कर रोई छात्राएं, कहा-भविष्य कर दिया चौपट




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

■ नर्सिंग घोटाले के विरोध में युवा कांग्रेस का 24 घंटे का सत्याग्रह

नर्सिंग घोटाले को लेकर कांग्रेस ने विधानसभा से लेकर सड़क तक मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को बोर्ड आफिस चौराहा पर आयोजित युवा कांग्रेस के 24 घंटे सत्याग्रह में बड़ी संख्या में नर्सिंग छात्राएं पहुंची। सुबह 11 बजे शुरू हुए सत्याग्रह में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष मितेंद्र दर्शन सिंह समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और युवा शामिल हुए। जीतू पटवारी के सामने नर्सिंग की छात्राओं ने फूट-फूट कर रोते हुए कहा कि नर्सिंग घोटाले ने हमारा भविष्य बर्बाद कर दिया है अब हम कहां जाएं, किससे न्याय की गुहार लगाए। पटवारी ने छात्राओं से कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे। हम निर्णायक लड़ाई के लिए तैयार है, भाजपा फैसला करे वो नर्सिंग छात्रो के साथ है।

भोपाल
बुधवार, 3 जुलाई 2024
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-12/13
वर्ष : 11, अंक : 100
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 27
न्यून. 23

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## विधानसभा में आज पेश होगा वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट



**भोपाल।** मप्र का वित्तीय वर्ष 2024-25 का अनुमानित तीन लाख 67 हजार करोड़ रुपए से अधिक का वार्षिक बजट बुधवार को विधानसभा में पेश होगा। उप मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा विधानसभा में सुबह 11 बजे से बजट पेश करेंगे। इसके बाद बजट पर चर्चा शुरू होगी। विधानसभा की ओर से पूरा कार्यक्रम जारी किया गया है। बजट पर चर्चा के बाद इसे पारित कराया जाएगा। विधानसभा में बजट पेश करने से ठीक एक दिन पहले सरकार ने प्रदेश का आर्थिक सर्वेक्षण जारी कर दिया है। इसमें कई बिंदुओं खास तौर पर सरकार की प्राथमिकता वाले सेक्टर पर विशेष फोकस किया गया है। विधानसभा में पेश होने वाला बजट हालांकि महज 8 महीने के लिए ही होगा, चूंकि सरकार लोकसभा चुनाव से पहले एक अप्रैल से 31 जुलाई 2024 तक के लिए एक लाख 45 हजार करोड़ रुपए का लेखानुदान पहले ही पारित करा चुकी है। बजट में किसान, बिजली, शिक्षा, सड़क, परिवहन से लेकर अन्य सभी मुद्दों पर फोकस किया जा रहा है।

■ तीन लाख 67 हजार करोड़ रुपए का अनुमानित बजट होगा

मप्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 का आर्थिक सर्वेक्षण जारी किया... 55,709 करोड़ रुपए के राजकोषीय घाटे का अनुमान

# अर्थव्यवस्था में 6.01 फीसदी की बढ़ोतरी प्रति व्यक्ति शुद्ध आय भी चार गुना तक बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग ने मंगलवार को मप्र का वर्ष 2023-24 का आर्थिक सर्वेक्षण जारी कर दिया। सरकार ने इस वर्ष के लिए 55,709 करोड़ रुपए के राजकोषीय घाटे का अनुमान लगाया है। यह मौजूदा वित्तीय वर्ष 2023-24 के राज्य सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का कुल 4.02 फीसदी है। इसमें ऋण लेने की क्षमता 3.5 फीसदी से अधिक है। इस वर्ष में राजस्व आधिक्य भी 413 करोड़ रुपए का रहने का अनुमान है। इसे कोरोना काल में राजस्व घाटे की स्थिति से उबरने और मजबूत वित्तीय स्थिति का संकेत मान सकते हैं। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए मप्र का मौजूदा कीमतों पर राज्य सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 13,63,327 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। यह राज्य ▶▶ शेष पेज 10 पर

इस वर्ष में राजस्व आधिक्य भी 413 करोड़ रुपए का रहने का अनुमान

यह कोरोना काल में राजस्व घाटे की स्थिति से उबरने और मजबूत वित्तीय स्थिति का संकेत



### मप्र आर्थिक समृद्धि के नए सोपान तय करेगा : देवड़ा



उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा की आर्थिक सर्वेक्षण मप्र की आर्थिक प्रगति को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र आर्थिक समृद्धि के नए सोपान तय करेगा।

## खबर संक्षेप

### नीरज चोपड़ा हो गए अहम टूर्नामेंट से बाहर



**पेरिस।** ओलंपिक चैंपियन और दुनिया के सबसे बड़े जैवलिन थ्रोअर में से एक नीरज चोपड़ा पेरिस डायमंड लीग से बाहर हो गए हैं। नीरज चोपड़ा पूरी तरह फिट नहीं हैं और ओलंपिक से पहले उन्होंने अचानक इस टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। चोपड़ा ने पूरी तरह से फिट नहीं होने की वजह से ये बड़ा फैसला लिया है। वे पिछले कुछ महीनों से जांघ के अंदरूनी हिस्से की मांसपेशियों में चोट से जूझ रहे हैं।

### तूफान में फंसी भारतीय टीम का रास्ता साफ



**बारबाडोस।** भारतीय क्रिकेट टीम ने 29 जून को ही टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीतने के साथ ही इतिहास रच दिया है। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला साउथ अफ्रीका के खिलाफ बारबाडोस में हुआ था। मगर चैम्पियन बनने के बाद अब तक भारतीय टीम अपने घर नहीं लौट सकी है। भारतीय टीम बारबाडोस के होटल में ही फंसी हुई थी। इसका कारण बारबाडोस में आया बेरिल तूफान था।

संसद में संग्राम : पीएम जब तक बोलते रहे, विपक्ष तब तक हंगामा करता रहा

पीएम नरेंद्र मोदी ने इशारों-इशारों में राहुल गांधी को 'बालक बुद्धि' बताया और कहा कि कांग्रेस और उसका तंत्र आजकल 'बच्चे' का मन बहलाने में ही लगा है

# एक बालक 99 नंबर लाकर घमंड में घूम रहा, उसे नहीं पता कि ये नंबर 100 में से नहीं... 543 में से हैं

*राहुल के 90 मिनट बनाम प्रधानमंत्री मोदी के सवा दो घंटे*

*ये बालक बुद्धि सदन में किसी के भी गले पड़ जाते हैं तो सदन के अंदर बैठकर आंख मारते हैं*

पीएम ने कहा कि यह कांग्रेस के इतिहास में चुनावों में तीसरी सबसे बड़ी विफलता है। यह चुनावों में कांग्रेस का तीसरा सबसे खराब प्रदर्शन है। बालक बुद्धि ने फेल होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देते हुए कांग्रेस और समूचे विपक्ष को घेर लिया। पीएम मोदी ने इशारों-इशारों में राहुल गांधी को बालक बुद्धि (बच्चा) कहा। राहुल गांधी का नाम लिए बगैर कहा कि एक बालक 543 में 99 नंबर लाकर घमंड में घूम रहा है। उसे नहीं पता था कि ये नंबर 100 में से नहीं बल्कि 543 में से हैं। यह लगातार तीसरी बार है कि कांग्रेस चुनाव में 100 का आंकड़ा पार नहीं कर पाई है। यह कांग्रेस के इतिहास में चुनावों में तीसरी सबसे बड़ी विफलता है।

यह चुनावों में कांग्रेस का तीसरा सबसे खराब प्रदर्शन है। बालक बुद्धि ने फेल होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। मोदी ने कहा कि बालक बुद्धि में न बोलने का ठिकाना होता है और न ही बालक बुद्धि में व्यवहार का कोई ठिकाना होता है। जब ये ▶▶ शेष पेज 10 पर

■ कांग्रेस से कहा कि जनादेश को फर्जी जीत के जश्न में मत दबाओ, ईमानदारी से जनादेश को समझने की कोशिश करो, उसे स्वीकार करो

*कांग्रेस अब 'परजीवी कांग्रेस' के नाम से जानी जाएगी क्योंकि वह जिससे गठबंधन करती है तो उसी का वोट खा जाती है*



### यह एक चौपाई भी पढ़ी

झूठइ लेना झूठइ देना, झूठइ भोजन झूठ चबेना।
बोलहिं मधुर बचन जिमि मोरा, खाइ महा अहि हृदय कठोरा॥

▸ अर्थात, उनका झूठा ही लेना और झूठा ही देना होता है। झूठा ही भोजन होता है और झूठा ही चबेना होता है।

### शोले का डायलॉग भी बोला

ऐ मौसी, 13 राज्यों में जीरो सीटें, पर हीरो तो है...

▸ आप सबको शोले फिल्म की मौसी जी याद होंगी। तीसरी बार ही तो हारे हैं लेकिन मनोबल ऊंचा है। अरे, मौसी 13 राज्यों में जीरो सीटें आई हैं लेकिन हीरो तो है न..। अरे मौसी पार्टी की लुटिया तो डुबोई है..मौसी अभी पार्टी तो सांसें ले रही है।

### पीएम ने सुनाई 3 कहानियां

**कहानी-1**

एक छोटा बच्चा साइकिल लेकर निकला है। वो बच्चा गिर जाता है। साइकिल से लुढ़क जाता है। रोने लगता है। एक बड़ा व्यक्ति उसके पास आकर कहता कि चींटी मर गई, चिड़िया उड़ गई। तुम बहुत अच्छी साइकिल चलाते हो। उसका ध्यान बंटाकर के उस बच्चे का मन बहला देते हैं। वैसे ही बच्चों के मन बहलाने का काम चल रहा है।

**कहानी-3**

एक बालक था जो अपने '99' नंबर का बहुत खुशी से जश्न मना रहा था। टीचर ने आश्चर्य व्यक्त किया और पूछा तुम मिठाई क्यों बांट रहे हो, तुम जश्न क्यों मना रहे हो? टीचर बताना चाहता था कि जश्न मनाने की कोई बात नहीं है। उसने जो 99 नंबर प्राप्त किए थे, वे 100 में से नहीं, बल्कि 543 में से थे।

**कहानी-2**

एक बच्चा स्कूल से आया और जोर जोर से रोने लगा, उसने मां से कहा कि मां मुझे स्कूल में मारा गया। मां ने पूछा बेटा बात क्या थी? बेटा ये नहीं बता रहा था कि आज स्कूल में उस बच्चे ने किसी बच्चे को मां के लिए अपशब्द कहे थे। उसने ये नहीं बताया कि उसने किसी की किताबें फाड़ दी थीं। उसने ये नहीं बताया कि किसी का टिफिन चुराकर खा लिया था। हमने कल (सोमवार ) सदन में ऐसी ही बचकाना हरकत देखी है। कल यहां बालक बुद्धि का विलाप चल रहा था।



### भाषण के हटाए गए शब्दों पर भड़के राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में अपने भाषण के कुछ हिस्सों को कार्यवाही से हटाने के खिलाफ स्पीकर ओम बिरला को चिट्ठी लिखी। उन्होंने कहा कि मेरे विचारों को कार्यवाही से हटाना संसदीय लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है। भाषण के हटाए गए हिस्सों को फिर से बहाल किया जाना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि मैंने सदन में सच्चाई रखी। हर सांसद का अधिकार है कि वो संसद में लोगों से जुड़े मुद्दे उठाए। इसको ध्यान में रखते हुए ही मैंने अपना भाषण दिया था।

### अडाणी: सेबी के नोटिस पर भड़का हिंडनबर्ग



**नई दिल्ली।** अमेरिकी शॉर्ट सेलर कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च को सेबी ने 46 पेज का कारण बताओ नोटिस भेजा है। इसको लेकर फर्म ने सेबी को ही कठघरे में खड़ा करते हुए उस पर धोखेबाजों को बचाने का आरोप मढ़ दिया। बता दें जनवरी 2023 में हिंडनबर्ग ने अडाणी ग्रुप पर स्टॉक मैनिपुलेशन से लेकर मनी लॉड्रिंग जैसे आरोप लगाए थे। इसे लेकर ही यह नोटिस दिया गया है। हिंडनबर्ग ने यह खुलासा करते हुए लेटर भेजा है।

पहली तारीख को रिलीज होता था

## केंद्र ने जीएसटी का डेटा रिलीज करना बंद किया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने जीएसटी का डेटा रिलीज करना बंद कर दिया है। जीएसटी लागू होने के बाद सरकार हर महीने की पहली तारीख को इसका डेटा जारी करती थी। 74 महीने से ऐसा किया जा रहा था। केंद्र की ओर से मासिक डेटा जारी करना बंद करने का कोई कारण नहीं बताया गया है। सरकार ने जून महीने का जीएसटी कलेक्शन का डेटा जारी नहीं किया है, लेकिन कुछ मीडिया रिपोर्टों में ▶▶ शेष पेज 10 पर




■ केंद्र सरकार बीते 74 महीने से लगातार जारी कर रही थी जीएसटी का डेटा

जबलपुर में छात्रा की सरेआम हत्या

## सनकी आशिक ने किशोरी का कार में काट दिया गला

**जबलपुर।** शहर में एकतरफा प्यार के चलते एक 16 वर्षीय किशोरी की थाने के चंद कदम की दूरी पर उसके कथित प्रेमी द्वारा कार के अंदर चाकू से ताबड़तोड़ वारकर हत्या कर दी गई। दिनदहाड़े हुई इस हत्या के बाद आरोपी युवक द्वारा मौके से भाग गया, जिसका एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। हालांकि, पुलिस ने आरोपी को देर रात रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया और मामले में पूछताछ कर ▶▶ शेष पेज 10 पर



■ लड़की से एकतरफा प्यार करता था आरोपी गिरफ्तार

पुराने विवाद में व्यापारी की हत्या

## बहन-बहनोई और भांजे भांजी ने ही दिया अंजाम

**ग्वालियर।** शहर के इस्लामपुरा बहोड़ापुर में गैस वेल्डिंग और फेब्रिकिशन व्यापारी की उसके ही बहन-बहनोई और भांजे-भांजी ने हत्या कर दी। बहन-भांजी ने हाथ पकड़े, भांजे ने सीने पर बैठकर चाकू मारे। बहनोई ने भी चाकू से कई वार किए। घटना सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात 2.30 बजे की है। आरोपियों का असल विवाद व्यापारी अकरम खान उर्फ कल्लू (42) के बड़े भाई की बेटी ▶▶ शेष पेज 10 पर



■ तीन साल पुराने विवाद को सुलझाने बहन के घर गया था व्यापारी

नगर निगम भोपाल के बजट में किसी प्रकार का टैक्स नहीं बढ़ा

रविंद्र भवन की तर्ज पर 10 करोड़ रुपए की लागत से शहर में अलग-अलग क्षेत्र में बनेंगे कन्वेंशन सेंटर

## पार्षद वार्ड में तीन लाख तक के काम बिना टेंडर के करवा सकेंगे

*» राजधानी के सभी प्रवेश द्वार पर हेरिटेज प्रवेश द्वार के लिए 50 करोड़ रुपए का प्रावधान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल नगर निगम का वर्ष 2024 - 2025 का बजट मंगलवार को महापौर मालती राय ने परिषद की बैठक में प्रस्तुत किया गया, जिसे चर्चा के बाद ध्वनिमत से पास कर दिया गया।

3353 करोड़ 93 लाख 16 हजार रुपए के इस बजट में आय और व्यय एक समान बताया गया है। जबकि 5 प्रतिशत राशि रिजर्व रखी जाएगी, उसे ही घाटे के रूप में बताया गया है। ▶▶ शेष पेज 10 पर



### नए कामों के लिए इतनी राशि का प्रावधान

- शहर के विभिन्न स्थानों पर महापुरुषों की प्रतिमाओं व अन्य काम के लिए 5 करोड़ रु.
- प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन के लिए 40 करोड़ रु.
- अवैध से वैध की गई बस्तियों में अधोसंरचना उन्नयन कार्य के लिए 100 करोड़ रु.
- अल्प ▶▶ शेष पेज 10 पर

सिरोंज से भाजपा विधायक ने कहा- कांग्रेस में रहकर क्यों ज्यादती सहन कर रहे?

खिलचीपुर विधायक बोले मैंने उनसे बात कर ली है

## दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण को मिला भाजपा में आने का 'न्यौता'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह को एक बार फिर से भाजपा में शामिल होने का निमंत्रण मिला है। भाजपा के दो विधायकों ने लक्ष्मण सिंह को न्यौता दिया है। हालांकि, अब तक लक्ष्मण सिंह की ओर से स्थिति स्पष्ट नहीं है कि वे कांग्रेस में ही रहेंगे या भाजपा में जाएंगे? इधर, लक्ष्मण सिंह ने राहुल गांधी के हिंदुओं पर दिए बयान को अनुचित बताया है। सिरोंज से भाजपा विधायक उमा कांत शर्मा का कहना है कि लक्ष्मण सिंह कांग्रेस में रहकर क्यों ज्यादती सहन कर रहे हैं, मैं उनसे आह्वान करता हूं कि आप भाजपा में आइए। इसी तरह राजगढ़ जिले की खिलचीपुर से भाजपा विधायक हजारी लाल का भी कहना है कि लक्ष्मण सिंह मेरे घर आए थे, वो मेरे पुराने साथी हैं, मैंने उनसे बात कर ली है।



शर्मा ने लक्ष्मण सिंह को अपना बड़ा भाई बताते हुए कहा कि लक्ष्मण सिंह का पहले भी कांग्रेस से मोहभंग हुआ था। वह हमारे बड़े भाई हैं। कांग्रेस में अगर निराशा है तो वापस आ जाओ, हमारे दरवाजे तो सारे कांग्रेसियों के लिए खुले हैं।

प्रदेशभर में औसतन कुल 139.9 मिमी बारिश, जबकि अब तक 147.7 मिमी होना थी

राजधानी में जुलाई 2022 तक यहां हुई थी कुल 854.5 मिमी बारिश यह 10 साल की सर्वाधिक वर्षा थी

## प्रदेश में अभी औसत से 5 प्रतिशत कम बारिश, पूर्वी में 15 प्रतिशत कम, पश्चिमी में 5 प्रतिशत ज्यादा दर्ज

*इस साल रिकॉर्ड के टूटने की उम्मीद, अब तक 326 मिमी का आंकड़ा पार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में जून के अंतिम सप्ताह से जुलाई के दूसरे दिन यानि मंगलवार तक जारी बारिश से खेत-खलिहानों में सूखे की स्थिति खत्म हो गई है। मंगलवार तक प्रदेशभर में औसत से 5 प्रतिशत कम बारिश हुई है। पूर्वी मध्य प्रदेश में औसत से 15 प्रतिशत कम, जबकि पश्चिमी में 5 प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई है। प्रदेशभर में ▶▶ शेष पेज 10 पर


बोर्ड ऑफिस चौराहे में बारिश

### कहां कम रहा पारा

सिवनी में 6.2 डिग्री कम, नर्मदापुरम, मंडला, जबलपुर, मलाजखंड, भोपाल, धार, इंदौर और रतलाम में सामान्य से 4 से 5 डिग्री तक कम रहा। प्रदेश में औसत अधिकतम पारा सामान्य से 4 डिग्री तक कम रहा है। सर्वाधिक अधिकतम पारा ग्वालियर में 34.7 डिग्री रहा। भोपाल में दशमलव एक डिग्री गिरकर 29.1 डिग्री रहा। यह सामान्य से 5 डिग्री कम है।

### यहां भारी बारिश का अलर्ट

बुधवार को अलीराजपुर, झाबुआ, रतलाम, मंदसौर, नीमच, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सीधी, रीवा, मऊगंज, अनपुपुर, शहडोल, डिंडोरी, जबलपुर, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा आदि जिलों में तेज से भारी बारिश होगी। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, इंदौर, उज्जैन, गुना, अशोकनगर, सतना आदि जिलों में सामान्य वर्षा होगी।

### आर्थिक सर्वेक्षण में अनाज के उत्पादन में 1.91 फीसदी की मामूली कमी दर्ज की गई

# मप्र के आर्थिक सर्वेक्षण में दालों में 42.62 की वृद्धि दूध का उत्पादन भी 201.22 लाख टन तक पहुंचा






हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य सरकार ने मंगलवार को मप्र का आर्थिक सर्वेक्षण जारी किया है। आर्थिक सर्वेक्षण में मूलभूत तथ्यों को सामने रखते हुए योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग ने विभिन्न मुद्दों पर सरकार की आर्थिक स्थिति का खाका प्रस्तुत किया है। फसल उत्पादन का वर्गीकृत विश्लेषण में पाया गया कि मप्र में अनाज के उत्पादन में 1.91 फीसदी की मामूली कमी दर्ज की गई है। जबकि दालों में 42.62 की बढ़ोतरी हुई है। बागवानी क्षेत्र में मसालों का उत्पादन करीब एक लाख मिट्रिक टन बढ़ा है। दूध का उत्पादन भी 201.22 लाख टन तक पहुंच गया है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मप्र में प्रमुख फसलों के उत्पादन में 0.20% की वृद्धि दर्ज की गई है। दलहन के उत्पादन में 42.62% की वृद्धि हुई, और तिलहन में 7.32% की वृद्धि दर्ज की गई। सब्जियों का उत्पादन 235.41 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 242.62 लाख मीट्रिक टन हो गया। फलों का उत्पादन 95.10 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 95.54 लाख मीट्रिक टन हो गया। तिलहन फसलों जैसे सोयाबीन और सरसों के उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है। तिलहन का क्षेत्र 4.01 फीसदी, सरसों को 10.21 फीसदी और सोयाबीन की खेती में 1.76 फीसद की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। तिलहन में बढ़ोतरी को देखा जाए तो पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले सोयाबीन के उत्पादन में कमी दर्ज की गई है।

## राजस्व आधिक्य 413 करोड़ रुपए का अनुमान



राज्य में साक्ष्य परक एवं डेटा आधारित नीति निर्माण एवं विश्लेषण को अत्यधिक महत्व दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में यह प्रयास स्पष्ट दिखता है। इस बार का आर्थिक सर्वेक्षण प्रदेश की निवेश, निर्यात, उद्योग, विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी, शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में हुई प्रगति को दर्शाता है। वर्ष 2023-24 में राजस्व आधिक्य राशि रुपए 413 करोड़ रहने का अनुमान है, इसे कोरोना काल की राजस्व घाटे की स्थिति से उबरने एवं मजबूत वित्तीय स्थिति का संकेत हैं। वर्ष 2019-20 से वर्ष 2022-23 के दौरान राज्य करों का हिस्सा जीएसडीपी के प्रतिशत के रूप में 6.16% से बढ़कर 6.20 प्रतिशत हो गया है इस अवधि के दौरान राज्य के अपने कर संग्रह में 12.79% की वार्षिक दर से बढ़ोतरी हुई।

### महत्वपूर्ण क्षेत्रों के विकास एवं सभी वर्गों के उत्थान के लिए है

मप्र में अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ने के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों के विकास, कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का संचालन में भी बढ़ोतरी हुई है। जनजातीय एवं अनुसूचित जाति समाज के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण के कार्यक्रम, महिलाओं को अधिकार देने, उद्योग एवं व्यापार को बढ़ावा देने के लिए नियमों को सरल बनाकर उनका पालन आसान करने, कृषि में तकनीक का समावेश तथा खाद्य प्रसंस्करण के माध्यम से कृषकों की आय बढ़ाने के उपाय करने जैसे कई प्रयास सुशासन के अप्रतिम उदाहरण बनकर सामने आए हैं।

### प्राथमिक क्षेत्रों का योगदान 45.53 फीसदी रहा

प्रचलित भावों पर वर्ष 2023-24 में प्राथमिक क्षेत्र का योगदान 45.53% रहा जो इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है। द्वितीयक क्षेत्र का योगदान 18.47% रहा है। तृतीयक क्षेत्र का प्रचलित भावों पर वर्ष 2023-24 में योगदान 36% रहा है। स्थिर मूल्यों पर यह वर्ष 2023-24 में 39.64% हुआ है, जो सेवा क्षेत्र में मजबूती को दर्शाता है। सेवा क्षेत्र में निरंतर निवेश और सुधार से तृतीयक क्षेत्र की ओर से राज्य की आर्थिक प्रगति में अधिक योगदान की संभावना है।

### जन धन योजना में अब तक 4.29 करोड़ से अधिक लाभार्थी

प्रधानमंत्री जन धन योजना के माध्यम से प्रदेश में अब तक 4.29 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को बैंकिंग की सुविधाओं से लाभान्वित किया है। सरकार ने बैंकिंग सेवाओं को सुलभ एवं कृषि, उद्योग एवं अन्य क्षेत्रों हेतु ऋण विस्तार के प्रयास किए जा रहे, फलस्वरूप वर्ष 2005-06 से वर्ष 2023-24 तक कृषि ऋण में 16.4% सीएजीआर की वृद्धि एवं एमएसएमई क्षेत्र में 33.85% सीएजीआर की वृद्धि हुई है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना

शहरी में प्रदेश में 9.50 लाख आवास स्वीकृत हुए हैं, जिसमें से 7.50 लाख आवास पूरे हो चुके हैं। इसके अलावा 3.56 करोड़ लाभार्थियों को डिजिटल आयुष्मान कार्ड जारी करने वाला देश का पहला राज्य है। पीएम स्वनिधि योजना के प्रथम चरण में 8.30 लाख शहरी पथ विक्रेताओं को 827.85 करोड़ रूपए का ऋण वितरित कर राज्य ने देश में पहला स्थान पर है। वर्ष 2004 से 2024 के बीच में पारंपरिक ऊर्जा उत्पादन में 270.47 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। देश के कुल सौर उर्जा उत्पादन में मध्य प्रदेश 8.2 प्रतिशत का योगदान देता है और इस दृष्टि से देश में चौथे स्थान पर है।



## जयवर्धन ने नर्सिंग घोटाले के मुद्दे को सदन में उठाया



कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने सदन में ध्यानाकर्षण के जरिए नर्सिंग कॉलेजों के फर्जी मान्यता पर तत्कालीन मंत्री से इस्तीफे तक की मांग की। उन्होंने तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा मंत्री के एक पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि मंत्री की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें कहा गया कि 2019-20, 202021, 2021-22 में जिन कॉलेजों को मान्यता नहीं दी गई है उनको संबद्धता देना चाहिए। उसके आठ दिन बाद ही कुलपति और रजिस्ट्रार ने हिमालय नर्सिंग कॉलेज को संबद्धता दे दी। हिमालय नर्सिंग कॉलेज के संचालक और प्राचार्य नर्सिंग कॉलेज घोटाले के मामले में जेल में है, इससे स्पष्ट है कि कॉलेज फर्जी था, उसके बावजूद मंत्री के दबाव में संबद्धता दी गई। कांग्रेस सदस्य सिंह ने फर्जी रजिस्टरों की नियुक्तियों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि तत्कालीन मंत्री के कार्यकाल में फर्जी तरीके से नर्सिंग रजिस्ट्रार की नियुक्ति की गई, जिसमें चंद्रकला दिवगैया और सुनीता शिजू को बर्खास्त कर दिया गया। तत्कालीन प्रशासन डॉ. योगेश शर्मा और तत्कालीन रजिस्टर स्टेला पीटर पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। फर्जी नर्सिंग कॉलेज को संबद्धता देने में विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक खंडेलवाल और रजिस्ट्रार पुष्पराज बघेल ने मुख्य भूमिका निभाई थी, लेकिन अभी तक उन दोनों पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। इससे सरकार की मंशा स्पष्ट होती है कि सरकार नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़ा के दोषियों को बचाना चाहती है। इस मामले में कार्रवाई होना चाहिए।

## 2016 में 387 दैवेभो व 32 संविदा कर्मियों का किया नियमितीकरण, प्रक्रिया लगातार चल रही: मंत्री गौर



विधानसभा में मंगलवार को दैनिक वेतन भोगियों (दैवेभो) व संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण का मुद्दा देवेंद्र सखवार ने उठाया। उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर दैनिक वेतनभोगी व संविदा कर्मचारी विभिन्न विभागों में काम कर रहे हैं, पर सरकार के पास स्पष्ट नीति नहीं होने की वजह से उनका नियमितीकरण नहीं हो पा रहा है। बड़ी संख्या में ऐसे कर्मचारी हैं, जो रिटायरमेंट के नजदीक हैं। वे कई कई वर्षो से काम कर रहे हैं। सरकार उन पर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने पूछा कि दैवेभो के नियमितीकरण की क्या योजना है, अब तक में कितने कर्मचारी नियमित किए गए। इसके जवाब में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने कहा कि 16 मई 2007 को नियमितीकरण करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि नीति निर्धारण के साथ भर्ती नियमों के साथ दैवेभो के नियमितीकरण का आदेश जारी किया गया था। इसके बाद 2023 में स्पष्ट नीति बनी। उन्होंने कहा कि लगातार नियमितीकरण किया जा रहा है। उन्होंने सदन को बताया कि 2016 में 387 दैवेभो व 32 संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण किया गया। इसकी प्रक्रिया लगातार चल रही है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद नियमितीकरण कर दिया जाता है। ऐसे में यह आरोप गलत है कि नियमितीकरण नहीं किया जा रहा है।

### हिंदुओं का अपमान करना कांग्रेस का चरित्र: प्रदेश अध्यक्ष पंवार

## भारतीय जनता युवा मोर्चा ने प्रदेशभर में प्रदर्शन कर फूंके राहुल गांधी के पुतले

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सोमवार को संसद में हिन्दु समाज को लेकर दिए गए बयान के विरोध में मंगलवार को प्रदेश भर में प्रदर्शन कर पुतला जलाया गया।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार के नेतृत्व में भोपाल में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन कर राहुल गांधी का पुतला फूंककर हिंदू समाज को हिंसक बताने वाले बयान का विरोध जताया। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार के नेतृत्व में भोपाल में शिवाजी नगर चौराहे के पास कांग्रेस प्रदेश कार्यालय के पास राहुल गांधी के बयान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया।

### हिंदू समाज से माफी मांगे राहुल



इस दौरान वैभव पंवार ने कहा कि संसद के अंदर हिंदू समाज को हिंसक बताना राहुल गांधी की हिन्दुओं के प्रति नफरत को जगजाहिर कर रहा है। पंवार ने कहा कि हिंदू समाज के प्रति घृणा से भरा राहुल गांधी का बयान अत्यंत निंदनीय और अपमानित करने वाला है। पूरा युवा मोर्चा इसका विरोध करता है। पूरे प्रदेश में मोर्चा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के पुतले फूंके हैं। राहुल गांधी को बगैर देर किए हिंदू समाज से माफी मांगनी चाहिए नहीं तो हिंदू समाज जगह-जगह प्रदर्शन करेगा। पंवार ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी चुनावी हिंदू हैं। उनका हिंदू धर्म से कोई लेना-देना नहीं है। चुनाव के समय यह लोग कोट और कुर्ते के ऊपर जनेऊ पहनकर हिंदू दिखने का ढोंग करते हैं। हिंदुओं का अपमान करना और तुष्टिकरण की राजनीति करना राहुल गांधी और कांग्रेस का असली चाल और चरित्र है। उन्होंने कहा कि हिंदू भारत का मूल समाज है, भारत की आत्मा है। हिंदू समाज सर्वे भवन्तु सुखिनः का पाठ पढ़ता है हिंसक नहीं होता।

## राहुल गांधी का बयान इंडी गठबंधन के सनातन विरोधी एजेंडे का हिस्सा: पटेल



*'हिंसक हिंदू' कहकर सनातन को अपमानित कर रहे राहुल गांधी*

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने लोकसभा में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा दिए गए वक्तव्य की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को हिंसक बताया जाना कांग्रेस और इंडी गठबंधन के सनातन विरोधी हिडन एजेंडे का हिस्सा है।

ऐसा कर राहुल गांधी ने एक बार फिर सनातन को अपमानित करने का प्रयास किया है, जिसके विरोध में देश भर में गुस्सा है। पटेल मंगलवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे।

### संसदीय नियमों का अपमान

पटेल ने कहा कि राहुल गांधी ने सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर चर्चा के दौरान संसदीय नियमों और परंपराओं का अपमान किया है। पटेल ने कहा कि दुनिया में अगर अहिंसा, सद्भाव और वसुधैव कुटुंबकम को लेकर किसी का नाम लिया जाता है, तो वह सनातन संस्कृति ही है।

### बयानबाजी झूठी, आचरण आपत्तिजनक

मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि राहुल गांधी ने अपने भाषण में न केवल हिंदुओं का घोर अपमान किया, हिंदुओं को हिंसक, नफरती और झूठा बताया, बल्कि अग्निवीर, किसान, अयोध्या, माइक-सभी मामलों पर झूठ और केवल झूठ बोला।

### सीएम से भेंटकर सौंपी तस्वीर, पीएम मोदी भी सोशल मीडिया पर करते हैं फॉलो

## केबीसी में जाने की तैयारी कर रहे दिव्यांग आयुष ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की तस्वीर बनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

खरगोन जिले के बड़वाह निवासी दिव्यांग युवक आयुष कुंडल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को विधानसभा स्थित कक्ष में तस्वीर भेंट की। खास बात यह है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की तस्वीर बनाने वाले आयुष ने ये तस्वीर पैरों से बनाई है।

वो चित्रकला में दक्ष है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी उनकी तस्वीर बनाकर भेंट कर चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतिभावान कलाकार को शाबाशी देते हुए एक लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि देने को कहा है।

### अमिताभ बच्चन से कर चुका मुलाकात

आयुष की मां का कहना है कि जीवन में उसके पांच सपने थे, जिसमें चार पूरे हो चुके है। आयुष अमिताभ बच्चन से मिलने का अपना सपना भी पूरा कर चुका है। वहीं अब उसका कौन बनेगा करोड़पति में जाने का सपना है। इसकी वो तैयारी कर रहा है। सोशल मीडिया पर पीएम नरेंद्र मोदी सहित कई सांसद उसके फॉलोअर है।

### शासन देगा प्रति वर्ष 15 करोड़, चार वर्ष में मिलेगी कुल 60 करोड़ रुपए की राशि

## विधायक अपने विधानसभा के विकास के लिए बनाएंगे चार साल का रोडमैप

### सीएम ने चंबल एवं ग्वालियर संभाग के विधायकों की ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र में विकास कार्य के लिए 4 साल का समय शेष है। विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र में जनता के बीच पहुंच कर विकास कार्य व्यवस्थित तरीके से करें।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भावना के अनुरूप सभी कार्यों का क्रियान्वयन हो। चार साल का रोडमैप बनाएं। राज्य शासन की ओर से विधानसभा क्षेत्र के विकास लिए चार साल में 60 करोड़ की राशि दी जाएगी। हर साल 15 करोड़ की राशि उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास के समत्व भवन में चंबल एवं ग्वालियर संभाग के विधायकों की संभागवार बैठक ले रहे थे। बैठक में संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के विधायक मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में जल गंगा अभियान के अंतर्गत किए गए कार्यों की भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि राशि खर्च करने के लिए वर्ष 2028 तक का योजना का रोडमैप तैयार कर ली जाए। नगरीय निकाय और जनपद पंचायतों के अंतर्गत जनता से सीधे जुड़ी योजनाओं को अच्छी तरह से क्रियान्वित करें। जनता से जुड़े सभी अभियानों में बेहतर योगदान दें। सबका विकास होगा तो प्रदेश का विकास होगा। जनता की समस्याओं के निकराकरण के लिए लगातार शिविर लगाए जाएं। स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य हों।

### स्वस्थ्य पशु अपने घरों में रखें, लावारिस और अपाहिज गो-वंश को गोशालाओं में

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार गौ-शालाओं के संचालन के लिए प्रति गाय 40 रुपए की राशि प्रतिदिन के मान से उपलब्ध कराएगी। गो-शालाएं अच्छी तरह चलें। स्वस्थ्य पशु अपने घरों में रखें, लावारिस और अपाहिज गो-वंश को गोशालाओं में जरूर रखा जाए। गो-शाला संचालन का जनता के बीच अच्छा संदेश जाए। अपनी विधान सभा के लिए लीडर के रूप में अपनी छबि बनाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पुलिस के कानूनों में एक जुलाई 2024 से जो बदलाव हुए हैं। उनकी जानकारी आमजन को कार्यक्रमों के माध्यम से दी जाए। बदली गई धाराओं से नागरिकों को अवगत कराया जाए।

### सभी ग्रामों की पेयजल योजनाएं राज्य सरकार से स्वीकृत की जा चुकी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर संभाग की सभी ग्रामों की पेयजल योजनाएं राज्य सरकार से स्वीकृत की जा चुकी हैं। कोई भी ग्राम छूटा नहीं है। समूह जल प्रदाय योजनाओं से कई गांव लाभान्वित हो रहे हैं। पेयजल योजना ठीक से संचालित हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्वालियर-चंबल संभाग में बंद पड़ी नल-जल योजनाओं को चालू किया जाए। कोई भी योजना बंद न रहे। गांव में पीने के पानी की समस्या न हो। भू-जल स्तर बढ़ाने के कार्य हों। जो भी कार्य हाथ में लें उसे पूरा जरूर करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेयजल योजनओं की मानिटरिंग करें। शिकायतों को जांच कर दूर करें। आयुष्मान योजना का लाभ हितग्राहियों को मिले। अपनी विधानसभा में स्वेच्छानुदान राशि से निःशुल्क चश्में बांटने का काम हो।

### अभियान के अंतर्गत अधिकाधिक पौधरोपण का कार्य हो

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रत्येक विधान सभा में पौध-रोपण का अभियान के तहत अधिकाधिक पौधे रोपने का कार्य हो। किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए फसल चक्र सुधारना चाहिए, अधिक आय देने वाली फसलों को बढ़ावा दें। दुग्ध उत्पादन के लिए डेयरी उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आगामी त्यौहार रक्षाबंधन पर अभियान चला कर बहनों से राखी बंधवाएं। जन्माष्टमी पर भी जनता से जुड़े रहने के लिए लड्डू गोपाल बटवाएं। स्कूल आंगनबाड़ी में जाएं। हॉस्पीटल और स्कूलों की मानिटरिंग कर देख लें कि कहीं भी अतिक्रमण न हो।

### बंटवारा, नामांतरण और सीमांकन का अभियान चलाकर कार्य हो

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बंटवारा, नामांतरण और सीमांकन का अभियान चलाकर कार्य हो। रोजगार आधारित कार्य को प्राथमिकता दें। जिला प्रशासन से मिलकर रोजगार के कार्यों को बढ़ाया जाए। ट्रांसफार्मर संबंधी समस्याएं हल हों। जनता से जुड़ी समितियों की बैठकें नियमित हों। एक जिला-एक उत्पाद को बढ़ावा दिया जाए। इस बात का प्रयास किया जाए कि क्षेत्र में कुटीर उद्योगों को बढ़ावा मिले। विधायक अपने कार्यालयों का सुदृढ़ीकरण करें। इसके लिए 5 लाख रुपए की राशि उपलब्ध कराई जाएगी। सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार बढ़ाया जाए।

### योजना के कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करें

## कान्ह नदी के व्यपवर्तन के कार्य समय सीमा में पूर्ण हों, क्षिप्रा नदी हर हाल में हो प्रदूषण मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में बैठक में सिंहस्थ-2028 के लिए प्रस्तावित कार्य योजना के अंतर्गत क्षिप्रा नदी को प्रदूषणमुक्त बनाने की योजना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घाटों के निर्माण में ऐसे पत्थर एवं सामग्री का उपयोग करने के निर्देश दिए जो दीर्घकाल तक उपयोगी हों।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में कान्ह नदी के व्यपवर्तन, कान्ह नदी पर 11 बैराजों के निर्माण, सिंहस्थ के लिए क्षिप्रा नदी में निरंतर जल प्रवाह योजना और क्षिप्रा नदी पर प्रस्तावित 18 बैराजों के निर्माण और क्षिप्रा नदी पर स्नान आदि के बेहतर प्रबंध के लिए घाटों के निर्माण तथा विकास के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

### स्थानीय लोगों को परेशान न हों

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी कार्यों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। यह भी ध्यान रखा जाए कि निर्माण कार्य चलने से स्थानीय निवासियों को कोई असुविधा न हो। बैठक में पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन से कार्यों की प्रगति का विवरण दिया गया। इसके अंतर्गत क्षिप्रा नदी पर प्रस्तावित संरचनाओं, प्रस्तावित बैराजों के निर्माण तथा आवश्यक घाटों के निर्माण से संबंधित जानकारी दी गई। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, मुख्य सचिव वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय एवं जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास विभाग डॉ. राजेश राजौरा, मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ला उपस्थित थे।

7 गिरोह के सरगना को फर्जी सिम उपलब्ध...

12 'एक पेड़ मां के नाम' को आगे बढ़ाते हुए राजधानी के...




## सभी चौराहे सुधारने के साथ ही स्ट्रीट वेंडर को रहेगी अनुमति, इनके लिए नए हॉकर्स कॉर्नर बनाए जाएंगे

*शहर को सुंदर बनाने के लिए तालाब और बगीचे सुधारे जाएंगे, नई स्ट्रीट लाइट लगेंगी*

# शहर सरकार के बजट में गुमठी रहित शहर, लघु खेल परिसर और मिनी स्पोर्ट्स सेंटर बनाने का प्रावधान

महापौर मालती राय ने दिया बजट भाषण, नगर निगम के बजट में राजधानी की यातायात व्यवस्था में सुधार और लोगों को सुरक्षित एवं सुविधायुक्त आवागमन की व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के बजट में गुमठी रहित शहर व लघु खेल परिसर और मिनी स्पोर्ट्स सेंटर बनाने का प्रावधान किया गया है। बजट को लेकर परिषद की बैठक में पार्षदों ने शहर में लगातार बढ़ रही गुमठियों व अतिक्रमण को लेकर चिंता जताई थी। इसके बाद महापौर मालती राय ने आयुक्त हरेंद्र नारायण को निर्देशित किया कि पूरे शहर को गुमठी रहित बनाने के प्रयास शुरू कर दिए जाएं। इनकी जगह स्ट्रीट वेंडर को सहयोग दिया जाएगा। साथ ही पुराने हॉकर्स कॉर्नर सुधारने के साथ ही नए हॉकर्स कॉर्नर बनाए जाएंगे। वहीं शहर को सुंदर बनाने के लिए तालाब और बगीचे सुधारे जाएंगे और नई स्ट्रीट लाइट लगेंगी।

महापौर मालती राय ने बजट भाषण पढ़ते हुए बताया कि शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार व नागरिकों को सुरक्षित एवं सुविधायुक्त आवागमन की व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। जबकि मितव्ययता एवं पर्यावरण संरक्षण और डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल्स खरीदने के लिए 10 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

वहीं मुख्यमंत्री शहरी अद्योसंरचना विकास योजना फेस-4 के लिए 50 करोड़ रुपए का प्रावधान इस वर्ष से बजट में किया है। शहर के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर बेहतर प्रकाश की उचित व्यवस्था रहे, इसके लिए 15 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

### खास बातें

- कचरा कलेक्शन इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने 10 करोड़ का प्रावधान
- मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना फेस-4 के लिए 50 करोड़ का प्रावधान
- नई स्ट्रीट लाइट भी लगाई जाएगी



### नगर निगम बजट

#### व्यक्तिगत नल कनेक्शन

पिछले बजट में अभिभाषण के दौरान महापौर राय ने कहा था कि बल्क की जगह व्यक्तिगत नल कनेक्शन देने की दिशा में काम करेंगे। मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार निजी कॉलोनियों में व्यक्तिगत नल कनेक्शन दिए जाएंगे। इसमें 379 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

**हर कॉलोनी में पार्क:** भोपाल की हर कॉलोनी में एक पार्क का कॉन्सेप्ट भी होगा। बड़े व बच्चे सभी यहां घूमने पहुंच सके। इसके लिए 10 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया था।

#### तालाबों के किनारे विसर्जन घाट

निगम बजट के अनुसार शहर की पहचान और सुंदरता के लिए शहर के तालाबों, जल संग्रहण क्षेत्रों के संरक्षण एवं संधारण के लिए 50 करोड़ रुपए रखे गए हैं। वहीं तालाबों के किनारे स्थित विसर्जन घाटों के विकास के लिए 25 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।

#### निधन के बाद भी हर माह निकल रहा वेतन

वार्ड 35 की पार्षद ने आरोप लगाया कि वार्ड में सफाई कर्मी जायसवाल का निधन हो चुका है। उसके बाद भी उसका वेतन हर माह निकल रहा है। इस संबंध में जब जायसवाल के फोन पर कॉल किया तो जोनल अधिकारी ने फोन उठाया। उन्होंने गंभीर मामला बताया तो महापौर व अध्यक्ष ने आयुक्त नगर निगम को निर्देश किया कि गंभीरता से इसकी जांच होनी चाहिए।

#### अतिक्रमण का मुद्दा

भारतीय जनता पार्टी के पार्षद रेहान मंसूरी ने भी शहर में हो रहे अतिक्रमण का मुद्दा उठाया। वहीं कांग्रेस के सीनियर पार्षद योगेंद्र सिंह गुड्डू चौहान ने कहा कि नकल में भी अकल होना चाहिए। ऐसा लगता है कि अफसरों ने पिछले नगर निगम के बजट की फोटो कॉपी करके दे दी है। कुछ भी बदलाव नहीं किया गया है।

#### पुराने शहर से संपति कर नहीं आ रहा है

प्रॉपर्टी टैक्स पर एमआईसी मेंबर मनोज राठौर ने कहा कि पुराने शहर से संपति कर नहीं आ रहा है। पार्षद चाहते तो हैं कि सुविधा बढ़े, ज्यादा राशि खर्च की जाए, लेकिन संपति कर जमा नहीं करवा रहे। यदि वे ऐसा कर देंगे तो मैं अपनी निधि उस वार्ड में खर्च कर दूंगा। इस पर अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी बोले कि निगम अभियान चलाकर संपति कर जमा करवाएं।

#### कांग्रेस ने उठाया भ्रष्टाचार का मुद्दा

कांग्रेस के पार्षद मोहम्मद सरवर ने भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि बड़ी फर्म को फर्जी तरीके से टेंडर दिए जा रहे हैं। लेखा शाखा में गड़बड़ हो रही है। इस मुद्दे पर एमआईसी मेंबर जितेंद्र शुक्ला से बहस भी हुई। पार्षद पप्पू विलास ने मांग की कि 1 लाख रुपए तक के बिना अनुदान के काम हो।

#### इस बार बच्चों के लिए बजट में यह व्यवस्था

बच्चों व युवाओं के शारीरिक और बौद्धिक विकास के लिए उन्हें खेलकूद की गतिविधियों में सम्मिलित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में लघु खेल परिसर व मिनी स्पोर्ट्स सेंटर बनेगा। इसके लिए 50 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की है। शहर में विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए सर्वसुविधायुक्त विद्यालयों की व्यवस्था के लिए शिक्षा उपकर की मद से 271 करोड़ 50 लाख रुपए से अधिक राशि का प्रावधान किया है। निगम कर्मचारियों की कक्षा 10वीं एवं 12वीं में मैरिट प्राप्त करने वाली बालिकाओं को प्रोत्साहित करने के लिए योजना बनाई है। इसके तहत निगम कर्मचारियों के कक्षा 10वीं एवं 12वीं में मैरिट प्राप्त करने वाले बालक-बालिकाओं को 5-5 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में भेट करने का प्रावधान नगर निगम के बजट में किया गया है।

#### एमआईसी मेंबर रवीन्द्र यति ने कहा

प्रॉपर्टी टैमुद्दे पर एमआईसी मेंबर रविन्द्र यति ने विपक्ष के उन पार्षदों पर तीखा हमला किया, जो पार्षद निधि बढ़ाने की बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भोपाल में दो कानून नहीं रहने देंगे। क्या भोपाल भारत-पाकिस्तान है। 80 प्रतिशत प्रॉपर्टी टैक्स वसूलते हैं, लेकिन कई वार्ड ऐसे हैं, जहां पर सिर्फ 5 प्रतिशत टैक्स ही मिल रहा। जबकि वार्ड के लिए पर्याप्त राशि मिलती है। अब ऐसा नहीं होने देंगे। यदि किसी वार्ड ने पैसा वसूला है तो राशि उसी वार्ड में ही खर्च होगी।



#### नहीं बने मीट मार्केट

शहर में पांच हजार से ज्यादा मीट दुकानें हैं। कई ऐसी जगहों पर हैं, जहां से कुछ दूरी पर ही मेन रोड, मंदिर या स्कूल कॉलेज हैं। इसलिए कवर्ड मीट मार्केट और स्मार्ट फिश मार्केट बनाने का वादा था। इसमें साढ़े 4 करोड़ रुपए रखे गए थे।

#### झील महोत्सव

बड़ा तालाब भोपाल की शान है। हर साल झील महोत्सव मनाया जाता है। इस बार महोत्सव पर 25 लाख रुपए खर्च करने का वादा हुआ था। प्रेमपुरा घाट का 3 करोड़ रुपए में जीर्णोद्धार करने और अन्य घाटों को भी सुधारने का वादा था।

#### गुरुनानक देव कॉरिडोरर

पिछले बजट में महापौर ने कहा था कि सिखों के प्रथम गुरु गुरुनानक देव करीब 500 साल पहले भोपाल आए थे। इसलिए गुरुनानक कॉरिडोर के सौंदर्यीकरण के लए दो करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। बजट की यह घोषणा अब तक पूरी नहीं हुई है।

#### चौराहों के लिए भी बजट में राशि थी

चौराहों पर 9 करोड़ रुपए से सिग्नल, ब्लिंकर्स बनाने का प्लान था। रोड संकेतक बोर्ड रिफ्लेक्टर, जेबरा क्रॉसिंग आदि के लिए भी दो करोड़ रुपए रखे थे। चौराहों पर विकास के लिए साढ़े 5 करोड़ रुपए का खर्च होना बताया था। ये काम भी नहीं हो सके हैं।

#### बच्चों के लिए मिनी स्पोर्ट्स सेंटर

बजट में मिनी स्पोर्ट्स सेंटर का निर्माण करने के लिए 5 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान रखा था। ये स्पोर्ट्स सेंटर भी नहीं बने हैं। बजट में निगम अध्यक्ष निधि को 2 करोड़ रुपए रखने का प्रावधान है। महापौर के लिए यह राशि 5 करोड़ रुपए है।

#### नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी का आरोप

नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी का कहना है कि बजट में कुछ भी नया नहीं है। पिछले साल के बजट के बिंदुओं के नंबर बदले गए हैं। महापौर ने पिछले बजट और अंतरिम बजट का हिसाब नहीं दिया। जो 700 करोड़ रुपए लैप्स हुए हैं। बजट में उसका जिक्र नहीं किया।

# दो बच्चियों को शादी के लिए भोपाल से ले जाकर राजस्थान में बेचा, एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म

*गिरोह की दो महिलाएं और राजस्थान का तस्कर युवक गिरफ्तार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में मानव तस्करी का एक बड़ा मामला सामने आया है। बागसेवनिया इलाके में सप्ताह भर पूर्व 14 वर्ष की दो नाबालिग बच्चियां गायब हुई थी। बागसेवनिया थाने में परिजनों ने अपहरण का केस दर्ज कराया था। इस मामले में मानव तस्करी का खुलासा हुआ है। पुलिस ने राजस्थान से बच्चियों को बरामद कर दो महिलाओं सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, बागमुगालिया में रहने वाली संगीता और नजमा नाम की दो महिलाएं विगत 26 जून को दो बच्चियों को एक शादी में शामिल होने का झांसा देकर राजस्थान ले गई थी। बच्चियां घर नहीं लौटी तो परिजनों ने बागसेवनिया थाने में अपहरण का मामला दर्ज कराया।

पुलिस ने इस मामले में जांच की तो राजस्थान के झालावाड़ में बच्चियों के होने का लिंक मिला। पुलिस राजस्थान के झालावाड़ पहुंची तो मानव तस्करी के मामले का खुलासा हुआ।

### राजधानी में बच्चियों की मानव तस्करी

- रैकेट चलाने वाले पति और पत्नी फरार
- मानव तस्करी, अपहरण, पाक्सो और दुष्कर्म की धाराओं में केस दर्ज



#### भाई को कॉल कर बताई आपबीती

इस मामले में एक नाबालिग बच्ची ने किसी तरह अपने भाई को फोन पर मामले की सूचना दी थी और अपने साथ हुए घटनाक्रम को बयां किया। इसके बाद परिजनों ने बागसेवनिया थाने में संपर्क किया। तब पुलिस को बड़ा लिंक मिला। पुलिस की एक टीम तत्काल राजस्थान रवाना की गई। यहां पुलिस ने बच्चियों को बरामद कर आरोपी महिलाओं संगीता नजमा व युवक दुर्गालाल लोधा को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस को निशातपुरा में रहने वाली सुनीता नाम की महिला और उसके पति राम सिंह की संलिप्तता होने का खुलासा हुआ है, लेकिन दोनों मामले की भनक लगते ही फरार हो गए। पता चला है कि दंपत्ति मानव तस्करी का रैकेट संचालित कर रहे हैं।

#### डेढ़ लाख में एक बच्ची का सौदा

पुलिस ने बच्चियों से बात की तो खुलासा हुआ कि महिलाएं उनको झांसे में लेकर राजस्थान आई और इधर एक बच्ची की जबरदस्ती डेढ़ लाख रुपए में बेच दिया और उसकी शादी करा दी। इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म भी हुआ। मानव तस्कर दूसरी बच्ची को बेचने की फिराक में थे, लेकिन पुलिस झालावाड़ पहुंच गई। डीजीपी जोन टू श्रद्धा तिवारी का कहना है कि पकड़े गए आरोपियों पर मानव तस्करी, अपहरण, पास्को और दुष्कर्म की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। मामला 28 जून को कायम हुआ है, इसलिए इसमें नवीन कानून की धाराएं नहीं लगी है।

*गोशाला में इंतजाम देखने पहुंचे कलेक्टर गायों का होगा स्वास्थ्य चेकअप*

# पानी की टंकियों के आसपास लगेंगे पौधे, गड्ढे नहीं करने पर दो को नोटिस

- *नगर निगम अफसरों को दी नालों की सफाई पर नजर रखने की हिदायत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांवों में पानी, साफ-सफाई, गोशालाओं के हालात, सड़कें और पौधरोपण के हाल जानने मंगलवार को कलेक्टर विक्रम सिंह निकले। धमर्रा गांव में पानी की टंकी के आसपास पौधरोपण के लिए गड्ढे नहीं करने पर कलेक्टर ने पीएचई के एसडीओ ओमप्रकाश तिवारी और सब इंजीनियर देवेंद्र को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांवों में पानी की टंकियों के आसपास पौधरोपण किया जाना चाहिए। उन्होंने गुनगा स्थित मणिखेड़ी में पंचायत द्वारा चलाई जा रही गोशाला देखी। यहां 96 गाय दर्ज थीं, लेकिन मौके पर 25 गाय मिलीं।

कलेक्टर ने गायों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि एनजीओ को गोशाला की जिम्मेदारी दी जाए, जिससे उनकी अच्छे से देखरेख की जा सके। कलेक्टर सबसे पहले जेपी अस्पताल स्थित नाले की सफाई देखने पहुंचे, जहां उन्होंने अपर आयुक्त निधि सिंह को हिदायत दी कि वह नालों की सफाई पर निगरानी रखें, इसके साथ जहां भी बारिश के पानी से जलभराव के हालात बनते हैं, वहां निगम जल निकासी का पहले ही इंतजाम करे।




#### गोशाला में 96 की जगह मिलीं 25 गाय

गुनगा के मनीखेड़ी गोशाला में 96 की जगह 25 गाय ही मिली। संचालक ने बताया कि गाय चरने जंगल गई हैं। कलेक्टर ने संचालक पशु चिकित्सालय को बुधवार रिपोर्ट देने को कहा है। जिसमें बताया जाए कि यहां पर कहां से कितनी गाय आई थीं। यह गोशाला साल 2021 में करीब 30 लाख रुपए की लागत से बनाई गई थी। वर्तमान में इस गोशाला का संचालन पंचायत कर रही है।

#### सरकारी जमीन पर बनेगा तालाब

कलेक्टर ने धमर्रा में सरकारी जमीन पर तालाब बनाने की बात कही। उन्होंने पंचायत सरपंच सहित अधिकारियों से कहा कि गांव में तालाब का निर्माण किया जाए, जिससे गांव का वाटर लेबल बढ़ाया जा सके। उन्होंने तालाब निर्माण में जनसहयोग लेने की बात भी कही।

#### पेयजल आपूर्ति की ग्रामीणों से ली जानकारी

कलेक्टर गुनगा स्थित धमर्रा पहुंचे, जहां गोशाला के निरीक्षण के बाद उन्होंने गांव के लोगों से नलजल योजना से आने वाले पानी के बारे में जानकारी ली। उन्होंने गांव के लोगों से पूछा कि यहां पेयजल में किसी तरह की दिक्कत तो नहीं है। जिस पर गांव के लोगों ने बताया कि पानी नियमित सप्लाई किया जाता है।

## पुलिस ने अपहरण की धाराओं में दर्ज की एफआईआर, बालिका गृह में सुरक्षा व्यवस्था नहीं

# बालिका गृह की जाली तोड़कर गायब हुई चार लड़कियां सीसीटीवी में कैद

*मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने किया बालिका गृह का निरीक्षण*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेहरू नगर स्थित बालिका गृह से खिड़की की जाली तोड़कर गायब हुई चार नाबालिग बालिकाओं के मामले को लेकर मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने मंगलवार को निरीक्षण किया।

निरीक्षण के बाद आयोग ने माना कि बालिका गृह में सुरक्षा व्यवस्था की कमी है। दो महिला पुलिस आरक्षक तैनात होने चाहिए, लेकिन घटना के दिन एक भी नहीं थी। सिर्फ एक चौकीदार था। यहां तक कि बालिका गृह में अधीक्षिका आकांक्षा तोमर भी उपस्थित नहीं थी। आयोग ने जांच प्रतिवेदन में लिखा है कि बालिका गृह में पुलिस आरक्षकों की तैनाती की जाए। आयोग के सदस्य अनुराग पांडेय, निवेदिता शर्मा, ओंकार सिंह, डॉ. निशा श्रीवास्तव की टीम ने निरीक्षण किया और वहां उपस्थित बालिकाओं से बातचीत की। यहां 16 बालिकाएं मिली। घटना सोमवार तड़के करीब पांच बजे की बताई गई है। प्रार्थना के समय गिनती करने पर जब चार बालिकाएं कम निकलीं तो उनकी तलाश शुरू की गई। आसपास तलाश करने के बाद भी जब उनका कुछ पता नहीं चल पाया तो प्रबंधन ने थाने जाकर चारों शिकायत दर्ज कराई।

#### शबरी नगर के सीसीटीवी में नजर आईं बालिकाएं

कमला नगर थाने की टीआई निरूपा पांडेय के अनुसार, इलाके में लगे सीसीटीवी खंगालने पर चारों बालिकाएं सीधे रास्ते में चलने के बजाए घूम-फिरकर जाते हुए दिखाई दी हैं। शबरी नगर, डी सेक्टर नेहरू नगर और साईं मंदिर के पास लगे कैमरों में उन्हें देखा गया है। इसके अलावा पुलिस बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों पर लगे कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। भागने वाली दो नाबालिग विदिशा जबकि बाकी दो भोपाल की बताई गई हैं। गायब होने वाली एक लड़की की उम्र 14 साल और तीन लड़कियों की उम्र 16 साल है। यह सभी लड़कियां एक से छह महीने में यहां आई थी।

#### बालिका गृह से 4 लड़कियां गायब होने के मामले में कलेक्टर और डीपीओ को जांच के निर्देश

- मप्र मानव अधिकार आयोग ने लड़कियों के गायब होने पर लिया संज्ञान

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल में बालिका गृह से चार लड़कियां लापता होने के मामले में कलेक्टर एवं महिला एवं बाल विकास अधिकारी को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही नेहरू नगर बालिका गृह से गायब चार लड़कियों के संबंध में प्रबंधन की उपेक्षा, सुरक्षा व्यवस्था में त्रुटि के संबंध में तथ्यात्मक प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि बालिका गृह के पीछे की तरफ वाले कमरे की खिड़की टूटी हुई पाई गई है। बच्चियां खुद से भागीं है या उनका अपहरण हुआ है, इस संबंध में पुलिस जांच में जुटी है।

# बच्चों को नशे से दूर रखने स्कूलों में बनेंगे प्रहरी क्लब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के स्कूली विद्यार्थियों को नशे से दूर रखने के लिए अब स्कूलों में प्रहरी क्लब का गठन होगा। इसमें बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों की सहभागिता होगी।

लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए है।

इस क्लब के सदस्य विद्यार्थियों को तंबाकू व अन्य प्रकार नशीले पदार्थों से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करेंगे। जागरुकता के लिए इस क्लब के कार्यक्रमों में अभिभावकों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

प्रत्येक क्लब में 20 सदस्य होंगे। डीपीआई ने स्कूलों को निर्देश दिए हैं कि प्रहरी क्लब के नोडल या प्रभारी शिक्षकों का डेटा राष्ट्रीय बाल अधिकार आयोग के पोर्टल पर एक सप्ताह में दर्ज करना होगा।

## खबर संक्षेप

### ओप्पो ने पेश किया एथ्री प्रो स्मॉर्टफोन

नई दिल्ली। ओप्पो इंडिया ने ओप्पों ए3 प्रो के लांच की घोषणा की है, जो प्रीमियम डिजाईन के



साथ ऑल-राउंड एंड्योरेंस के लिए तैयार किया गया है। इस नए ए-सीरीज स्मार्टफोन में ड्रॉप एवं इंपैक्ट रजिस्टैंस के लिए डैमेजप्रूफ ऑल-राउंड आर्मर बॉडी, पानी एवं धूल के रजिस्टैंस के लिए आईपी54 सर्टिफिकेशन, और गीले हाथों से उपयोग के लिए स्प्लैश टच टेक्नोलॉजी है।

### ममता मशीनरी ने दाखिल किया डीआरएचपी

मुंबई । ममता मशीनरी लिमिटेड ने शेयर बाजार नियामक, सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया(सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। बीलाइन कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड इस इश्यू (बीआरएलएम) के लिए एकमात्र बुक रनिंग लीड मैनेजर है। इस ऑफर के उद्देश्य हैं (i) सेलिंग शेयरधारकों द्वारा 7,382,340 इक्विटी शेयरों की बिक्री के लिए ऑफर फॉर सेल को पूरा करना और (ii) स्टॉक एक्सचेंजों पर इक्विटी शेयरों को सूचीबद्ध करने का लाभ प्राप्त करना।

### नोवा ने की 36 करोड़ के निवेश की घोषणा

नई दिल्ली। नोवा एग्रीटेक लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ने बैठक में नोवा एग्री साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड में 100 रुपए की प्रत्येक फेसवैल्यू के 35,28,650 असुरक्षित वैकल्पिक कन्वर्टिबल डिबेंचर के लिए सदस्यता के द्वारा 36 करोड़ रुपए तक के इन्वेस्टमेंट को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने अपने कंसोलिडेटेड (समेकित) तिमाही और वार्षिक नतीजे पेश किए थे। कंपनी ने फाइनेंशियल ईयर 24 की चौथी तिमाही में 70.77 करोड़ रुपये का नेट सेल्स और 8.28 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट दर्ज किया।

परमवीर चक्र विजेता सूबेदार मेजर योगेंद्र सिंह यादव हुए शामिल

# एलन इंदौर ने किया कारगिल शहीदों के परिजनों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

देश आगे बढ़ रहा है, क्योंकि हम सुरक्षित है। कोई हैं जो हमारी सुरक्षा के लिए प्राणों की बाजी लगाकर हमें खुली हवा में जीने की आज़ादी दे रहे है। इस बलिदान को याद रखते हुए आइए, हम भी दूसरों के लिए जीना सीखें। अपने परिवार के साथ समाज और देश की सेवा का जज्बा मन में रखें, तभी जीवन सार्थक होगा। परमवीर चक्र विजेता सूबेदार मेजर ऑनरेरी कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव ने को एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट इंदौर की ओर से आयोजित शौर्य वंदन कार्यक्रम में शहीदों परिवारों के सम्मान के दौरान कही। समारोह में विद्यार्थियों को सीख देते हुए कैप्टन योगेंद्र ने कहा कि सेना का सम्मान देश का सम्मान है, जिस तरह एक योद्धा देश के लिए लड़ता है ठीक उसी तरह एक विद्यार्थी को भी देश को आगे ले जाने के लिए संकल्पित रहना चाहिए। पढ़ाई में भी टारगेट लेकर उसकी प्राप्ति के लिए पूरे प्रयास होने चाहिए।

## शहीदों के परिजनों को 11-11 हजार के चेक सम्मान स्वरूप किए भेंट



एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से इंदौर में कारगिल विजय के 25वें वर्ष के तहत शौर्य वंदन कार्यक्रम अभय प्रशाल इंदौर स्टेडियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कारगिल युद्ध में मध्यप्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के 6 शहीदों के परिजनों का सम्मान किया गया। इसमें रीवा से शहीद कमलेश पाठक, ग्वालियर से शहीद सरमन सिंह सेंगर, भिंड से शहीद सुल्तान सिंह नरवारिया, सीधी से शहीद बृजभूषण तिवारी, रीवा से शहीद कल्लू प्रसाद पांडे, इंदौर से शहीद दिलीप सिंह लिंगवाल के परिजन शामिल रहे। शहीदों के परिजनों को 11-11 हजार के चेक एवं सम्मान पत्र सौंपे गए। इस दौरान शहीदों के परिजनों ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान कई बार ऐसे क्षण भी आए जब हर किसी के आंख में आंसू आ गए। कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थियों ने खड़े होकर शहीदों के सम्मान में तालियां बजाई और परिजनों को सेल्युट किया। कार्यक्रम में इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी शामिल हुए और उन्होंने एलन के इस प्रयास को सराहा। उन्होंने कहा कि शौर्य का सम्मान और इससे विद्यार्थियों को अनुशासन और वीरता का पाठ पढ़ाने के ऐसे प्रयास होते रहने चाहिए।

### शहीदों को नमन कर किया परिजनों का सम्मानित

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एलन के निदेशक डॉ. बृजेश माहेश्वरी ने शहीदों को नमन करते हुए परिजनों का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट अपने सामाजिक सरोकार निभाने में आगे रहता है। कारगिल विजय के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शौर्य वंदन कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसके तहत पूरे भारत में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हम शिक्षा के साथ संस्कार देने में विश्वास रखते हैं। एक सैनिक के जीवन से विद्यार्थी बहुत कुछ सीख सकते हैं। मुख्य रूप से देने का भाव सीखना है, जिस तरह एक सैनिक देश के लिए जान देता है, उसी तरह एक विद्यार्थी को देश को आगे लाने के लिए सकारात्मक सोच रखनी चाहिए। अंत में एलन इंदौर के सेंटर हेड कमल शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक से पीछे है फिलहाल मध्यप्रदेश

# मप्र को अव्वल राज्य बनाने बजट में हों आवश्यक कार्य योजना के प्रावधान

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश प्रमुख कृषि उत्पादक राज्यों में से एक है। मध्यप्रदेश की आर्थिक स्थिति पिछले कुछ वर्षों में सुधार की दिशा में है, लेकिन फिर भी राज्य अन्य प्रगतिशील राज्यों जैसे गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक से पीछे है। अतः मध्यप्रदेश की आर्थिक स्थित को मजबूत बनाने और विकसित राज्यों मध्यप्रदेश को अव्वल बनाने के लिए शहर के औद्योगिक क्षेत्र, रियल एस्टेट, व्यापार-व्यवसाय से जुड़े लोगों ने डॉ. मोहन यादव सरकार के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा पेश किए जाने वाले बजट से अपेक्षाएं जताते हुए कहा कि मध्यप्रदेश का जीडीपी वर्ष 2024 में 11.5 लाख करोड़ रुपए का है। हालांकि जीएसडीपी में वृद्धि हो रही है, लेकिन अन्य राज्यों के मुकाबले यह वृद्धि कम है। अतः सरकार को मध्यप्रदेश की जीडीपी बढ़ाने पर विशेष जोर देना हो।

### रोजगार सृजन के लिए योजनाएं पेश करें




एआई, डेटा और विकास क्रम के शोधार्थी और अर्बन डेवलपमेंट रिसर्चर मनोज मीक के अनुसार मोहन सरकार को कृषि में सुधार और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में आवश्यक योजना बनानी होगी। प्रदेश सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार के लिए बजट बढ़ाए । निवेश आकर्षित करने और रोजगार सृजन के लिए योजनाएं पेश करे। परिवहन और बिजली आपूर्ति में सुधार के प्रयास तेज हो। गरीब और पिछड़े वर्गों के लिए सामाजिक कल्याण योजनाओं को पेश कर इसे जमीन में उतारा जाए। बाजार जानकार और भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के उपाध्यक्ष **सुनील जैन 501** के अनुसार मध्यप्रदेश के आर्थिक स्थित को मजबूती प्रदान करने और विकसित राज्यों में शुमार होने पर जो बाधाएं आ रही है उसके लिए समुचित समाधान पर का करने की आवश्यकता है। जिसमें प्रमुखता से शामिल है अपर्याप्त आधार भूतसंरचना- जिसमें सड़क, बिजली और जल आपूर्ति की कमी है। शिक्षा का निम्न स्तर है अतः शिक्षण संस्थानों में फीस की अधिकता और ड्रॉप आउट दर पर अंकुश लगाना होगा। स्वास्थ्य सेवाओं की कमी है। सरकार ग्रामीण इलाकों में चिकित्सकीय सुविधाओं की कमी को दूर करें। मध्यप्रदेश में रोजगार की कमी को दूर करने के लिए औद्योगिक गतिविधियों के प्रोत्साहित करने की कार्य योजना को सरलीकृत करें।

### वित्तीय घाटे को नियंत्रित करने कठोर कदम उठाने की आवश्यकता

डेवलपर्स **विकास शर्मा** ने कहाकि मध्यप्रदेश का वित्तीय घाटा 3.5 फीसदी है, जो निर्धारित सीमा से अधिक है। इसे नियंत्रित करने के लिए कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है । राज्य का ऋण 2.5 लाख करोड़ है, जो जीएसडीपी का लगभग 22.5 फीसदी है। यह राज्य की वित्तीय स्थिरता के लिए खतरा हो सकता है । अतः खर्च को कम करने की ओर विशेष ध्यान सरकार दे। क्रेडाई भोपाल के पूर्व अध्यक्ष **वासिक हुसैन** के अनुसार इकोनॉमिक परफॉरमेंस इंडिकेटर्स को बूस्ट करने के लिए पॉलिसी और स्कीम में आमूलचूल बदलाव करने की जरूरत है।

### वित्तीय मंजूरी में गैरजरूरी अड़चनों को दूर करना होगा

जबकि वेस्टर्न ग्रुप के डायरेक्टर **पी.राजू** ने कहा कि अप्रूवल, डेवलपमेंट प्रीमियम और स्टाम्प ड्यूटी जैसी चीजों की लागत भी कम करने से रियल एस्टेट इंडस्ट्री को बढ़ावा मिलेगा। अगर प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करना है, तो जमीन और वित्तीय मंजूरी में गैरजरूरी अड़चनों को दूर करना होगा।

### किफायती आवास की परिभाषा को नए सिरे से भी तय करने की जरूरत

डेवलपर्स और क्रेडाई प्रवक्ता मनोज मीक के अनुसार किफायती आवास की परिभाषा को नए सिरे से भी तय करने की जरूरत है। कच्चे माल और श्रम समेत निर्माण की लागत काफी बढ़ी है और उसी हिसाब से किफायती आवास का दोबारा मूल्यांकन किया जाना चाहिए।

गुजरात मॉडल की नई व्यवस्था से खुश हुए ट्रक-बस ड्राइवर

# मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री का माना आभार किया संगठन के पदाधिकारियों का सम्मान



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आरटीओ बैरियर पर जारी लूट की खुली छूट को बंद कर गुजरात मॉडल लागू किए जाने के बाद भोपाल, इंदौर, जबलपुर सहित समूचे मध्यप्रदेश के बस आपरेटर, ट्रक आपरेटर सहित अन्य परिवहनकर्ता बेहद खुश है। ट्रांसपोर्टरों और वाहन चालकों ने मुख्यमंत्री मोहन यादव और परिवहन मंत्री राव उदयप्रताप सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मोहन सरकार ने मध्यप्रदेश में भ्रष्टाचार मुक्त टेक्नोलॉजी आधारित गुजरात मॉडल लागू करके परिवहनकर्ताओं पर बड़ी सौगात दी है।

वाहन चालकों ने आरटीओ बैरियर पर जारी लूट की खुली छूट को लेकर लड़ाई लड़ने वाले ट्रक एवं ट्रांसपोर्टरों के संगठन ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी सीएल मुकाती, विजय कालरा, बालमलकीत सिंह, हरीश डाबर, अजय शर्मा, अशोक गुप्ता सहित समस्त एसोसिएशन के पदाधिकारियों के प्रति कृतज्ञता जताई और सीएल मुकाती का इंदौर में फूल-मालाओं से सम्मान किया।

वाहन चालकों ने कहा कि इंदौर ट्रक ऑपरेटर एवं ट्रासंपोर्ट एसोसिएशन सहित ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने परिवहनकर्ताओं को हित लंबी लड़ाई लड़ी है।

वाहन चालकों ने कहाकि मोहन सरकार ने गुजरात मॉडल लागू करके प्रधानमंत्री मोदी का भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश एवं विकसित मध्य प्रदेश बनाने का सपना साकार करने का काम किया है। इसका फायदा अंततः आम जनता को मिलेगा।

## बिजनेस न्यूज

### स्टेट बैंक ने वितरित किए मेधावी छात्रों को 225 लैपटॉप



भोपाल। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने 69 वें बैंक दिवस को गतिविधियों की एक श्रृंखला के साथ मनाया। जिसने सामाजिक कारणों, पर्यावरणीय स्थिरता और कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। बैंक दिवस के अवसर पर, एसबीआई भोपाल सर्कल ने सीएसआर गतिविधि के तहत मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के एससी/एसटी समुदाय से संबंधित मेधावी छात्रों को 225 लैपटॉप वितरित किए। यह महत्वाकांक्षी पहल वंचित एससी/एसटी छात्रों को लैपटॉप के माध्यम से शिक्षित करेगी, जिससे वे ऑनलाइन शिक्षा, ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म और डिजिटल संसाधनों तक पहुंच सकेंगे। मुख्य कार्यक्रम स्थानीय प्रधान कार्यालय भोपाल के सभागृह सहित मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में स्थित इसके अन्य कार्यालयों में आयोजित कार्यक्रम में सम्पन्न हुआ। भोपाल में मुख्य महाप्रबंधक चन्द्रशेखर शर्मा, ने छात्रों को लैपटॉप वितरित किए। बैंक दिवस के अवसर रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर एसबीआई भोपाल मंडल के मुख्यमहाप्रबंधक चन्द्रशेखर शर्मा, महाप्रबंधक अजिता भपरासर, कुंदन ज्योति और रामकुमार तिवारी, एसबीआई लेडीज क्लब की अध्यक्ष गीतू शेखर शर्मा, उपमहाप्रबंधक और मंडल विकास अधिकारी अश्विनी कुमार, भोपाल अंचल के उपमहाप्रबंधक लोकेश चंद्र सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

### मानसरोवर ग्लोबल विवि में लगा हैल्थ चेकअप कैंप



भोपाल। मानसरोवर ग्लोबल विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के उपलक्ष्य में स्वस्थ मन स्वस्थ तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित मानसरोवर समूह के शिक्षकों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ परीक्षण किया गया। वहीं विषय विशेषज्ञों द्वारा स्वस्थ्य जीवन व्यतीत करने के टिप्स भी सुझाए गए। हैल्थ चेकअप कैम्प का शुभारंभ मानसरोवर ग्लोबल विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ.एएस यादव, श्रीसाईं इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदा के प्राचार्य डॉ. भारत चौरागडे सहित डॉ.विशाल गुप्ता, डॉ. अनामिका श्रीवास्तव, डॉ. प्रतिभा भगत, डॉ.पीके उपाध्याय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मानसरोवर ग्लोबल विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ. एएस यादव ने कहा कि मन को स्वस्थ बनाए रखने पर ही हम बीमारियों से बचे रह सकते हैं। अतः हमारे तन को स्वस्थ रखने के लिए मन का स्वस्थ रहना अति आवश्यक है। जिसके बाद साइकलॉजिस्ट मयंक द्विवेदी ने हीलिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आधे घंटे का हीलिंग सेशन लिया। काउंसलर राहुल दसौदी एवं स्वाति तिवारी ने बारी बारी विद्यार्थियों और कर्मचारियों की काउंसलिंग की और उनकी मनःस्थिति का परीक्षण किया। इसी क्रम में डॉ. अंशुमान मिश्रा ने शिविर में उपस्थित जनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। वहीं प्राचार्य डॉ. भारत चौरागडे ने संतुलित आहार पद्धति से स्वस्थ तन और स्वस्थ मन बनाए रखने के लिए उपस्थित जनों को मार्गदर्शित किया। कार्यक्रम के संचालन के लिए मानसरोवर समूह की चांसलर मंजुला तिवारी और चीफ एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर गौरव तिवारी ने शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### भाभा विवि के कंप्यूटर विभाग ने आयोजित किया राष्ट्रीय सेमिनार




भोपाल। भाभा विश्वविद्यालय के कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग द्वारा मशीन लर्निंग के उपयोग विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें एसएटीआई विदिशा के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर सुनील जोशी द्वारा दैनिक जीवन में मशीन लर्निंग के विषय में व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। डॉक्टर जोशी ने छात्र-छात्राओं से आईसीटी एवं एआई के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की इस अवसर पर संस्था के सीईओ प्रसाद पिल्लई, वाइस चांसलर डॉक्टर दिलीप डे, प्रो.वॉइस चांसलर डॉक्टर एनके अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफलता पर बधाई दी। कार्यक्रम की संयोजक डॉक्टर दीपा बख्शी ने विद्यार्थियों को मशीन लर्निंग का अपनी शिक्षा में प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। अरविंद राजपूत ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

### वीर सावरकर बाल उद्यान में किया पौधरोपण, लिया संरक्षण का संकल्प



भोपाल। वीर सावरकर सामाजिक, सांस्कृतिक एवं खेल संरक्षण समिति द्वारा पर्यावरण दिवस से आरंभ किए गए पौधरोपण अभियान के अंतर्गत समिति के संरक्षक रहे एवं योग अनुसंधान परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष स्व. रमेश साहवानी के जन्मदिन के अवसर पर उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि स्वरूप पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, विधायक दिनेश गुर्जर, वरिष्ठ नेता संजीव सक्सेना, जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, पूर्व पार्षद जवाहर पंजाबी , वरिष्ठ पत्रकार एवं योग अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष सिकंदर अहमद एवं परिषद के महासचिव निशांत शर्मा, संतोष बहृमभटट्, मोनू सक्सेना, प्रतीक्षा बहृमभटट्, महेंद्र बुंदेला, यशपाल छाबड़ा, राजकुमार पांडे,सुशील शर्मा, नीतेश नेमा, हिमांशु धाकड़, रमेश पाटीदार, सुनील कश्यप, सुरेश भागचंदानी, जेपी शर्मा, डिम्पल श्रीवास्तव, नरेंद्र भानु खंडेलवाल, मुकेश गुप्ता, शैलेंद्र यादव, जितेंद्र ढोके, यशवंत सिंह राजपूत वैभव व्यास, प्रणव शर्मा, तरुण तलरेजा, अंकित चौकसे, दुर्गेश राठौड़, की उपस्थिति में परिजन वरुण साहबानी, तरुण साहबानी, ताराचंद साहबानी, भारत सहबानी, राकेश साहबानी, कविता साहबानी, पलक साहबानी द्वारा अन्य परिजनों के साथ स्व. रमेश साहबानी की स्मृति में पौधारोपण किया और इनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस मौके पर अमरुद, गूलर, आम, इमली, पीपल, नीम, बेल आदि के लगभग 85 पौधे रोपे गए। ज्यादातर पौधे बड़े होने पर घनी छांव , फूल और फल देंगे। इनकी आयु भी लंबी होगी और भरपूर ऑक्सीजन भी बरसों मिलेगी। सभी ने इस पुनीत कार्य में उत्साह से भागीदारी की।

### एफएमपीसीसीआई में खुला चेंबर ऑफ कॉमर्स स्मोलेंस्क के ओवरसीज का ऑफिस



भोपाल। फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफएमपीसीसीआई) और रूस के स्मोलेंस्क क्षेत्र के चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने करार के अंतर्गत चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री स्मोलेंस्क के ओवरसीज ऑफिस का शुभारंभ फेडरेशन ऑफिस में किया गया। इस ऑफिस का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग को मजबूत करना और द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देना है। इसके अंतर्गत व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी विनिमय सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को सुविधाजनक बनाना है। दोनों चेंबर व्यापार के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करेंगे और व्यापार प्रतिनिधि मंडलों, प्रदर्शनियों, व्यापार मेलों के माध्यम से निवेश के अवसरों को बढ़ावा देने में सहयोग करेंगे। फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. आरएस गोस्वामी और स्मोलेंस्क चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष व्लादिमीर पेट्रोविच ने अपने संबंधित चैंबरों का प्रतिनिधित्व करते हुए संभावनाओं के बारे में आशा व्यक्त की। डॉ. गोस्वामी ने कहा कि अभी तो यह शुरूवात है। इस आफिस के शुभारंभ से दोनों क्षेत्रों के मध्य व्यापार में वृद्धि होगी जब हम एक-दूसरे से मिलेंगे। उन्होंने बताया कि भोपाल में लगभग 2000 इंडस्ट्री है जिसमें ट्रॉसफार्मर, फार्मा, इंजीनियरिंग आदि है। इस अवसर पर स्मोलेंस्क-सीसीआई के प्रतिनिधियों में एकातेरिना सर्गेवना ज़खारोवा, स्मोलेंस्क सिटी प्रशासन के निवेश विभाग के प्रमुख, व्लादिमीर पेत्रोविच आर्किपेंकोव, अध्यक्ष सीसीआई स्मोलेंस्क, अलेक्जेंडर व्लादिमीरोविच कोंड्रूसिक, उपाध्यक्ष सीसीआई स्मोलेंस्क, एवं प्रभाशुं श्रोती तथा फेडरशन से डॉ. आरएस गोस्वामी, विजय गौर, योगेश गोयल, सीबी मालपानी, अशोक पटेल, अरूण पारिख और प्रवीण आचार्य उपस्थित थे। रशिया के इस ओवरसीज आफिस से मध्यप्रदेश एवं स्मोलेंस्क क्षेत्र के बीच एक मजबूत आर्थिक साझेदारी की नींव मजबूत होगी तथा दोनों ही क्षेत्रों के आर्थिक विकास और विभिन्न अवसरों के द्वार खुलेंगे।

### बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने लांच किया अपना मानसूनी सर्विस कैंपेन

नई दिल्ली। मानसून सर्विस कैंप की संकल्पना प्रभावी वाहन प्रबंधन, समय पर रखरखाव और बीएमडब्ल्यू और मिनी वाहनों की समग्र समझ पर उपयोगी जानकारी और सुझाव प्रदान करने के लिए की गई है। यह कार्यक्रम एक व्यापक वाहन जांच और, यदि आवश्यक हो, तो एक बुनियादी स्थिति-आधारित सेवा भी प्रदान करता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि कार शीर्ष स्थिति में है। बीएमडब्ल्यू इंडिया के कस्टमर सपोर्ट के डायरेक्टर डैनियल लुगोनजिक ने कहा कि बीएमडब्ल्यूग्रुप यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि हमारे ग्राहकों के वाहन अद्वितीय मौसम चुनौतियों से निपटने के लिए बेहतरीन स्थिति में हों। हमारा मानसून सर्विस अभियान बीएमडब्ल्यू और मिनी कारों की सुरक्षा और प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए गहन निरीक्षण, रखरखाव और आवश्यक अपग्रेड प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है।


**कार्यालय मुख्य अभियंता,**
**चंबल बेतवा कछार, जल संसाधन विभाग,**
**नूतन कालेज के सामने शिवाजी नगर भोपाल-462016**

दूरभाष -2430354 फैक्स 2430918 Email cecbmpwrdbpl@gmail.com

विशेष भर्ती अभियान के तहत भृत्य (दिव्यांगजन श्रेणी) की भर्ती हेतु विज्ञापन

-: शुद्धि पत्र :-

इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 10/75/स्था-2-2/वि.सी.भर्ती./चंबे/2024 दिनांक 26.06.2024 द्वारा विशेष भर्ती अभियान अंतर्गत दिव्यांगजन श्रेणी के भृत्य के रिक्त पदों हेतु जारी विज्ञापन में आवेदन जमा करने एवं वॉक-इन-इंटरव्यू की निर्धारित तिथि में निम्नानुसार परिवर्तन किया गया है :-

| स. क्रं. | विज्ञप्ति पदनाम | फार्म जमा करने की परिवर्तन दिनांक | वॉक-इन-इंटरव्यू |
|---|---|---|---|
| 1 | भृत्य | 19.07.2024 | 25.07.2024 एवं 26.07.2024 |

(आर.डी. अहिरवार)
मुख्य अभियंता
चंबल बेतवा कछार
जल संसाधन विभाग,
भोपाल

जी-12776/24 सड़क सुरक्षा के नियमों को जानो, सुरक्षित यात्रा की आवश्यकता पहचानो ।



**न्यायालय सक्षम प्राधिकृत अधिकारी एवं अधीक्षक रातापानी अभयारण्य औबेदुल्लागंज, (जिला- रायसेन म.प्र.) पिन कोड-464993**

क्रमांक /1660 सूचना / विज्ञप्ति औ.गंज दिनांक 24.06.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार वाहन रातापानी वन्यप्राणी अभयारण्य औबेदुल्लागंज के अंतर्गत परिक्षेत्र देलावाडी अंतर्गत गश्ती के दौरान निशानियाखाल नाला के पास सागौन चरपट 04 नग 0.284 घ.मी. बिना अनुज्ञा पत्र के अवैध परिवहन करने पर जप्त किया जाकर इस कार्यालय में राजसात की प्रक्रिया अंतर्गत विचाराधीन है:-

| क्र. | वाहन क्रमांक/ वाहन का विवरण | पी.ओ.आर.न. /दि. | वाहन मालिक / आरोपी का नाम | वाहन का क्रमांक/ वाहन मालिक का नाम | वन उपराध का प्रकार | जप्ती स्थल का नाम | परिक्षेत्र का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मोटर साइकिल हीरो होण्डा साईन ब्लैक रंग वाहन क्रमांक, इंजिन नंबर, चेचिस नं. मिटा हुआ | 42357/2 दिनांक 01.04.2024 | अज्ञात | अज्ञात | गश्ती के दौरान निशानियाखाल नाला के पास सागौन चरपट का अवैध परिवहन | गश्ती के दौरान निशानियाखाल नाले के पास | देलावाडी |

यदि कोई व्यक्ति उक्त वाहन के संबंध में हित रखता है तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय सक्षम प्राधिकृत एवं अधीक्षक रातापानी वन्यप्राणी अभयारण्य औबेदुल्लागंज में प्रातः 11.00 उपस्थित होकर अपना वाहन संबंधी दस्तावेज एवं पक्ष प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

सूचना पत्र आज दिनांक 25.06.2024 को मेरी पद एवं मुद्रा से जारी किया गया।

(एस.के.भारद्वाज)उ.व.स.
सक्षम प्राधिकृत अधिकारी एवं अधीक्षक
रातापानी वन्यप्राणी
अभयारण्य औबेदुल्लागंज

जी - 12764/24 देर से घर आए लेकिन दुरूस्त आए, धीरे चले सुरक्षित चले ।



**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला रायसेन (म.प्र.)**

**जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर टेन्ट कार्य के सबंध में वर्ष 2024-25 एवं आगमी ई टेण्डर होने तक कार्य की निविदा दस्तावेज बावत जानकारी ।**
**निविदा प्रक्रिया विवरण निम्नानुसार है:-**

| | | |
|---|---|---|
| 01 | निविदा विवरण | जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर टेन्ट कार्य के सबंध में। |
| 02 | निविदा दस्तावेज आनलाईन क्रय हेतु उपलब्धता | शासकीय निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि 1000/- (एक हजार मात्र) है जो ई-प्रोक्योरमेंट http;//mptenders.gov.in पर देय होगा। आर.एफ.पी. से संबंधित कोई भी प्रश्न या स्पष्टीकरण ई-मेल पते पर भेजा जा सकता है। dpmurai-mp@nic.in |
| 03 | Published Date & Time | 01-07-2024, 11:00 AM |
| 04 | Document Download /Sale Start Date | 01-07-2024, 11:00 AM |
| 05 | Bid Submission Start Date & Time | 01-07-2024, 02:00 PM |
| 06 | Pre Bid Meeting Date & Time | 05-07-2024, 11:00 AM |
| 07 | Document Download/ Sale End Date | 22-07-2024, 03:00 PM |
| 08 | Bid Submission End Date & Time | 22-07-2024, 06:00 PM |
| 09 | Bid Opening Date & Time | 24-07-2024, 11:00 AM |

जी-12793/24 सड़क सुरक्षा के नियमों को जानो, सुरक्षित यात्रा की आवश्यकता पहचानो । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी



**-:: कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला नर्मदापुरम् ::-**

क्र./पुअ/नर्मदापुरम/रनि/एम.टी/269/24 दिनांक -25.06.2024

**नीलामी विज्ञापन**
**अनुपयोगी मोटर पार्टस/टायर ट्यूब की नीलामी**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुलिस लाईन जिला नर्मदापुरम की वाहन शाखा में उपलब्ध अनुपयोगी मोटर पार्टस/टायर, ट्यूब की नीलामी दिनांक 16/07/2024 दिन मंगलवार को प्रातः 11.00 बजे पुलिस लाईन जिला नर्मदापुरम में खुली नीलामी के माध्यम से की जावेगी। इच्छुक उम्मीदवार नियत दिनांक व समय पर उपस्थित होकर निम्नलिखित शर्तों के अधीन नीलामी में भाग ले सकते है।

1- टायर - 449 नग,
2- ट्यूब-247 नग,
3- फ्लेप - 34 नग,
4- लोहा - 1485 किलोग्राम
5- पीतल - 02 किलो 500 ग्राम,
6- तॉबा - 03 किलोग्राम
7- प्लास्टिक - 48 किलोग्राम।
8- एल्यूमीनियम - 51 किलोग्राम

**नियम एवं शर्ते**

1. नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक उम्मीदवार को प्रतिभूति बतौर राशि 5000/- का बैंक ड्राफ्ट पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम के नाम से कार्यालय रक्षित निरीक्षक नर्मदापुरम में दिनांक 15/07/2024 को शाम 17.00 बजे तक जमा करना होगा।
2. नीलामी सामग्री पुलिस लाईन नर्मदापुरम में कर्यालयीन समय में देखी जा सकती है।
3. अधिकतम राशि के बोलीकर्ता को पॉच दिवस में संपूर्ण राशि जमाकर सामग्री उठाना अनिवार्य होगा, अन्यथा जमा प्रतिभूति राशि जप्त कर ली जावेगी।
4. द्वितीय अधिकतम बोलीकर्ता की जमा प्रतिभूति राशि प्रथम बोलीकर्ता के सामग्री उठाने के बाद ही वापिस की जावेगी, यदि प्रथम बोलीकर्ता किसी भी कारण से सामग्री नहीं उठाता है तो द्वितीय बोलीकर्ता को उसके द्वारा लगाई गई बोली के आधार पर शेष राशि जमा कर समग्री उठाना बाध्यकारी होगा।
5. नीलामी के संबन्ध में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा लिया गया कोई भी निर्णय नीलामी में भाग ले रहे बोलीकर्ता को अनिवार्य रूप से मान्य होगा।

उपरोक्त के अतिरिक्त सभी शर्ते मध्य प्रदेश शासन की नीलामी संबन्धी नियमानुसार प्रभावशील रहेगी।

जी-12759/24 सड़क सुरक्षा के नियमों को जानो, सुरक्षित यात्रा की आवश्यकता पहचानो । पुलिस अधीक्षक नर्मदपुरम

# प्रॉपर्टी में प्लॉट, मकान से ज्यादा फ्लैट में बड़ा इंवेस्ट, 3 महीने में रिकॉर्ड रजिस्ट्री

## कम बजट होने से बढ़ी फ्लैट की डिमांड, खरीद-फरोख्त में युवा आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रॉपर्टी की खरीद फरोख्त में अब युवा भी पीछे भी नहीं हैं। अच्छे पैकेज के चलते बचत के बाद शहर में कई बड़ी कंपनियों के प्रोफशनल्स ने फ्लैट में निवेश किया है। इस बात की पुष्टि खुद पंजीयन विभाग के अफसर भी कर रहे हैं। वहीं व्यापारी, कर्मचारी, अधिकारी व अन्य की पहली पसंद आज भी ड्यूप्लेक्स, मकान और प्लॉट बने हुए हैं।



पंजीयन विभाग के अफसरों की मानें तो फ्लैट कम बजट में शहर में आसानी से और अच्छी लोकेशन पर उपलब्ध हैं। वहीं ड्यूप्लेक्स के सौदे कम से कम 50 लाख से शुरू होकर इससे ऊपर ही जाते हैं। पुराने शहर में रीसेल प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री के साथ मल्टी स्टोरी और प्लॉट के सौदे बढ़े हैं।

वहीं होशंगाबाद रोड, कोलार, नीलबढ़, रातीबढ़, बावड़िया कला, कटारा, अरेरा कॉलोनी, सलैया, जाटखेड़ी, रिंग रोड में फ्लैट, ड्यूपलेक्स, प्लॉट की रजिस्ट्री अधिक हुईं हैं। कुछ माह पूर्व नए शहर के हिस्से में रजिस्ट्री हो रहीं थी, लेकिन मई और जून माह में लगभग सभी स्थानों पर प्रॉपर्टी की खरीद फरोख्त देखी जा रही है।

### मार्च माह में हुई थी इस बार रिकॉर्ड रजिस्ट्री

पंजीयन विभाग के अनुसार वर्ष 2024 की शुरूआत से ही मार्केट ने रफ्तार पकड़ी हुई है। मार्च 2024 में ही रिकार्ड 13 हजार रजिस्ट्री दर्ज की गईं, जबकि पिछले साल 9 हजार 600 रजिस्ट्री हुई थीं। इस साल में हुई रिकार्ड रजिस्ट्री से विभाग को 120 करोड़ की आय हुई थी। ये आंकड़ा मार्च माह का था। इसके बाद से लगातार अच्छे सौदे हो रहे हैं।

# शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

**भोपाल।** अशोका गार्डन इलाके में एक महिला से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने ज्यादती की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अशोका गार्डन पुलिस ने बताया कि 25 वर्षीय महिला ऐशबाग इलाके में रहती है। वह अपने पति से अलग हो चुकी है। पिछले साल अप्रैल में महिला के मोबाइल पर रांग नंबर के जरिए एक युवक से बात हुई थी। युवक ने अपना नाम धीरज विश्वकर्मा बताया। युवक ने महिला से नजदीकी बढ़ाईं और शादी करने का झांसा दे दिया। कुछ ही दिनों बाद वह महिला को घुमाने के बहाने अशोका गार्डन इलाके के एक होटल में लेकर गया। यहां पर उसने महिला के साथ दुष्कर्म किया।

# नकली चेन थमाकर डेढ़ लाख ठगने वाले बाप-बेटे गिरफ्तार

## कोहेफिजा पुलिस ने जालसाजी का मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा इलाके में बाप बेटे ने मिलकर एक राजगढ़ के व्यक्ति को सोने की चेन बताकर नकली चेन दे दी और डेढ़ लाख रुपए ठग लिए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक बलराम जागड़े राजगढ़ के रहने वाले है। अपनी गर्भवती बेटी के इलाज के लिए विगत 24 जून को भोपाल आए थे। हमीदिया अस्पताल के पास उनकी मुलाकात जटाशंकर और किशोरी से हुई। इस दौरान उन्होंने देखा कि बलराम के पास पैसा है तो उन्होंने सोने की चेन को गिरवी रखने का झांसा दिया। बलराम जालसाजों की बात में आ गए और उन्होंने डेढ़ लाख रुपए दे दिए। इसके बाद पता चला कि सोने की चेन बताकर उनके साथ धोखाधड़ी की गई है दरअसल वह पीतल की निकली। फर्जीवाड़े का खुलासा होने पर उन्होंने मामले की शिकायत कोहेफिजा थाने में की। पुलिस ने जालसाजी का मामला दर्ज कर दोनों बाप बेटे जटाशंकर और किशोरी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी गांधीनगर के रहने वाले हैं।

## खबर संक्षेप



### मुकेश महाराज का भक्तों ने मनाया जन्मदिन

**संतनगर।** शिव महापुराण के प्रसिद्ध कथा वाचक मुकेश महाराज को जन्मदिन की बधाइयां दी। भोले के दरबार व पूर्ण ज्योति सेवा संस्था द्वारा सीहोर नाका स्थित मुस्कान गार्डन में आयोजित शिव महापुराण कथा के सातवें व अंतिम दिवस पर मुकेश महाराज के जन्मदिन के साथ कथा के समापन समारोह में बधाई देने वाले भक्तों का जमवाड़ा लगा रहा इस अवसर पर विधायक रामेश्वर शर्मा, महापौर मालती राय, विधायक और भाजपा प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, चंद्र प्रकाश इसरानी, कुलदीप खरे, मनीष दरियानी, राजेश हिंगोरानी, महेश खटवानी, नानक ददलानी सहित अन्य लोगों ने बधाई दी।

### वार्ड 14 में बाढ़ की समस्या से बचाने सौंपा ज्ञापन



**औबेदुल्लागंज।** वार्ड 14 के नागरिकों ने बाढ़ की समस्याओं को लेकर और नालियों पर किया अतिक्रमण हटाने के लिए मंगलवार को विधायक सुरेंद्र पटवा, जिला कलेक्टर रायसेन एवं एसडीएम सहित नगर परिषद को ज्ञापन सौंपा है। सीएमओ सोनाली शर्मा, अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू चौकसे, वार्ड 14 के पार्षद दीपू परमार, पुरुषोत्तम शर्मा, मनीष साहू, सोनू अग्रवाल, अतुल नरवरिया, दीनदयाल साहू, आकाश जैन आदि ने अतिक्रमणकारियों को समझाइश दी है। दुकानदारों ने बताया कि हम लोग साफ-सफाई और सुन्दरता के लिए पेवर ब्लॉक लगवाएं हैं। नाली के ऊपर चेंबर बनवाए हैं, चेंबर का ढक्कन खोलकर साफ-सफाई करते हैं।

### गायत्री शक्तिपीठ के ट्रस्टियों का चयन

**औबेदुल्लागंज।** गायत्री शक्तिपीठ औबेदुल्लागंज में ट्रस्टियों के चयन के लिए गतदिवस गायत्री शक्तिपीठ भोपाल के प्रभारी पटेल, उज्जैन के प्रभारी रघुनाथ प्रसाद हजारी, रायसेन के प्रभारी डॉ. बीसी गुप्ता एवं अन्य पर्वेक्षकों के समक्ष बैठक में नवल किशोर मालवीय, अरविंद विजयवर्गीय, माखन सिंह परमार, दिनेश राजपूत, राजेश शर्मा, सौदान सिंह, दिनेश अग्रवाल, चंद्र सिंह गौर, मंजू कुशवाहा आदि ट्रस्टियों का चयन किया गया। इनके कार्यकाल की आवधी तीन वर्ष होगी। ये सभी गायत्री शक्तिपीठ के संचालन एवं प्रचार प्रसार के लिए कार्य करेंगे। ट्रस्टियों का चयन लगभग 15 साल के बाद हुआ है।

### आपराधिक गातिविधियां रोकने सौंपा ज्ञापन



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में सामजिक संगठन द्वारा आपरधिक गातिविधियों पर रोकथाम के लिए पुलिस अधिक्षक को ज्ञापन सौंपा है। जानकारी देते हुए पं. शिवकुमार भार्गव ने बताया कि उन्होंने पुलिस अधिक्षक को ज्ञापन सौंपकर आपरधिक गातिविधियों को रोकथाम की मांग की है। साथ उन्होंने लम्बे समय से जमे पुलिस अधिकारीयों को भी यहां से स्थानान्तरण की मांग की है। उन्होंने बताया कि मंडीदीप अपराधियों का शरणास्थली बनता रहा है, जिसके लिए पुलिस को सक्रिय होकर अपराधिक गतिविधियों को रोकना चाहिए। उन्होंने कहा अगर मांग नहीं मानी गई तो आगे विधानसभा का घेराव भी करेंगे।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| शुभांकः | 0527 | | |
| दिनः | 123 | 66 | 358 |
| रातः | 680 | 43 | 256 |

## नए कानून के तहत पहला केस दर्ज

# जन्मदिन की पार्टी में हुआ विवाद युवक पर चाकू से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में मंडीदीप थाने में नए कानून की धाराओं के अंतर्गत पहला केस दर्ज किया गया, जिसमें मारपीट और चाकू बाजी की धाराओं में केस दर्ज किया गया।

थाना प्रभारी सुरेश मीना ने देर शाम जानकारी देते हुए बतलाया कि फरियादी पवन मीणा ने शिकायत दर्ज कराई है कि रात को उसका जन्मदिन था। वह नगर पालिका के अपने साथियों के साथ जन्मदिन की पार्टी कर रहा था, जिसमें नासिर खान नाम का एक युवक भी शामिल हुआ था। नशे में उससे कुछ कहा सुनी हो गई थी। इस पर नासिर ने फायर स्टेशन के सामने उस पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे पवन को दाएं हाथ की पसली में गंभीर घाव आए हैं।

पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी नासिर के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 109, 115, 118 (1) व 296 आदि धाराओं में केस दर्ज कर विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार घायलों को राजधानी स्थित हमीदिया अस्पताल में रेफर किया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है।

### जबलपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस गरीब रथ में एक अतिरिक्त कोच लगेगा

**भोपाल।** रेलवे द्वारा प्रतीक्षा सूची को क्लीयर करने के उद्देश्य से 12187 और 12188 जबलपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-जबलपुर गरीब रथ एक्सप्रेस में दोनों दिशाओं में एक अतिरिक्त कोच लगाया जा रहा है। यह अतिरिक्त कोच गाड़ी संख्या 12187 जबलपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस गरीब रथ एक्सप्रेस में प्रारंभिक स्टेशन जबलपुर स्टेशन से 3 एवं 6 जुलाई को लगाया गया। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12188 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-जबलपुर गरीब रथ एक्सप्रेस में प्रारंभिक स्टेशन छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन से 4 एवं 7 जुलाई से गन्तव्य के लिए लगाया जाएगा।

## इंस्टाग्राम पर आईफोन की कम कीमत का विज्ञापन देकर करते थे ठगी

# गिरोह के सरगना को फर्जी सिम उपलब्ध कराने वाले 2 आरोपी अरेस्ट

**खास बातें**

- भोपाल साइबर क्राइम की टीम ने कार्रवाई कर टीकमगढ़ से पकड़ा
- सरगना सहित गिरोह के पांच आरोपी पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंस्टाग्राम पर विज्ञापन के माध्यम से आई-फोन कम कीमत पर बेचने के नाम पर संगठित गिरोह के सरगना को फर्जी सिमकार्ड उपलब्ध कराने वाले दो आरोपियों को साइबर क्राइम ब्रांच भोपाल ने टीकमगढ़ से गिरफ्तार किया है। वहीं आरोपियों को टीकमगढ़ से लाकर भोपाल की अदालत में पेश किया गया, यहां से उन्हें जेल भेज दिया। आरोपियों से फर्जी सिम कार्ड, मोबाइल सहित फर्जीवाड़ा में प्रयुक्त किया गया अन्य सामान बरामद हुआ है।

विगत 13 मई को हिना खान (परिवर्तित नाम) निवासी भोपाल के द्वारा साइबर क्राइम भोपाल में लिखित शिकायती आवेदन दिया था। उन्होंने बताया कि इंस्ट्राग्राम पर मोबाइल बेचने का विज्ञापन देखा जिसे बुक करने के बाद आवेदिका को 91626258392 के धारक द्वारा मोबइल बुकिंग के पैसे ट्रांसफर करवाने के लिए बोला। इसके बाद आवेदिका के साथ आरोपी कॉल कर कस्टम-पे, रिफंड के नाम पर अलग-अलग माध्यम से कुल 1,88,999 रुपए की धोखाधड़ी की गई। शिकायत के आधार पर साइबर क्राइम ब्रांच ने मामला दर्ज कर पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद फरार अन्य दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### साइबर अपराधियों को बेच देते थे सिम

आरोपी हाट बाजार एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर छतरी लगाकर सिम बेचने का काम करते हैं। आरोपी द्वारा सिम खरीदने वाले ग्राहकों को 1 सिम के केवायसी के माध्यम से दूसरी सिम भी एक्टिव कर लेते थे और उस सिम को अपने पास रख लेते थे। फिर उस सिम को साइबर अपराधियों को महंगे दामों बेच दिते थे, जिसके माध्यम से साइबर ठगी की जाती है। पकड़े गए आरोपियों में शाहरुख टीकमगढ़ का रहने वाला है, जो ग्रेजुएट है और एजेन्ट के तौर पर सिम एक्टिव कर आरोपियों को उपलब्ध कराता था। साथ ही नीलेश यादव (टीकमगढ़) 10वीं पास है, वह सिम एक्टिव चैक कर अन्य साइबर आरोपियों को उपलब्ध कराता था।

### 68 फर्जी सिमकार्ड मोबाइल सहित अन्य सामान बरामद

साइबर क्राइम भोपाल की टीम द्वारा तकनीकी एनालिसस के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों से धोखाधडी में उपयोग किए गए 68 सिमकार्ड एवं अपराध में प्रयुक्त 10 मोबाइल 2 बैंक पासबुक, 5 चेकबुक, 3 मोबाइल बिल बुक एवं 10 विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड जब्त किए गए हैं। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

### हेल्पलाइन नंबर पर दें सूचना

भोपाल पुलिस की आम लोगों से अपील है कि किसी भी प्रकार की साइबर क्राइम से संबंधित घटना घटित होने की सूचना भोपाल साइबर क्राइम के हेल्पलाइन नम्बर 9479990636 अथवा राष्ट्रीय हेल्पलाईन नंबर 1930 पर दें।

# युवक ने पानी समझकर शराब में डाला एसिड और पी गया, हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के मिसरोद क्षेत्र में एक युवक ने पानी समझकर शराब में एसिड मिलाकर पी लिया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। युवक शराब पीने का आदी था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक सुरेश यादव (45) जाटखेड़ी में पत्नी और बच्चों के साथ रहते था। युवक का मजदूरी का काम था। पुलिस ने बताया कि सुरेश शराब पीने के आदी था। वह दिनभर में करीब 3 से 4 बार शराब पी जाता था। साथ ही उसे ब्लड प्रेशर सहित अन्य बीमारियां थी। सोमवार सुबह आशिमा माल के पास खाली ग्राउंड में युवक ने शराब पी। इसी दौरान उसे रास्ते में पड़ी एक बाटल दिखाई दी। युवक को लगा कि वह पानी है और उसने शराब में उसे मिलाकर पी लिया। थोड़ी ही देर बाद उसे उल्टी होना शुरू हो गई, जिसके बाद उसने अपने भाई कमलेश जाटव को इसकी सूचना दी। सूचना के आधार पर भाई मौके पर पहुंचा और उसे एम्स में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मौके पर पहुंचे एचसीएम बद्रीलाल का कहना है कि एम्स में भर्ती के दौरान युवक के जो बयान लिए गए उसमें खुलासा हुआ है कि पानी समझकर एसिड पी लिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद और स्थिति स्पष्ट होगी।

# जिला अध्यक्ष के दावेदार में संजय का नाम आगे

**औबेदुल्लागंज।** नगर में जिला अध्यक्ष के दावेदार के लिए हर वर्ग के लोग संजय सिंह चौहान को आगे कर रहे हैं। कांग्रेस के दिग्गज नेता अजय सिंह राहुल भैया, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव भी संजय को पसंद करते हैं। वर्तमान भोजपुर प्रत्याशी रहे राजकुमार पटेल के भी करीबी हैं। चौहान ने बताया कि मुझे कोई लालसा नहीं है। किसी भी पद को लेकर और न ही मेने कोई मांग की है। अगर पार्टी कोई जिमेदारी देती है, तो मुझे स्वीकार है।



पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष महेश जैन ने बताया कि अभी जिले की कमान के लिए संजय चौहान सर्व गुण सम्पन्न हैं। अगर वो ये दायित्व स्वीकार करते हैं तो जिले की चारों सीट पर आगामी चुनाव में अच्छे नतीजे देखने को मिल सकते हैं। आदिवासी नेता विनोद इरपाचे, बसंत साहू, हिंदू सब समिति अध्यक्ष राजेश खटीक, पवित्र कौर, वंदना मालवीय, परेश नागर, पंकज नागरानी, मनोज खटीक, अमर पेठारी, सुनील गुप्ता ने संजय का नाम आगे किया है।

# संसद में राहुल गांधी के बयान के बाद हर तरफ प्रदर्शन, भाजयुमो ने जलाया पुतला



**औबेदुल्लागंज।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के द्वारा हिन्दुओं को हिंसक कहना बहुत ही निंदनीय है। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी को हिंदुओं ने भी वोट दिए है, लेकिन उनका या कथन संपूर्ण हिंदू धर्म का अपमान है। उन्हें समस्त हिन्दू धर्म से माफी मांगनी चाहिए। संसद में दिए राहुल गांधी के बयान के विरोध में मंगलवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा रायसेन के मंडल औबेदुल्लागंज द्वारा जिला अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर के नेतृत्व में राहुल गांधी का पुतला जलाया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे, युवा मंडल अध्यक्ष शांतनु पांडेय, पार्षद दीपू परमार, मनोज चौरासीया, वरिष्ठ नेता माधव यादव, अतुल सेन आदि उपस्थित रहे।



### नारेबाजी कर किया प्रदर्शन

**मंडीदीप।** संसद में राहुल गांधी के बयान पर पीएम मोदी की आपत्ति के बाद मंगलवार को औद्योगिक नगर में भी प्रदर्शन हुए। भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए राहुल गांधी का पुतला जलाया। युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शुभम खटीक ने बताया कि मंगलवार को मंगलबाजार में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी कर विरोध जताया। संगठन के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने कहा, 'मैं राहुल गांधी के बयान की निंदा करता हूं। राहुल गांधी ने जिस तरह से बयान दिया है, उससे पूरे हिंदू समाज आहत हुआ है। लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर के अंदर नेता प्रतिपक्ष ने जिस प्रकार से बयान दिया है, हिंदुओं को हिंसक बताना उनकी मानसिकता के परिचायक के रूप में सामने आया है।

# नगर की समस्याओं के समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों से अपील

## स्थानीय लोगों ने नेताओं और पार्षदों को आगे आने की बात कही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर के विकास स्वच्छ-सुंदर बनाने और औबेदुल्लागंज को जिला बनाने के लिए फिर आवाजें उठने लगी है। बताया जाता है कि 1980 से औबेदुल्लागंज को जिला बनाने की फाइल जिला पुनर्गठन आयोग और प्रशासन के पास लंबित पड़ी है। मध्य प्रदेश में जहां-जहां जिले बने हैं वहां के नेता पार्षद जनपद सदस्यों ने संघर्ष किया है। इस लिए स्थानीय लोगों ने नेताओं और पार्षदों को आगे आने की बात कही है।

वहीं औबेदुल्लागंज से चार कार्यालय दूसरी जगह स्थानांतरित कर दिए गए हैं, उन्हें भी वापस लाने की बात कही। औबेदुल्लागंज रेलवे स्टेशन में नर्मदा एक्सप्रेस का स्टॉपेज 4 साल से बंद है, इसे पुनः प्रारंभ करने, औबेदुल्लागंज का नाम राजा भोज नगर या हिरनिया करने, औबेदुल्लागंज को पर्यटक स्टेशन बनाने की मांग लंबे समय से चल रही है, लेकिन इन मुद्दों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। औबेदुल्लागंज में विकास कार्य नहीं होने के जिम्मेदार नेता बड़ी-बड़ी बातें जरूर करते हैं, मगर पद मिलते ही सब भूल जाते हैं। औबेदुल्लागंज में 1980 में कच्चे मकान व टप्पर थे, अब वहीं पक्के-सुंदर मकान बन गए हैं, मगर इससे नगर सुंदर नहीं होता। नगर का सुंदर-स्वच्छ बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों को ईमानदारी से प्रयास करना होगा। अशोक मित्तल, राकेश तिवारी, नीरज चावला, अशोक सेठी, सुबोध सिंह शीतल, पवित्र कौर, सुदामा तिवारी, आशीष दीक्षित, कैलाश डब्बू नागर, जितेंद्र दुबे, भारत निहाल, संजय सिंह, बंटी तिवारी, अशोक जैसवाल, जीतू नंदवंशी, गिरीश चावला, बल्लू अरोड़ा, हरजीत सिंह मंग्गू, विक्रम दाढ़ी, पुरुषोत्तम शर्मा, मनोज चौरसिया, देवेंद्र डेनी आदि ने स्थानीय नेताओं और पार्षदों से समस्याओं के समाधान के लिए आगे आने की अपील की है।

## बुजुर्ग किसान ने कलेक्टर की जनसुनवाई में दर्ज कराई शिकायत

# खदान संचालक ने निजी जमीन का रास्ता खोदकर किया बंद, कुआं भी तोड़ा, मामले की जांच एसडीएम को सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

साहब, चंदूखेड़ी के गोरगा गांव में मेरी जमीन के पास खदान संचालक ने आम रास्ते पर खुदाई कर दी है, जिससे जमीन पर जाने का रास्ता बंद हो गया है। रास्ते के किनारे कुए को भी जेसीबी से खोदकर बराबर कर दिया गया है। यह शिकायत मंगलवार को कलेक्टोरेट की जनसुनवाई 85 वर्षीय बुजुर्ग सुंदर बाई ने अपर कलेक्टर अंकुर मेश्राम को बताया। मामले की जांच एसडीएम को सौंपी गई है। मंगलवार को कलेक्टोरेट में 134 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई।

बुजुर्ग ने बताया कि नायब तहसीलदार ने यह रास्ता आवंटित किया था, उसको भी खोद दिया गया है। इस खदान को बंद करवाकर लीज निरस्त की जाए। उन्होंने बताया कि सरपंच रामजीवन मीना ने खदान निरस्त करने को लेकर ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित किया है।



### दो साल से अटका सीमांकन

हुजूर तहसील के ग्राम नीलबड़ निवासी राधाबाई ने बताया कि उन्होंने जमीन के सीमांकन के लिए आवेदन किया था। जिसके बाद हुजूर तहसीलदार ने आदेश दे दिए, लेकिन दो वर्ष बाद भी सीमांकन नहीं किया गया है, जबकि उन्होंने 10 हजार रुपए भी मशीन के जमा कर दिए थे।

### पुलिस नहीं कर रही बिल्डर पर कार्रवाई

जेपी नगर निवासी कमला स्वर्णकार ने बताया कि उन्होंने भविष्य ग्रुप द्वारा फन सिटी विदिशा रोड के बिल्डर विनोद कुशवाह से एक आवासीय प्लॉट एक लाख रुपए देकर बुक किया था। रुपए लेने के 12 वर्ष बाद भी प्लॉट नहीं दिया गया है और न ही रुपए वापस किए गए हैं। सूखी सेवनिया पुलिस ने बिल्डर के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है।

# ज्ञान से बड़ा कुछ नहीं, इससे पहचान होती है: विनम्र सागर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

आज की दुनिया में जहां चमत्कार हुआ करते हैं। लोग बिना सोचे समझे वहां पर इकट्ठे होते हैं, कुछ लोग ऐसे होते हैं, जो पता करते हैं कि यह प्रक्रिया कैसे हुई। ये लोग ज्ञानी होते हैं, जो पता करते हैं। यह प्रक्रिया कैसे हुई ये लोग ज्ञानी होते हैं और अपने ज्ञान, बुद्धि से सत्य तत्व की जानकारी कर लेतं हैं। क्योंकि ज्ञान से बड़ा कोई अतिशय है ही नहीं। ज्ञान वह है जो संसार के सम्पूर्ण पदार्थों की पहचान कराता है। यह बात मंगलवार को संत निवास में आयोजित प्रवचन के दौरान आचार्य विनम्र सागर महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति भगवान के पास जाता है और भगवान से सुख शांति मांगते हैं, लेकिन कभी किसी ने भगवान से दुःख नहीं मांगा। ज्ञानी वस्तु स्थिति को जानता है और हमेशा सुखी रहता है।

फुलरई मुगलगढ़ी के एक खेत में साकार हरि बाबा का सत्संग

# लोगों के जल्द निकलने के चक्कर में बन गए विकट हालात गर्मी, उमस और भारी भीड़ के कारण कई लोग हो गए बेहोश

## हादसे के बाद घायलों को सिकंदराराऊ सीएचसी और एटा की ओर एंबुलेंस से उपचार के लिए भेजा गया, स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है

### हाथरस से 47 किलोमीटर दूर फुलरई गांव में हादसे ने ले ली कई लोगों की जान

### भक्तों का सैलाब उमड़ने के कारण यहां अव्यवस्था हुई, पुलिस पर भी सवाल उठे

एजेंसी ▶▶ हाथरस

हाथरस के फुलरई मुगलगढ़ी के एक खेत में साकार हरि बाबा का सत्संग हो रहा था। भोले बाबा के सत्संग के दौरान भगदड़ मच गई। लोगों के जल्दी निकलने के चक्कर में यहां पर बड़ा हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि गर्मी, उमस और भीड़ में दम घुटने से अनुयायी वहीं पर बेहोश होकर गिर गए। बताया जा रहा है कि हादसे में अब तक कितने लोगों की मौत हो गई है, सही संख्या सामने नहीं आई है। मरने और घायल होने वालों में महिलाओं की संख्या ज्यादा है। साथ ही बच्चों के भी हताहत होने की खबर है।

हादसे के बाद घायलों को सिकंदराराऊ सीएचसी और एटा की ओर एंबुलेंस से उपचार के लिए भेजा गया। सिकंदराराऊ में हुए हादसे के बाद स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। इमरजेंसी से लेकर पोस्टमार्टम हाउस में स्टाफ को तैनात रहने के निर्देश दिए गए हैं। जिले के अलग-अलग स्थानों से एम्बुलेंस को घटना स्थल के लिए भेजा गया है।



### बसों-टैंपो में भरकर घायलों और शवों को लाया गया

हाथरस से 47 किलोमीटर दूर फुलरई गांव में नारायण साकार हरि के सत्संग में भगदड़ कई लोगों की जान चली गई। नारायण साकार हरि को भोले बाबा के नाम से जाना जाता है। मृतकों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। बताया जा रहा है कि कई लोग घायल हैं। घायलों की संख्या में इजाफा हो सकता है। घायलों और शवों को टैंपो और बसों में भरकर अस्पताल लाया गया। अस्पताल के बाहर कई शव पड़े हुए थे।

### पुलिस और प्रशासन की नहीं थी पुख्ता व्यवस्था

बताया जा रहा है कि प्रवचन कार्यक्रम में मची भगदड़ में भक्तों की मौत का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। प्रशासन की लापरवाही के कारण इतना बड़ा हादसा हुआ। परमिशन से अधिक संख्या में भक्तों का सैलाव उमड़ने के कारण यहां अव्यवस्था हुई। प्रशासन ने कोई भी पुख्ता व्यवस्था नहीं की थी।

## भगदड़ की आंखों देखी, घटना स्थल पर मच गई थी चीख-पुकार

### लोग एक के ऊपर एक नाले में गिरते गए और दो घंटे तक दबे रहे

हाथरस के रतिभानपुर में मंगलवार का दिन अमंगलकारी रहा। यहां प्रवचन करने वाले भोले बाबा के सत्संग के दौरान भगदड़ मच गई। हादसे के बाद से ही घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई थी। इस घटना की प्रत्यक्षदर्शी महिला शकुंतला ने बताया कि भोले बाबा का सत्संग चल रहा था। सत्संग खत्म होने के बाद लोग एक साथ बाहर की ओर निकले तो भगदड़ मच गई। पास में एक नाला था, भगदड़ के बाद लोग नाले में एक के ऊपर एक गिरते चले गए। जब लोग घंटे-दो घंटे दबे रहेंगे, तो मरेंगे नहीं तो क्या होगा?

प्रत्यक्षदर्शी शकुंतला ने आंखों देखा हाल किया बयां



### मुझे लोगों ने खींचकर निकाला

*प्रत्यक्षदर्शी शकुंतला ने बताया कि भगदड़ के दौरान पहले आगे वाले लोग नाले में गिरे और फिर उनके ऊपर पीछे वाले लोग गिरते चले गए। शकुंतला ने बताया कि उनकी पड़ोसन गंगा देवी भी हादसे का शिकार हो गईं। महिला ने बताया कि भगदड़ में वो भी दब गई थीं, लेकिन लोगों ने उन्हें खींचकर बाहर निकाला, जिसके कारण को जिंदा बच पाईं।*

## पूरी कहानी भगदड़ की शिकार युवती की जुबानी

### राजस्थान-मप्र-हरियाणा से भी आए थे भक्त

इस बीच जो लोग इस सत्संग में शामिल होने गए थे और भगदड़ का शिकार हुए हैं, उन्होंने बताया कि मौके पर कैसे मंजर था। एक युवती ने बताया कि सत्संग में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। सत्संग समाप्त हुआ उसके बाद लोग वहां से जाने लगे। इसी दौरान निकलने की जल्दी में भगदड़ मच गई। लोग एक दूसरे को देख ही नहीं रहे थे। महिलाएं और बच्चे गिरते चले गए। भीड़ उनके ऊपर से दौड़ रही थी। कोई बचाने वाला नहीं था। चारों ओर चीख पुकार मची हुई थी।



### 3 किलोमीटर तक फैली थी वाहनों की संख्या

*जानकारी सामने आई है कि महीने की शुरुआत के पहले मंगलवार को सत्संग होता है। इस सत्संग में राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा सहित कई राज्यों के लोग आए थे। भीड़ का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वाहनों की संख्या तीन किलोमीटर तक फैली हुई थी।*

### श्रद्धालुओं को एक जगह रोकने से सांस लेना हो रहा था मुश्किल

*अचानक भगदड़ के दौरान ये घटना घटी है। बताया जा रहा है कि भगदड़ का कारण अभी तक सामने नहीं आया है। हालांकि, सुरक्षाकर्मियों द्वारा श्रद्धालुओं को एक जगह रोकने के कारण सांस लेने की समस्या सामने आई थी। इस कारण कई लोग मौके पर बेहोश हो गए थे। फिलहाल, प्रशासन द्वारा इस घटना की जांच की जा रही है। हाथरस समेत पूरे इलाके में भोले बाबा काफी समय से सत्संग करवाते हैं। वे पहले पुलिसकर्मी थे और भोले बाबा का सत्संग शुरू किया। स्थानीय लोगों के मुताबिक करीब 10 सालों से सत्संग चलता है।*

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी को राहुल का पत्र, नीट पर बहस हो


**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र



लिखकर बुधवार को एनईईटी मुद्दे पर संसद में बहस का अनुरोध किया है। राज्यों के साथ भेदभाव और केंद्रीय एजेंसियों को औजार बनाकर विपक्षी नेताओं को परेशान करने का आरोप लगाते हुए कई आरोप लगाए हैं।

### पुणे पोर्श कांड : रईसजादे के पिता को जमानत

**पुणे।** पुणे पोर्श कांड के आरोपी किशोर के पिता और दादा को कोर्ट ने जमानत दे दी। उन पर ड्राइवर का



अपहरण करने और उसे गलत तरीके से कैद का मामला दर्ज था। मामले में फैसला सुनाते हुए अदालत ने कहा कि किशोर के दादा भले ही जेल से रिहा हो जाएंगे लेकिन, उसके पिता को जेल में ही रहना होगा।

### मंत्री की पत्नी ने पुलिस को फटकारा, मांगी माफी

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के परिवहन मंत्री मंदीपल्ली रामप्रसाद रेड्डी की पत्नी हरिता रेड्डी सुर्खियों



में हैं। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है जिसमें उन्हें एक पुलिस सब-इंस्पेक्टर को डांटते हुए सुना जा सकता है। वजह बताई जा रही है कि पुलिसकर्मी को उन्हें एस्कॉर्ट करने के लिए आगे आना था लेकिन वह देरी से वहां पहुंचा।

### ट्रेन से कंटेनर गिरने से 3 किमी ट्रैक डैमेज

**करनाल।** अमृतसर-दिल्ली रेलवे ट्रैक पर करनाल के निकट चलती हुई मालगाड़ी से करीब 8कंटेनर



रेलवे ट्रैक पर गिर गए। इससे रेलवे ट्रैक व बिजली की लाइन को काफी नुकसान पहुंचा है। तरावड़ी के निकट यह हादसा होने के बाद दो ट्रेनों को डायवर्ट कर दिया गया जबकि कई यात्री व मालगाड़ियों को रद्द करना पड़ा।

## राज्यसभा में खरगे-धनखड़ के बीच तीखी नोकझोंक

धनखड़ ने कहा रमेश जैसा अनुभवी आपकी मदद कर रहा

# मुझे न रमेश और न आप बना सकते मुझे बनाने वाले (सोनिया) यहां बैठे हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के विशेष सत्र के दौरान राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बीच तीखी नोकझोंक हुई। सभापति जगदीप धनखड़ ने कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खरगे को फटकार भी लगाई। जगदीप धनखड़ ने कहा कि मेरे में बहुत सहनशक्ति है, खून के घूंट पी सकता हूं। मैंने क्या-क्या किया है, कितना बर्दाश्त किया है और आप खड़े होकर कह देते हैं?आप यह नहीं समझते कि मैं क्या कह रहा हूं।

### *धनखड़ ने कहा- चेयर का ऐसा अपमान इतिहास में नहीं किया गया*





**खरगे ने कहा आपके दिमाग में आज भी वर्ण सिस्टम कायम**

धनखड़ द्वारा रमेश की टिप्पणी पर खरगे ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि आपके (धनखड़) के दिमाग में आज भी वर्ण सिस्टम है। आप इसी कारण रमेश को प्रतिभाशाली बता रहे हैं और मुझे मंदबुद्धि कह रहे हैं।

### धनखड़ ने रमेश की ओर इशारे करते कहा-वे 56 साल के अनुभवी

चर्चा के दौरान जब खरगे बोलने के लिए संसद में खड़े हुए और तभी पीछे से जयराम रमेश ने कुछ कहा। इस पर धनखड़ ने कहा कि जब प्रथम पंक्ति के अंदर आप जैसा व्यक्ति है, जिसके पास 56 साल का अनुभव है। उस व्यक्ति को जयराम बीच में टोकते हैं, मदद करने की कोशिश करते हैं। इस पर खरगे ने कहा कि मुझे न रमेश, न आप बना सकते हैं। पास की सीट पर बैठीं सोनिया गांधी की ओर इशारा करते हुए खरगे ने कहा कि मेरे को बनाने वाले यहां बैठे हैं। मुझे जनता ने बनाया है। इसके बाद धनखड़ ने कहा कि खरगे, मैं उस स्तर पर नहीं आना चाहता। मेरी बात को ध्यान से सुनिए। उन्होंने कहा कि राज्यसभा के इतिहास में चेयर का इस कदर अपमान नहीं हुआ।

### धनखड़ ने जयराम रमेश की तारीफ की

चर्चा के दौरान जब जयराम ने धनखड़ की बात को काटते हुए कुछ कहा तो उन्होंने कांग्रेस नेता पर भी निशाना साध दिया। धनखड़ ने कहा, आप इतने बुद्धिमान, इतने प्रतिभाशाली, इतने प्रतिभावान हैं कि आपको तुरंत आकर खरगे की जगह सीट ले लेनी चाहिए। कुल मिलाकर आप उन्हीं का काम कर रहे हैं। आपको खरगे की जगह विपक्ष के नेता का पद ले लेना चाहिए।

## अखिलेश के बयान पर पांडेय का वैसा ही जवाब

### अवाम ने तोड़ दिया हुकूमत का गुरूर... जरा सा कुदरत ने क्या नवाजा...





सपा सांसद अखिलेश यादव लोकसभा में एक खास अंदाज में दिखाई दिए। उन्होंने मोदी सरकार पर शायराना अंदाज में हमला किया और चुनावों में सीटें कम होने और बहुमत की सरकार न बनने पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि आवाम ने तोड़ दिया हुकूमत का गुरूर, दरबार तो लगा है पर, बड़ा गमगीन-बेनूर है, क्यों ऊपर से जुड़ा कोई तार नहीं, नीचे से कोई आधार नहीं, ऊपर से जो है अटकी हुई, यह कोई सरकार नहीं। यही नहीं अखिलेश यादव ने जोर देकर ये भी कहा कि ये चलने वाली नहीं, हारी हुई सरकार है। अखिलेश के भाषण के बाद छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव से भाजपा सांसद संतोष पांडेय ने अखिलेश यादव का जवाब उसी तरह शायराना अंदाज में पलटवार किया। संतोष पांडेय ने अखिलेश यादव का पर तंज कसते हुए कहा- जरा सा कुदरत ने क्या नवाजा, आके बैठे हो फलसफे में, तुम्हारा लहजा बता रहा है. तुम्हारी दौलत नई-नई है...।

## केजरीवाल की याचिका पर जवाब मांगा

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के लिए सीबीआई ने बनाया झूठा आधार

हाईकोर्ट कर रहा सुनवाई



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। सीबीआई ने केजरीवाल को गिरफ्तार किया है। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने उनकी गिरफ्तारी पर सवाल खड़ा किया।

उन्होंने कहा कि एफआईआर 2022 में ही दर्ज की गई थी। अप्रैल 2023 में समन किया गया और 9 घंटे पूछताछ की गई। उसके बाद अब तक कुछ नहीं किया गया और डायरेक्ट गिरफ्तार कर लिया गया। सीबीआई ने गिरफ्तारी के लिए झूठा आधार बनाया और कोई तर्क नहीं दिया गया। केजरीवाल की ओर से दायर याचिका में कहा गया कि पहले से उपलब्ध सामग्री के आधार पर गिरफ्तारी की गई है, जो कि अवैध है और इसकी कानूनन अनुमति नहीं है। सिंघवी ने कहा कि हम गिरफ्तारी रद्द करके उन्हें हिरासत से छोड़ने की मांग कर रहे हैं। कोर्ट ने पूछा कि क्या आपने जमानत याचिका दायर की है? सिंघवी ने कहा कि अभी ऐसा नहीं किया है, लेकिन ऐसा करेंगे। कोर्ट ने सीबीआई को जवाब दाखिल करने के लिए 5 दिन का समय दिया गया है। अब इस मामले की सुनवाई 17 जुलाई को होगी।

## मालीवाल का केजरीवाल पर प्रहार

### डीसीडब्ल्यू बंद करना चाह रही दिल्ली सरकार



आप की राज्यसभा सांसद और दिल्ली महिला आयोग की पूर्व चीफ स्वाति मालीवाल ने दिल्ली सरकार पर प्रहार किया है। स्वाति ने दिल्ली सरकार पर आरोप डीसीडब्ल्यू को बंद करने की साजिश रचने का आरोप लगाया। स्वाति ने कहा कि दिल्ली सरकार महिला आयोग को बंद करने पर अड़ी हुई है और उसने 181 महिला हेल्पलाइन को भी बंद कर दिया है। 8 साल में दिल्ली महिला आयोग ने महिलाओं से जुड़े 1,70,000 केसों की सुनवाई की, लेकिन उनके हटने के बाद से दिल्ली सरकार इस संस्था को बंद करना चाहती है। 6महीने में एक भी रुपया जारी नहीं किया है। बजट भी 30 फीसदी तक कम कर दिया है।

## संसद सत्र के बीच एनडीए संसदीय दल की बैठक में बोले मोदी

# आप संसदीय आचरण अपनाएं, कांग्रेस जैसा व्यवहार न करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के मौजूदा सत्र के बीच मंगलवार को संसद भवन परिसर में एनडीए के संसदीय दल की बैठक हुई। यह बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई।

इस दौरान पीएम मोदी ने बैठक को संबोधित भी किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने पहली बार चुनकर आए सांसदों को अच्छे संसदीय आचरण अपनाने का मंत्र दिया। उन्होंने नए सदस्यों को सलाह और सीख दी। पीएम मोदी ने कहा कि यहां पर आप कांग्रेस के समान आचरण कतई न करें।

### *एनडीए के घटक दलों के सांसदों संग पीएम ने संवाद भी किया*

नए सदस्यों को सलाह सीख दी



**कुमारस्वामी ने मिसाल कायम करने की सलाह दी**

प्रधानमंत्री ने एनडीए के हर एक सांसद को अपने आचरण से एक नई मिसाल कायम करने की सलाह दी है। केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों को सदन में उपस्थित रहने और बहुत सी चीजें सीखने की सलाह दी। उन्होंने सभी सदस्यों को लोगों के लिए काम करने और सदन में कैसे व्यवहार करना है इसके बारे में भी सलाह दी।

### अच्छे संसदीय आचरण का भी दिया मंत्र

*बैठक के दौरान एनडीए घटक दलों के सांसदों का पीएम मोदी से संवाद हुआ। इस संबंध में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि प्रधानमंत्री ने पहली बार चुनकर आए सांसदों को अच्छे संसदीय आचरण को अपनाने का मंत्र दिया है।*

### विकास के नए स्रोतों पर भी कार्य करने का किया आग्रह

*केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि पीएम ने कहा कि हम देश सेवा के लिए आए हैं और देश सेवा ही हमारे लिए सर्वोपरि है। इसके अलावा पीएम मोदी ने सांसदों को अपने रुचि के अनुसार विकास के नए स्रोतों पर भी कार्य करने का आग्रह किया है। रिजिजू ने कहा कि जिस तरह से राहुल गांधी ने व्यवहार किया, स्पीकर की ओर पीठ कर ली, अपमान किया, उस तरह से हमारी पार्टी, एनडीए के लोगों को नहीं करना चाहिए।*

## सीएम सरमा का बड़ा आरोप

# असम में विशेष संप्रदाय के लोग यहां कर रहे सुनियोजित हमला

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी



मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने कहा है कि असम में एक विशेष संप्रदाय के लोग सुनियोजित तरीके से हमले कर रहे हैं। सरमा ने मंगलवार को सोशल मीडिया के जरिए एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद से राज्य में सुनियोजित तरीके से हमले किए जा रहे हैं।

सरमा ने जनता को आगाह किया कि यदि इस संप्रदाय के लोगों की संख्या इसी प्रकार बढ़ती रही तो यहां अन्य संप्रदाय के लोग रह नहीं सकेंगे। बिस्व ने मंगलवार को सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक वीडियो संदेश में कहा कि राजनीतिक दृष्टिकोण से वे लोगों को इसके प्रति आगाह कर रहे हैं। आपराधिक दृष्टिकोण से सरकार अपने स्तर पर कार्रवाई कर रही है लेकिन लोगों को स्थिति की गंभीरता को समझनी चाहिए।

## आईएमडी के रेड अलर्ट से टेंशन

# केदारनाथ के पास भूस्खलन और बाढ़ की चेतावनी, बद्रीनाथ धाम में अलकनंदा का रौद्र रूप, नदी ने खतरे के निशान को किया पार

- मंदाकिनी रिवर बेसिन में कुल 19 झीलें हैं, जिनसे कई छोटी-बड़ी नदियां निकलती हैं
- केदारनाथ मंदिर से लगभग 4000 मीटर की ऊंचाई पर कई बर्फीली झीलें मौजूद
- मौसम विभाग इन झीलों की ऊंचाई, गहराई और पानी का वॉल्यूम चेक कर रहा

एजेंसी ▶▶ देहरादून

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) की भविष्यवाणी के अनुसार मानसून तेजी से उत्तराखंड की तरफ बढ़ रहा है। अगले कुछ दिनों में उत्तराखंड और जम्मू कश्मीर समेत कई हिमालयन राज्यों में भारी बारिश के आसार हैं। आईएमडी की मानें तो कुछ जगहों पर बादल फटने की भी संभावना है। वहीं मसूलाधार बारिश से खासकर उत्तराखंड में भूस्खलन और बाढ़ आ सकती है। इसी कारण आईएमडी ने उत्तराखंड के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। साथ ही मौसम विभाग केदारनाथ के आसपास मौजूद झीलों का अध्ययन कर रहा है। इससे साफ है कि खतरा केदार घाटी में अधिक है।



### हरिद्वार तक होगा असर

*मंदाकिनी नदी का कुल जलसंग्रहण क्षेत्र 67 वर्ग किलोमीटर का है। इसमें चोराबारी और कंपेनियन ग्लोशियर सहित कई बड़े ग्लेशियर हैं। ऐसे में अगर केदार घाटी में कोई घटना घटेगी तो इसका असर हरिद्वार तक पड़ सकता है। बता दें, 2013 में आई त्रासिदी ने चमोली, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी और केदारघाटी को पूरी तरह से तबाह कर दिया था।*



### बद्रीनाथ धाम में पुलिस ने खाली कराया तप्तकुंड

**चमोली।** उत्तराखंड में मानसून का प्रकोप नजर आने लगा है। मूसलाधार बारिश के कारण बद्रीनाथ धाम में अलकनंदा नदी ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। ऊपरी इलाकों में हुई बारिश के कारण मंगलवार दोपहर बाद नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया। जिसके चलते अलकनंदा तप्तकुंड से मात्र 6 फीट नीचे बह रही थी। जबकि सामान्य दिनों में अलकनंदा तप्तकुंड से लगभग 15 फीट नीचे बहती है। अलकनंदा का रौद्र रूप देखते हुए पुलिस ने पूरे धाम में यात्रियों और स्थानीय लोगों को मुनादी कर अलर्ट कर दिया है। इसके साथ ही तप्तकुंड को भी तत्काल खाली कराया गया, ताकि जल कर बढ़ाने पर किसी तरह की अनहोनी न हो।

### मंदिर के पास मंदाकिनी का उद्गम

*दरअसल, केदार घाटी मंदाकिनी नदी के ईर्द-गिर्द मौजूद है। केदारनाथ मंदिर से 12,975 फीट की ऊंचाई पर चोराबारी झील स्थित है। इस झील को गांधी सरोवर के नाम से भी जाना जाता है। मंदिर से लगभग 2 किलोमीटर दूर इसी झील से मंदाकिनी नदी का उद्गम होता है। मंदाकिनी रिवर बेसिन में कुल 19 झीलें हैं, जिनमें से कई छोटी-बड़ी नदियां निकलती हैं।*

### 30 जून को हुआ था हिमस्खलन

*बता दें, केदारनाथ मंदिर से लगभग 4000 मीटर की ऊंचाई पर कई बर्फीलें झीलें मौजूद हैं। मौसम विभाग इन झीलों की ऊंचाई, गहराई और पानी का वॉल्यूम चेक कर रहा है। जिससे तेज बारिश में झील टूटने या बादल फटने जैसी घटनाओं को पहले से भांपा जा सके। 30 जून को भी केदारनाथ मंदिर के पीछे मौजूद सुमेरु पर्वत पर हिमस्खलन देखने को मिला था।*



### पर्यावरणविद ने जाहिर की चिंता

*पर्यावरणविद चंडी प्रसाद भट्ट ने कहा कि अलकनंदा ग्लेशियरों से पोषित नदी है और उच्च हिमालय में हो रही गतिविधियों का इस पर सीधा असर पड़ता है। भट्ट ने बताया कि 1930 में बद्रीनाथ मंदिर के पास अलकनंदा का जलस्तर 30 फीट तक बढ़ गया था। इसी तरह 2014 में बद्रीनाथ में अलकनंदा ने उग्र रूप धारण कर लिया था। बद्रीनाथ आध्यात्मिक नगरी के मास्टर प्लान के निर्माण के तहत कोई भी कार्यक्रम शुरू करने से पहले नदियों के चरित्र, भूगोल और मौसम के प्रभावों का विस्तृत विश्लेषण किया जाना चाहिए अन्यथा इसके बुरे प्रभाव सामने आ सकते हैं।*

## रूस के राजदूत ने पीएम मोदी के मास्को दौरे को लेकर कहा

# भारत हमारा पुराना दोस्त, हम कई क्षेत्रों में सहयोग कर रहे, मजबूत होंगे द्विपक्षीय संबंध

*यूएन में रूस के स्थाई प्रतिनिधि वसीली नेबेन्ज्या ने पीएम मोदी के रूस के दौरे को लेकर कहा है कि यात्रा के दौरान उन मुद्दों पर ठोस चर्चा होगी जिन पर दोनों देश सहयोग करते रहे हैं।*

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र में रूस के स्थाई प्रतिनिधि वसीली नेबेन्ज्या ने कहा भारत के साथ हमारे विशेष रणनीतिक साझेदारी वाले संबंध हैं। भारत रूस का पुराना मित्र है। हम कई क्षेत्रों में सहयोग कर रहे हैं। भारत को रूस का पुराना दोस्त बताते हुए यहां मास्को के राजदूत वसीली नेबेन्ज्या ने कहा कि उनके देश के नई दिल्ली के साथ विशेष रणनीतिक साझेदारी के संबंध हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि पीएम नरेंद्र मोदी के रूस दौरे से द्विपक्षीय संबंध और बेहतर होंगे। संयुक्त राष्ट्र में रूस के स्थाई प्रतिनिधि वसीली नेबेन्ज्या ने जुलाई महीने के लिए रूस के सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभालने के मौके पर एक संवाददाता सम्मेलन में पीएम मोदी के संभावित मास्को दौरे पर एक सवाल का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की।

आपसी सहयोग का दूसरे देशों को गंभीर संदेश जाएगा

पीएम मोदी का आखिरी दौरा 2019 में हुआ था



फाइल फोटो

भारत और रूस के संबंध और भी बेहतर होंगे

सहयोगी मुद्दों पर ठोस चर्चा होगी

**भारत के साथ हमारे विशेष रणनीतिक साझेदारी वाले संबंध हैं। -नेबेन्ज्या**

### पांच साल बाद मास्को दौरा

बता दें, करीब पांच साल के अंतराल में पीएम मोदी की पहली रूस यात्रा होगी। उनका रूस का आखिरी दौरा 2019 में हुआ था, जब उन्होंने व्लादिवोस्तोक के सुदूर पूर्व शहर में एक आर्थिक सम्मेलन में भाग लिया था। हालांकि, क्रेमलिन के एक अधिकारी ने पिछले हफ्ते कहा था कि उनकी यात्रा के लिए तैयारियां चल रही हैं। रूसी राष्ट्रपति के सहायक यूरी उशाकोव ने कहा था कि मैं इस बात की पुष्टि कर सकता हूं कि हम भारत के प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारियां कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार पीएम मोदी आगामी 8-9 जुलाई को रूस की आधिकारिक यात्रा पर मास्को जाएंगे।

### भारत-रूस के विशेष संबंध

नेबेन्ज्या ने कहा कि भारत के साथ हमारे विशेष रणनीतिक साझेदारी वाले संबंध हैं। भारत रूस का पुराना मित्र है। हम कई क्षेत्रों में सहयोग कर रहे हैं और मुझे लगता है कि पीएम मोदी की संभावित यात्रा के दौरान उन सभी मुद्दों पर ठोस बातचीत होगी, जिन पर दोनों देश सहयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात का भरोसा है कि इससे दूसरे देशों को गंभीर संदेश जाएगा। नेबेन्ज्या ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि रूस-भारत संबंध और भी बेहतर होंगे। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ वार्ता के लिए भारत और रूस अगले हफ्ते पीएम मोदी के मास्को दौरे की योजना पर विचार कर रहे हैं।

## बाइडेन और मोदी की जी-7 में भी हुई थी मुलाकात

भारत-अमेरिका के रिश्तों पर बोले पटेल

# दोनों देश कई क्षेत्रों में अपने संबंधों को कर रहे हैं गहरा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने सोमवार को कहा कि उनका देश आर्थिक और सुरक्षा सहयोग समेत कई अहम क्षेत्रों में भारत के साथ संबंधों को गहरा कर रहा है और वह ऐसा करना जारी रखेगा।



अमेरिकी विदेश मंत्रालय के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में भारत और अमेरिका के बीच संबंधों और इटली में हालिया जी-7 शिखर सम्मेलन के इतर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई बातचीत से जुड़े एक सवाल के जवाब में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जिसके साथ हम कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों, विशेष रूप से आर्थिक संबंधों, सुरक्षा सहयोग के क्षेत्र में अपने संबंधों को प्रगाढ़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन को कुछ सप्ताह पहले जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी से कुछ देर मुलाकात करने का अवसर मिला था। उन्होंने कहा कि हम इन संबंधों को मजबूत करते रहने की दिशा में काम करेंगे।

### कोई भी देश आतंकवाद की निंदा करेगा

पाकिस्तान से जुड़े एक सवाल के जवाब में वेदांत पटेल ने कहा कि हम आशा करते हैं कि दुनिया का कोई भी देश कहीं भी आतंकवाद की निंदा करेगा। लेकिन, यह अंततः भारत और पाकिस्तान के बीच का मामला है। उन्होंने कहा कि मोटे तौर पर, हम किसी भी देश द्वारा अपने पड़ोसियों के साथ अधिक सकारात्मक संबंध बनाने का निश्चित रूप से स्वागत करते हैं लेकिन जहां तक विशेष रूप से इससे संबंधित बात है, तो मैं इस पर कुछ नहीं कहना चाहता। वेदांत पटेल से पूछा गया कि भारत के ऐसे देशों से रिश्ते हैं जिनसे अमेरिका के संबंध अच्छे नहीं है। इस पर पटेल ने कहा है कि भारत एक ऐसा देश है जिसके साथ हम कई प्रमुख क्षेत्रों में अपने संबंधों को गहरा कर रहे हैं। हमारे आर्थिक व सुरक्षा संबंध आगे बढ़ रहे हैं।

### रक्षा, व्यापार में बड़े समझौते

वेदांत पटेल ने इस बात का जिक्र किया कि पिछले वर्ष अमेरिका ने पीएम मोदी की राजकीय यात्रा की मेजबानी की थी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि ऐसे कई और क्षेत्र हैं जहां दोनों देश सहयोग को और गहरा कर सकते हैं। पीएम मोदी ने पिछले साल जून में राष्ट्रपति बाइडेन के निमंत्रण पर अमेरिका की यात्रा की थी और इस दौरान दोनों देशों ने रक्षा, व्यापार और अंतरिक्ष सहयोग संबंधी कई बड़े समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने भी कुछ सप्ताह पहले दिल्ली का दौरा किया था। सुलिवन ने 17 से 18 जून तक भारत की यात्रा की थी और अपने समकक्ष अजीत डोभाल के साथ व्यापक वार्ता की थी जिसमें महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर महत्वाकांक्षी भारत-अमेरिका पहल (आईसीईटी) के कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित किया गया था।

## खबर संक्षेप

### राजिंदर खन्ना अतिरिक्त एनएसए नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के पूर्व प्रमुख राजिंदर खन्ना को अतिरिक्त राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया गया है। खन्ना को डिप्टी एनएसए के पद से पदोन्नत कर यह नया कार्यभार सौंपा गया है। यह पहली बार है जब किसी को अतिरिक्त एनएसए के पद पर नियुक्त किया गया है। खुफिया ब्यूरो के विशेष निदेशक टीवी रविचंद्रन को डिप्टी एनएसए नियुक्त किया है। अब एनएसए अजीत डोभाल पीएम मोदी की पूरी तरह से सहायता करने के लिए स्वतंत्र हैं। अन्य मुद्दों को अतिरिक्त एनएसए संभालेंगे।



### इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु पुलिस ने एक इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर को गिरफ्तार किया। जो पिछले महीने शहर के एक होटल में बंदूकधारी 'बॉडीगार्ड' के साथ घूम रहा था। गिरफ्तार इन्फ्लुएंसर की पहचान बेंगलुरु के जेपी नगर निवासी 26 वर्षीय अरुण कथारे के रूप में हुई है। कथारे ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें चोक्कनहल्ली सड़क पर बॉडीगार्ड की तरह कपड़े पहने कुछ लोग नकली एके-47 बंदूकें पकड़े हुए उसे ले जा रहे हैं।

## भारतीय सेना की टुकड़ी थाईलैंड के लिए रवाना

# सैन्य अभ्यास की रणनीति व तकनीक में करेंगे साझेदारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-थाईलैंड संयुक्त सैन्य अभ्यास मैत्री के 13वें संस्करण में भाग लेने के लिए भारतीय सेना की टुकड़ी थाईलैंड रवाना हुई। यह अभ्यास 1 से 15 जुलाई 2024 तक थाईलैंड के टाक प्रांत के फोर्ट वाचिराप्रकन में आयोजित किया जा रहा है। इसी अभ्यास का पिछला संस्करण सितंबर 2019 में मेघालय के उमरोई में आयोजित किया गया था। यह अभ्यास दोनों देशों के सैनिकों के बीच अंतर-संचालन और आपसी सौहार्द विकसित करने में सहायक होगा। रक्षा मंत्रालय ने इस बारे में जानकारी दी।



### सैन्य सहयोग को प्रोत्साहन देंगे

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मैत्री अभ्यास का उद्देश्य भारत और थाईलैंड के बीच सैन्य सहयोग को प्रोत्साहन देना है। यह अभ्यास संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय 7 के तहत जंगल और शहरी वातावरण में संयुक्त उग्रवाद और आतंकवाद से निपटने के लिए अभियानों को अंजाम देने में संयुक्त क्षमताओं को बढ़ाएगा। यह अभ्यास उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, संयुक्त योजना और संयुक्त सामरिक अभ्यास पर केंद्रित होगा। सेना की इस टुकड़ी में 76 कर्मी शामिल हैं। रॉयल थाईलैंड आर्मी की टुकड़ी में भी 76 कर्मी शामिल हैं।

## स्टालिन का जयशंकर को पत्र

# राज्य के मछुआरों के पारंपरिक अधिकारों का हो स्थाई समाधान

**चेन्नई।** तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने देश के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को पत्र लिखकर राज्य के मछुआरों के पारंपरिक अधिकारों को बनाए रखने के लिए एक स्थायी समाधान खोजने के लिए आवश्यक ठोस कदम उठाने का अनुरोध किया है।

तमिलनाडु के सीएम ने अपने पत्र में कहा है कि मैं आपके ध्यान में यह लाना चाहता हूं कि हाल के हफ्तों में श्रीलंकाई अधिकारियों की तरफ से तमिलनाडु के मछुआरों को हिरासत में लेने की मामलों में जबरदस्त बढ़ोत्तरी हुई है। सीएम एमके स्टालिन ने अपने पत्र में आरोप लगाया कि पूर्व की केंद्र सरकार ने भारतीय मछुआरों के अधिकारों और हितों को खतरे में डालते हुए और उनसे वंचित करते हुए द्वीप को पूरी तरह से श्रीलंका को सौंप दिया था।

## मुंबई पुलिस का बड़ा खुलासा

# 25 लाख में सलमान की सुपारी पाकिस्तान से आनी थी एके-47

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेता सलमान खान के घर हुई फायरिंग की जांच कर रही नवी मुंबई पुलिस ने नया खुलासा किया है।



पुलिस का कहना है कि लॉरेंस गैंग ने सलमान को मारने के लिए 25 लाख रुपए की सुपारी दी थी। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए लॉरेंस गैंग के 5 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। ये आरोपी सलमान पर हमला करने के लिए पाकिस्तान से एके-47 राइफल, एके-92 राइफल और एम-16 राइफल खरीदने की तैयारी कर रहे थे। इन्होंने जिगाना पिस्तौल भी मंगवाने की कोशिश की।

### अजय कश्यप इनका समन्वयक

इन चारों ने सलमान के घर और फार्महाउस की रेकी की थी। इनमें से अजय कश्यप ने पाकिस्तान में रहने वाले डोगर नाम के शख्स से वीडियो कॉल के जरिए संपर्क किया था। वो सलमान पर अटैक करने के लिए वहां से एके-47 मंगवाने वाले थे। ये सभी आरोपी गैंगस्टर आनंदपाल की बेटी के भी संपर्क में थे। इनके बीच समन्वयक की भूमिका निभाने वाला अजय कश्यप है।

### नाबालिग से हत्या करवाने वाले थे

इसके अलावा पुलिस को यह भी जानकारी मिली थी कि मुंबई, रायगढ़, नवी मुंबई, थाने, पुणे और गुजरात से आने वाले लॉरेंस और संपत नेहरा गैंग के तकरीबन 60 से 70 गुर्गे सलमान खान पर नजर रखे हुए हैं। ये नाबालिगों के जरिए सलमान पर अटैक करने का प्लान बना रहे थे। अटैक के बाद इनका प्लान बोट के जरिए कन्याकुमारी से श्रीलंका भाग जाने का था।

## वायु सेना प्रमुख ने हैदराबाद में हथियार प्रणाली स्कूल का किया उद्घाटन

# भविष्य की जरूरतों के अनुरूप चुनौतियों से निपटने करेंगे तैयारी

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

वायु सेना प्रमुख (सीएएस) एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने हैदराबाद के एयर फोर्स स्टेशन बेगमपेट में हथियार प्रणाली स्कूल (डब्ल्यूएसएस) का उद्घाटन किया। इसके साथ ही भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के इतिहास में एक नया अध्याय का शुभारंभ हुआ है। वायु सेना प्रमुख (सीएएस) ने 08 अक्टूबर, 2022 वायु सेना दिवस परेड समारोह के दौरान हथियार प्रणाली स्कूल के गठन की घोषणा की थी। वर्ष 2022 में भारतीय वायुसेना में अधिकारियों की एक नई इकाई हथियार प्रणाली स्कूल (डब्ल्यूएसएस) को स्वीकृति देने के बाद इसकी शुरूआत हुई। भारतीय वायु सेना को भविष्योन्मुख बल के रूप में पुनः व्यवस्थित करने और समयानुसार परिवर्तित करने के उद्देश्य से, इस नए प्रशिक्षण प्रतिष्ठान का गठन किया गया है। सामान्य रूप से सशस्त्र बलों और विशेष रूप से भारतीय वायु सेना के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।



### फ्लांइग और रिमोट स्ट्रीम का लेंगे प्रशिक्षण

डब्ल्यूएसएस प्रकृति के अनुकूल प्रभाव आधारित प्रशिक्षण प्रदान करेगा और भारतीय वायु सेना की आवश्यकताओं के अनुरूप नवगठित शाखा के अधिकारियों को तैयार करेगा। हथियार प्रणाली शाखा के फ्लाइट कैडेट इस संस्थान में अपने दूसरे सेमेस्टर का प्रशिक्षण लेंगे। नई शाखा में फ्लाइंग स्ट्रीम, रिमोट स्ट्रीम, और अंतरिक्ष-आधारित खुफिया कार्य को संभालने के लिए इंटेलिजेंस स्ट्रीम की चार धाराएं शामिल होंगी।


### युद्धक क्षमता में वृद्धि होगी

*वीआर चौधरी ने कहा कि हथियार प्रणाली स्कूल के निर्माण के साथ, जमीन आधारित और विशेषज्ञ हथियार प्रणालियों के संचालक एक मंच पर आ जाएंगे, जिससे भारतीय वायुसेना की युद्धक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने प्रशिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे इस एक नवगठित शाखा में अग्रणी है। वे ऐसे स्तंभ हैं जिन पर प्रशिक्षण व्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी है। इससे वायु सेना सुदृढ़ होगी। वायु सेना प्रमुख ने सभी कर्मियों से देश में हथियार प्रणालियों के प्रशिक्षण के लिए स्कूल को एक नोडल केंद्र के रूप में स्थापित करने का आग्रह किया।*

## नेपाल में बदला सियासी घटनाक्रम

# प्रचंड बोले- नहीं दूंगा इस्तीफा विश्वास मत का करूंगा सामना

**काठमांडू।** नेपाल में सियासी घटनाक्रम तेजी से बदल रहा है। नेपाल के सबसे बड़े दलों नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल के बीच समझौता हो गया है। इस बीच नई गठबंधन सरकार बनाने के लिए सहमति बनने के दौरान प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने पद से इस्तीफा नहीं देने का फैसला किया है। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी केंद्र) के सचिव गणेश शाह ने बताया कि पार्टी पदाधिकारियों की मंगलवार को प्रधानमंत्री कार्यालय में हुई बैठक में प्रचंड ने कहा कि वह पद से इस्तीफा देने के बजाय संसद में विश्वास मत का सामना करना पसंद करेंगे। नेपाल में 78 वर्षीय देउबा और 72 वर्षीय ओली ने संसद के बचे हुए कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री पद को बारी-बारी से साझा करने पर सहमति व्यक्त की है।





# अजय देवगन की फिल्में दूरदर्शन पर होंगी प्रसारित

**नई दिल्ली।** दूरदर्शन देश का पहला चैनल है, जिसने हमें सिनेमा और समाचार से जोड़ा। बचपन में हम सभी दूरदर्शन पर आने वाले कार्यक्रमों का इंतजार करते थे। खासकर, शनिवार और रविवार को प्रसारित होने वाली फिल्में तो दर्शक बहुत चाव से देखते। अब वैसा ही दौर इस चैनल पर फिर आने वाला है। इस बार खास सेवाएं हैं अजय देवगन के प्रशंसकों के लिए। दूरदर्शन अपने दर्शकों और अजय देवगन के प्रशंसकों के लिए एक विशेष प्रसारण करने जा रहा है। डीडी नेशनल पर हर शुक्रवार और शनिवार को अजय देवगन की सुपरहिट फिल्मों को दिखाया जाएगा।

लाइफ Style

# देवलीना

## किरदार का प्रकार रखता है मायने

मुंबई की फिल्म नगरी ऐसी है कि यहां शोहरत पाने के बाद बड़े बड़े सितारे अपनी जमीन को भूल जाते हैं। लेकिन, छोटे परदे की सुपरस्टार देवोलीना भट्टाचार्जी अपनी जमीन, अपनी मिट्टी नहीं भूली हैं। असम में बनी हिंदी फिल्म 'कूकी' में उनके अभिनय की खूब तारीफ हो रही है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक छोटी सी मुलाकात में उनसे चार बातें हुईं और उसी दौरान चली चर्चा में वह बोलीं, 'मेरे लिए किरदार का प्रकार मायने रखता है। परदे का आकार मेरे लिए मायने नहीं रखता...!' राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफडी) की स्नातक देवोलीना के लिए अभिनय बस एक सपने जैसा ही रहा। गुरुग्राम से पढ़ाई करने वह दिल्ली में फैशन तकनीक सीख रही थीं जब उन्हें एक मशहूर जेवरात कंपनी ने अपने यहां नौकरी ऑफर कर दी। मुंबई आई तो वह इसी नौकरी के लिए ही थीं, लेकिन भरतनाट्यम की प्रशिक्षित नर्तकी देवोलीना के 'डांस इंडिया डांस 2' के लिए दिए गए ऑडिशन ने उन्हें दिला दिया धारावाहिक 'सवारे सबके सपने प्रीतो'। इसके बाद तो 'बिग बॉस' में उनकी हैट्रिक बनी। 'साथ निभाना साथिया' की गोपी बहू ने उन्हें देश के घर घर तक पहुंचाया और शोहरत का सातवां आसमान उन्होंने लगातार नापा। देवोलीना को हाल ही में बड़े परदे पर फिल्म 'कूकी' में देखा गया। असम में बनी इस हिंदी फिल्म के लिए इसकी निर्माता जुन्मोनी ने जैसी ही देवोलीना की मदद मांगी, असम के शिवसागर में ही जन्मी देवोलीना तुरंत तैयार हो गईं।



## हॉलीवुड मसाला



# फिल्म देख रोने लगते हैं लोग

**लॉस एंजिलिस।** थाईलैंड में एक फिल्म आई है। नाम है हाऊ टू मेक मिलियन बिफोर ग्रैंडमां डाएज। इस फिल्म को अब दुनियाभर में देखा जा रहा है और जहां भी ये फिल्म रिलीज हो रही है वहां की जनता इसे देख काफी इमोशनल हो जा रही है। ऐसा सामने आया है कि इस फिल्म को देखने के बाद थिएटर में लोग इतना रो रहे हैं कि उन्हें टीशू पेपर की जरूरत पड़ जा रही है। इस मूवी की बात करें तो इसमें एक बूढ़ी दादी मां के दृष्टिकोण से एक परिवार की कहानी दिखाई गई है।



# मिली ने 20 साल की उम्र में गुपचुप रचाई शादी

**लॉस एंजिलिस।** 20 साल की मिली बॉबी ब्राउन ने अपने 22 साल के बॉयफ्रेंड जेक बोनजियोवी से शादी कर ली है। दोनों ने बेहद गुपचुप तरीके से शादी की। उनकी शादी पिछले हफ्ते हुई पर किसी को भी इसकी भनक नहीं लगी। अब रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि स्ट्रेंजर्स थिंग्स की स्टार ने अपना घर बसा लिया है। उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड को अपना हमसफर बनाया है। जेक मॉडल हैं. वो मशहूर संगीतकार जॉन बोन जोवी के बेटे हैं। मिली और जेक काफी वक्त से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे और अब दोनों ने शादी कर ली है। इन दोनों स्टार की शादी में ज्यादा तामझाम नहीं किया गया। दोनों के बेहद करीबी दोस्त और परिवार वाले ही इस शादी में शामिल हुए थे।



# डिप्रेशन के दिनों को याद कर छलका दर्द

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री आलिया भट्ट की बहन शाहीन भट्ट की खासियत ये है कि उनका अपना अनुभव उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा सबक बन चुका है। उनको हादसों ने पाला है। और, उनका हर एक चलन निराला है। वह मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे पर खुलकर बात करती हैं। हाल ही में, अपने मानसिक स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म 'हियर कम्स द सन' पर लेखिका ने एक वीडियो का एक अंश साझा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि बचपन में उन्हें लगता था कि कुछ गड़बड़ है और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारण वह दूसरे आम बच्चों की तरह नहीं हैं। शाहीन ने कहा, 'डिप्रेशन तब शुरू हुआ जब मैं बहुत छोटी थी। मैं लगभग 12 साल की थी। उस समय, कोई भावनात्मक सपोर्ट नहीं थी। जब मैं बड़ी हो रही थी, तब भी डिप्रेशन के बारे में बात नहीं की जाती थी।'



# विजय ने निगेटिव रोल में पाई शोहरत

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय वेब सीरीज 'मिर्जापुर' का तीसरा सीजन जल्द ही प्रीमियर होने वाला है। इस नए सीजन का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस सीरीज को पसंद करने वाले दर्शकों की सूची काफी लंबी है, जो इसके नए सीजन को लेकर काफी उत्साहित भी नजर आ रहे हैं। हाल में ही इसका ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिस पर दर्शकों ने काफी प्रतिक्रिया भी दी थी। इस सीरीज में अभिनेता विजय वर्मा जुड़वा भाइयों की दोहरी भूमिका में नजर आए हैं। इस का दूसरा सीजन एक ऐसे मोड़ पर खत्म हुआ था, जिसने दर्शकों को सोच में डाल दिया था कि छोटे भाई की मौत हुई थी या बड़े भाई की। बॉलीवुड फिल्मों और वेब सीरीज में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले विजय वर्मा हैदराबाद के एक मारवाड़ी परिवार से ताल्लुक रखते हैं।

## टीवी मसाला



# जुलाई में शुरू होंगे नए धमाकेदार टीवी सीरियल्स

**नई दिल्ली।** जुलाई के महीने में कई टीवी शोज की शुरुआत होने वाली है। इन टीवी शोज की कहानी इतनी दमदार है कि यह 'अनुपमा' जैसे पॉपुलर टीवी शो को भी टक्कर दें सकते हैं। इस सूची में 'खूबसूरत', 'मेघा बरसेंगे', 'मिश्री', 'दिल को तुमसे प्यार हुआ' और भी कई टीवी शोज का नाम शामिल है। कलर्स टीवी पर 'डोरी' सीरियल का दूसरा सीजन जल्द शुरू होगा। नए सीजन के साथ 'डोरी 2' सीरियल नई स्टारकास्ट के साथ जल्द ही टीवी की दुनिया में दस्तक देने वाला है। खास बात तो यह है कि इस सीरियल के लिए लीड एक्ट्रेस का नाम भी तय हो चुका है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आशी सिंह 'डोरी 2' का हिस्सा नहीं बन सकती हैं। अभिनेत्री निहारिका चौकसे भी 'डोरी 2' में लीड रोल अदा करती दिखाई देंगी। हो सकता है कि यह शो जुलाई में ही शुरू हो जाए। कलर्स टीवी अपने नए शो 'खूबसूरत' से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। शो 'खूबसूरत' साधारण लड़की के सपनों की कहानी है, जिससे हर एक मुंबईवासी खुद को जुड़ा पाता है। एक चॉल में रहने वाली नव्या शहर की गगनचुंबी इमारतों जितनी ऊंची आकांक्षाओं के साथ खड़ी है।

## नए टप्पू की सैलरी जान लगेगा झटका भव्य गांधी से डबल है एक्टर की फीस

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में नए टप्पू नितीश भलुनी की एंट्री हो चुकी है। नितीश को भी लोगों का खूब प्यार मिल रहा है। तारक मेहता का उल्टा चश्मा कई सालों से लोगों का एंटरटेनमेंट करता आ रहा है। सबसे पहले भव्य गांधी इस रोल को निभाते थे।



तारक मेहता का उल्टा चश्मा की जब शुरुआत हुई थी तब इस किरदार को भव्य गांधी ने निभाया था। भव्य ने 2008 से लेकर 2017 तक ये रोल किया। उसके बाद उन्होंने शो छोड़ दिया क्योंकि वो फिल्मों में अपना हाथ आजमाना चाहते थे। रिपोर्ट्स की माने तो भव्य की फीस एक एपिसोड की 10000 रुपए थी। राज अनादकत ने भव्य को 2017 में रिप्लेस किया था। जब उन्होंने भव्य को रिप्लेस किया तो टप्पू के किरदार की फीस बढ़ गई। राज को एक एपिसोड के लिए 20000 रुपए मिलते थे। भव्य से राज की सैलरी डबल थी। पांच सालों तक ये किरदार निभाने के बाद राज ने भी ये शो छोड़ने का फैसला लिया। नए टप्पू यानी नितीश भलुनी को भी 20000 रुपए पर एपिसोड के लिए मिल रहे हैं।

# प्रभास ने 'स्टेपामार' को बताया 'मेंटल एनर्जी सॉन्ग'

**मुंबई।** साउथ अभिनेता राम पोथिनेनी और संजय दत्त की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डबल इस्मार्ट' इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कुछ जानकारियां देने के बाद हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर को भी जारी कर दिया था, जिसे दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिली थी। वहीं, हाल ही में फिल्म का गाना 'स्टेपामार' भी रिलीज कर दिया है। कल्कि 2898 एडी अभिनेता प्रभास ने इस गाने की तारीफ की है और इसे 'मेंटल एनर्जी सॉन्ग' बताया है। उन्होंने गाना शेयर करते हुए लिखा, "मेंटल एनर्जी सॉन्ग! राम और पुरी गारू की ओर से क्या एनर्जी है! इस डांस नंबर को नकाश अजीज, साहिती ने गाया है और इसे मोशिन ने लिखा है, जबकि संगीत मणि शर्मा का है। इस फिल्म का पहला भाग साल 2019 में रिलीज हुआ था। इस साइंस फिक्शन- एक्शन फिल्म को पुरी जगन्नाथ ने लिखा और निर्देशित किया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काफी सफल साबित हुई थी। इस फिल्म से अभिनेता के फैंस काफी उत्साहित थे और फिल्म बड़े पैमाने पर दर्शक बटोर पाने में सफल रही थी। फिल्म का निर्माण चार्मी कौर और पुरी जगन्नाथ ने पुरी कनेक्ट्स के बैनर तले किया है। फिल्म में बॉलीवुड स्टार संजय दत्त भी खलनायक की भूमिका में नजर आने वाले हैं। फिल्म में बानी जे, अली, गेटअप श्रीनु, सयाजी शिंदे, मकरंद देशपांडे, टेम्पर वामसी भी अहम भूमिका में दिखेंगे।

# थ्रिलर-सस्पेंस देखना चाहते हैं, तो देखिए ये पंजाबी वेब सीरीज, जो कर देंगी आपके रोंगटे खड़े ...

**मुंबई।** हिंदी वेब सीरीज से बोर हो चुके हैं तो देखिए ये बेहतरीन पंजाबी वेब सीरीज, जो एक्शन, थ्रिलर और सस्पेंस से भरपूर हैं। ये पंजाबी वेब सीरीज दुनिया भर में धूम मचा रही हैं। आपके लिए कुछ बेहतरीन पंजाबी वेब सीरीज लेकर आए हैं, जिसमें रणदीप हुड्डा अभिनीत 'कैट', सुरविंदर विक्की अभिनीत 'कोहरा' जैसी तमाम वेब सीरीज शामिल हैं।

'कैट' एक थ्रिलर पंजाबी वेब सीरीज है, जो पंजाब के ड्रग व्यापार के अंधेरे पहलू को उजागर करती है। पूर्व मुखबिर गुरनाम सिंह का किरदार रणदीप हुड्डा ने निभाया है, जो अपने भाई को बचाने के लिए फिर से इस खेल में शामिल होना पड़ता है। पुलिस अधिकारी



सेहताब सिंह का किरदार सुविंदर विक्की ने निभाया है, जो अंडरकवर काम करते है। इस पंजाबी वेब सरीजी को आप नेटफ्लिक्स पर घर बैठे देख सकते हैं।

म्यूजिकल थ्रिलर पंजाबी वेब सीरीज 'चमक' पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री के अंधेरे पक्ष को दर्शाती है। कनाडा से रैपर बनने की चाहत रखने वाला काला (परमवीर चीमा) जब पंजाब लौटता है, तो उसे पता चलता है कि उसके मशहूर गायक पिता तारा सिंह (गिप्पी ग्रेवाल) की स्टेज पर हत्या कर दी गई है। तारा अपने पिता की मौत के पीछे की सच्चाई को उजागर करते हुए न्याय की तलाश करता है।

हिंदी-पंजाबी थ्रिलर वेब सीरीज 'तब्बर' में दिखाया गया है कि एक परिवार किस हद तक अपना जीवन बीता सकता है। जालंधर में रहने वाले एक रिटायर्ड पुलिस अधिकारी ओमकार सिंह (पवन मल्होत्रा) की दुनिया तब उजड़ जाती है, जब उसका बेटा हैप्पी (गगन अरोड़ा) गलती से ट्रेन स्टेशन पर गलत बैग ले लेता है। यह बैग महीप सोढ़ी (कंवलजीत सिंह) का है, जो एक शक्तिशाली राजनेता का भाई है।

## पेज एक का शेष

### अर्थव्यवस्था में ...

की अर्थव्यवस्था के विस्तार को दर्शाता है। इसमें उत्पादन, वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य दोनों की वृद्धि को शामिल किया गया है। पिछले वित्तीय वर्ष के राज्य सकल घरेलू उत्पाद में 12,46,471 करोड़ रुपए से लगभग 9.37 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। आर्थिक सर्वेक्षण में स्पष्ट रेखांकित हुआ कि वर्ष 2023-24 के लिए स्थिर कीमतों पर जीएसडीपी 6,60,363 करोड़ रु. थी, जो पिछले वर्ष के 6,22,908 करोड़ रु. से ज्यादा है। यह लगभग 6.01 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। इससे साफ परिलक्षित होता है कि मप्र सतत रूप से आर्थिक प्रगति कर रहा है। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष 2011-12 से 2023-24 तक मप्र में प्रति व्यक्ति आय राज्य के आर्थिक विकास और समृद्धि को दर्शाती है। इस दौरान प्रति व्यक्ति एनएसडीपी में वृद्धि हुई है। मौजूदा कीमतों पर प्रति व्यक्ति शुद्ध आय वर्ष 2011-12 में 38,497 रुपए से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 1,42,565 रुपए हो गई है। इसमें लगभग चार गुना की वृद्धि हुई है।

### एक बालक 99 ...

बालक बुद्धि पूरी तरह सवार हो जाती है, तो सदन में किसी के भी गले पड़ जाते हैं। ये बालक बुद्धि अपनी सीमाएं खो देती है, तो सदन के अंदर बैठकर आंखें मारते हैं। इनकी सच्चाई अब पूरा देश समझ गया है। इसलिए आज देश इनसे कह रहा है, तुमसे न हो पाएगा। कांग्रेस और उसका तंत्र आजकल 'बच्चे' का मन बहलाने में लगे हैं। कांग्रेस और उसका ईकोसिस्टम दिन रात हिंदुस्तान के नागरिकों के मन में ये स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं कि उन्होंने हमें हरा दिया है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस से कहा कि जनादेश को फर्जी जीत के जश्न में मत दबाओ, ईमानदारी से जनादेश को समझने की कोशिश करो, उसे स्वीकार करो। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस अब 'परजीवी कांग्रेस' के नाम से जानी जाएगी क्योंकि वह जिससे गठबंधन करती है तो उसी का वोट खा जाती है।

**अग्निवीर, हिंसक हिंदू व तुष्टिकरण पर भी कांग्रेस को घेराः** कल(सोमवार को) अग्निवीर को लेकर सदन में झूठ बोला गया। कल ये झूठ बोला गया कि एमएसपी नहीं दिया जा रहा है। इसके पीछे इरादे नेक नहीं बल्कि गंभीर खतरे के हैं। इन लोगों का झूठ हमारे देश के नागरिकों की विवेक बुद्धि पर तमाचा मारने की निर्लज्ज हरकत है। ये कहा गया कि हिंदू हिंसक होते हैं। ये आपके संस्कार है? ये आपका चरित्र, आपकी सोच, आपकी नफरत है? इस देश के हिंदुओं के साथ ऐसे कारनामे? ये देश शताब्दियों तक इसी भूलने वाला नहीं है। कुछ दिन पहले हिंदुओं में जो शक्ति की परंपरा है, उसे बर्बाद करने की कोशिश की गई। ये देश शक्ति की पूजा करता है और आप उस शक्ति का विनाश करने की बात करते हैं? इस देश ने लंबे अरसे तक तुष्टिकरण की राजनीति भी देखी है, लेकिन हम तुष्टिकरण नहीं बल्कि संतुष्टिकरण के विचार को लेकर चले हैं।

### केंद्र ने...

आधिकारिक सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि जून में जीएसटी संग्रह 1.74 लाख करोड़ तक पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष के जून की तुलना में लगभग 8% ज्यादा है। सरकार ने 1 जुलाई 2017 को देशभर में जीएसटी लागू किया था। इसके बाद केंद्र और राज्य सरकारों के 17 करों और 13 उपकरों को हटा दिया गया था। जीएसटी के 7 साल पूरे होने पर वित्त मंत्रालय ने पिछले सात वर्षों के दौरान हासिल की गई उपलब्धियों को लेकर पोस्ट किया। पिछले साल जून में सरकार ने जीएसटी से 1.61 लाख करोड़ रुपए जीएसटी से जुटाए थे। वहीं अगर मई 2024 के कलेक्शन को देखें तो सरकार ने तब जीएसटी से 1.73 लाख करोड़ रुपए जुटाए थे। यानी, मई और जून का कलेक्शन लगभग बराबर रहा है।

### सनकी आशिक...

रही है। जानकारी के अनुसार, जबलपुर के ओमती थाना क्षेत्र में रहने वाली 11वीं क्लास की छात्रा की उसके ही एक दोस्त और कथित प्रेमी ने सोमवार शाम को चाकू से वारकर हत्या कर दी। आरोपी लड़की से एकतरफा प्यार करता था। हत्या के वक्त 16 वर्षीय मृतक और उसका एक अन्य दोस्त कार में घूमकर वापस लौट रहे थे। इस दौरान कार जैसे ही ओमती इलाके के घंटाघर पर रुकी और छात्रा ने उतरने के लिए गेट खोला, तभी पीछे से आरोपी युवक दौड़ लगाता हुआ वहां आया और कार से उतर रही लड़की के गले पर चाकू से वार कर दिया। छात्रा को घायल हालत में निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। देर रात मेडिकल कॉलेज लाने से पहले छात्रा ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक किशोरी की 2 साल से कपड़े की दुकान में काम करने वाले गुफरान से दोस्ती थी और दोनों अक्सर साथ में घूमने-फिरने भी जाया करते थे। इसी बीच लड़की की दोस्ती एक अन्य युवक से हो गई, जिसके बाद वह उस युवक की कार में घूमने जाया करती थी। इसको लेकर गुफरान ने कई बार किशोरी को समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं मानी। यह बात आरोपी गुफरान को नागवार गुजरी।

### बहन-बहनोई और...

और दामाद निसार खान से था। अकरम इसी झगड़े को सुलझाने के लिए बहन के घर पहुंचा था। इस्लामपुरा में जहां अकरम और उसके बड़े भाई का परिवार रहता है, वहीं पास में ही बहन नगदा उर्फ नग्गा बेगम (38) और बहनोई जहांगीर खान (40) का मकान है। जहांगीर के परिवार की एक महिला ने 3 साल पहले अकरम के दामाद निसार पर रेप का आरोप लगाया था। दोनों पक्षों में इसी बात पर रंजिश चली आ रही है। सोमवार रात दोनों पक्षों में मारपीट हुई। नग्गा शिकायत लेकर थाने पहुंच गई। अकरम की भतीजी-भतीजे भी पहुंचे। भतीजी साहिबा का आरोप है कि पुलिस ने 1500 रुपए लेकर बुआ नग्गा की बात सुनी। पुलिस ने अंदर ले जाकर भाई को पीटा।

रात 1 बजे अकरम बहन नग्गा के घर बातचीत करने गया था। उसने कहा कि घर का झगड़ा है, थाना जाने की क्या जरूरत थी। बातचीत से मामले को सुलझा सकते थे। आरोपी कहासुनी करने लगे। नौबत मारपीट तक आ गई। नग्गा, जहांगीर और उनकी बेटी सलोनी (22), बेटे सुहैल (19) ने मिलकर अकरम की हत्या कर दी।

### पार्षद वार्ड में...

इसमें से 808 करोड़ 87 लाख 48 हजार रुपए का अंतरिम बजट लोकसभा चुनाव से पहले पास हो चुका है। बजट में किसी भी प्रकार के करों में बढ़ोतरी नहीं की गई है। वार्ड नियोजन निधि के रूप में प्रति वार्ड 25 लाख रुपए के मान से बजट में 21 करोड़ 25 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। साथ ही संपत्ति कर की 50 प्रतिशत की राशि भी वार्डों के विकास कार्यों पर खर्च होगी। वहीं, एक- एक लाख राशि पार्षदों को यांत्रिकीय,सीवेज व जलकार्य के लिए उपलब्ध कराई जाएगी, जो बिना टेंडर वे कार्य करा सकेंगे। यह राशि पहली बार बजट में रखी गई है।

### नए कामों के...

- विकसित व पिछड़ी बस्तियों में जलसंरचनाओं के विकास एवं सुधार के लिए 50 करोड़ रु.
- जलभराव को रोकने के लिए नाला-नालियों के निर्माण के लिए 35 करोड़ रु.
- जीर्ण-शीर्ण बस्तियों में पुनर्वास एवं विस्थापन कार्यों के लिए 100 करोड़ रु.
- शहर में पार्कों के विकास के लिए भी 100 करोड़ रु.
- हॉकर्स कॉर्नर निर्माण के लिए 50 करोड़ रु.

### प्रदेश में अभी...

औसतन कुल 139.9 मिमी बारिश हुई है, जबकि अब तक 147.7 मिमी होना थी। प्रदेशभर में यह सामान्य औसत से 5 प्रतिशत कम है। लगातार बारिश और हवाओं की रफ्तार से पारा भी पूरे प्रदेश में सामान्य से औसतन 4 डिग्री तक नीचे पहुंच गया है। कुछ जिलों में यह नॉर्मल से 5 से 6 डिग्री तक कम होने से गर्मी का अहसास नहीं रहा। प्रदेश में गुजर रही ट्रफ लाइन और दो अन्य सिस्टम के असर से अभी दो से तीन दिन बारिश में और बढ़ोतरी होने का अनुमान है। मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार को कई जिलों में तेज से भारी बारिश होगी, जबकि भोपाल सहित अधिकांश जिलों में सामान्य वर्षा होगी।

# एशिया कप के लिए पाक टीम का ऐलान, भारत से पहले ही दिन भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*एशिया कप 2024 की अगले पखवाड़े में शुरुआत होने वाली है। श्रीलंका में होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपनी 15 सदस्यीय महिला टीम का ऐलान कर दिया है। अनुभवी ऑलराउंडर निदा डार टीम को टीम की कमान सौंपी गई है। इससे अलावा कई खिलाड़ियों को इस टीम में जगह नहीं दी गई है। हाल ही में निदा डार की कप्तानी में पाकिस्तान टीम का प्रदर्शन खराब रहा था। पाकिस्तान महिला टीम को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे में 2-0 और टी20 में 3-0 से हार का सामना करना पड़ा था। टूर्नामेंट के सभी मैच दांबुला में खेले जाएंगे। दो सेमीफाइनल 26 जुलाई को और फाइनल रविवार 28 जुलाई को होगा।*

### इन प्लेयर्स की हुई वापसी

*इंग्लैंड के खिलाफ खेलने वाली आयशा जफर और शदाफ शमास को एशिया कप 2024 के लिए चुनी गई टीम में जगह नहीं दी गई है। इरम जावेद, ओमैमा सोहेल और सैयदा अरूब शाह की टीम में वापसी हुई है। इसके अलावा 22 साल की तेज गेंदबाज तस्मिया रुबाब को पहली बार पाकिस्तान टीम में जगह मिली है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कराची में 4 दिन के कैंप के बाद टीम का ऐलान किया।*

## महिला एशिया कप 19 जुलाई से, फाइनल 28 को दांबुला में





### भारत-पाक का आमना सामना 19 को

एशिया कप 2024 में पाकिस्तान टीम ग्रुप ए में है। इस ग्रुप में उनके अलावा भारत, नेपाल और यूएई की टीम भी शामिल है। टूर्नामेंट की शुरुआत 19 जुलाई से होगी। पहले दिन ही 2 मुकाबले खेले जाएंगे। पहले मैच में नेपाल का सामना यूएई से होगा और दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान टीम की टक्कर भारत से होगी।

### महिला एशिया कप के लिए पाकिस्तान टीम

निदा डार (कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, फातिमा सना, गुल फिरोजा, इरम जावेद, मुनीबा अली, नजीहा अल्वी, नाशरा संधू, ओमैमा सोहेल, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन, सैयदा अरूब शाह, तस्मिया रुबाब, तुबा हसन।

### पाक टीम 12 दिन के कैंप में हिस्सा लेगी

*श्रीलंका की उड़ान भरने से पहले पाकिस्तान टीम 12 दिन के कैंप में हिस्सा लेगी। इसकी शुरुआत 5 जुलाई से होगी और यह 16 जुलाई तक चलेगा। बता दें कि एशिया कप नए मुख्य कोच मोहम्मद वसीम, सहायक कोच जुनैद खान और स्पिन गेंदबाजी कोच अब्दुर रहमान के लिए पहला टूर्नामेंट होगा।*

## खबर संक्षेप



### बोलीविया को हराकर पनामा क्वार्टर फाइनल में

**ओरलैंडो।** ग्रुप सी मैच में पनामा ने बोलीविया को 3-1 से हराकर दूसरे स्थान पर रहते हुए पहली बार कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहा। पनामा क्वार्टर फाइनल में ग्रुप डी के विजेता से भिड़ेगा जो ब्राजील या कोलंबिया हो सकता है। जोस फजार्डो ने लगातार दूसरे मैच में गोल दागते हुए 22वें मिनट में पनामा को बढ़त दिलाई। ब्रूनो मिरांडा ने 69वें मिनट में बोलीविया को बराबरी दिला दी। एडवर्डो गुइरेरो ने 79वें मिनट में पनामा को 2-1 की बढ़त दिलाई जबकि सेजार यानिस ने इंजरी टाइम के पहले मिनट में एक और गोल दागकर टीम की 3-1 से जीत सुनिश्चित की।डेनमार्क के कोच थॉमस क्रिस्टियनसन के मार्गदर्शन में पनामा की टीम सिर्फ दूसरी बार कोपा अमेरिका टूर्नामेंट में खेल रही है।

### उरूग्वे से 0-1 की हार के बाद बाहर हुआ अमेरिका



**कन्सास सिटी।** अमेरिका को मथास ओलिवेरा के दूसरे हाफ में दागे विवादास्पद गोल के कारण उरूग्वे के खिलाफ 0-1 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे टीम कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर हो गई। उरूग्वे की ओर से ओलिवेरा ने 66वें मिनट में गोल दागा। निकोलस डि ला क्रूज की फ्री किक पर रोनाल्ड आराजो ने हेडर लगाया। मैट टर्नर ने हेडर पर तो गोल नहीं होने दिया लेकिन रिबाउंड पर ओलिवेरा ने गोल दाग दिया। शुरुआती हेडर के दौरान ओलिवेरा ऑफ साइड लगे लेकिन वीडियो समीक्षा के बाद गोल को बरकरार रखा गया। उरूग्वे की टीम ग्रुप सी में तीन मैच में नौ अंक के साथ शीर्ष पर रही। पनामा ने तीन मैच में दो जीत से छह अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया जबकि अमेरिका की टीम तीन मैच में एक जीत से तीन अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही।

क्रिकेट : सैमसन, दुबे और जायसवाल आखिरी 3 मैचों के लिए पहुंचेंगे हरारे

# जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले दो टी-20 मैच खेलेंगे सुदर्शन, जितेश और हर्षित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 5 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज के पहले 2 मैचों के लिए साई सुदर्शन, जितेश शर्मा और हर्षित राणा को भारतीय क्रिकेट टीम में शामिल किया है। बीसीसीआई ने विज्ञप्ति जारी कर इसकी पुष्टि की है।

इन तीनों खिलाड़ियों को संजू सैमसन, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल के स्थान पर टीम में जगह दी गई है। ये तीनों खिलाड़ी टी-20 विश्व कप 2024 की चैंपियन टीम का हिस्सा थे। बयान में यह भी स्पष्ट किया गया है कि सैमसन, दुबे और जयसवाल सीरीज के आखिरी 3 मैचों के लिए हरारे पहुंचकर टीम के साथ जुड़ जाएंगे।

### पहले 2 टी-20 मैचों के लिए भारतीय टीम

जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले 2 टी-20 अंतरराष्ट्रीय के लिए भारतीय टीमः शुभमन गिल (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे, साई सुदर्शन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर) और हर्षित राणा।



### हर्षित को पहली बार मिली भारतीय टीम में जगह

टीम में शामिल किए गए हर्षित ने अभी तक कोई भी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला नहीं खेला है, जबकि सुदर्शन और जितेश ने क्रमशः 3 वनडे और 9 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। विशेष रूप से, हर्षित और सुदर्शन ने आईपीएल 2024 में बेहद शानदार प्रदर्शन किया था। ऐसे में यह उसका इनाम माना जा सकता है। हालांकि, विकेटकीपर जितेश का प्रदर्शन इस साल लीग में कुछ खास नहीं रहा था।

### भारत के खिलाफ जिम्बाब्वे टीम का ऐलान, धाकड़ खिलाड़ी की हुई एंट्री



**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद अब भारतीय टीम जिम्बाब्वे का दौरा करेगी। इस दौरान दोनों टीमों के बीच 5 टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इस सीरीज की शुरुआत 6 जुलाई से होगी। सीरीज की शुरुआत से पहले जिम्बाब्वे ने अपने स्क्वॉड का एलान कर दिया है। मेजबान टीम में स्टार खिलाड़ी की एंट्री हुई है। दरअसल, जिम्बाब्वे ने अपने स्क्वॉड में अंतुम नकवी को शामिल किया है।

#### अंतुम नकवी का प्रदर्शन

अंतुम नकवी ने इंटरनेशनल डेब्यू नहीं किया है। उन्होंने अब तक खेले 7 टी20 की 5 पारियों में 34.50 की औसत और 146.80 की स्ट्राइक रेट से 138 रन बनाए हैं। इस फॉर्मेट में उनका सर्वाधिक स्कोर 38 रन है। टी20 में अंतुम नकवी ने 9 विकेट भी चटकाए हैं। उन्होंने 8 लिस्ट ए मैच की 8 पारियों में 514 रन बनाए हैं और 9 शिकार किए हैं।

#### टी20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे टीम

सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जॉनाथन कैंपबेल, तेंडाई चटारा, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट कैया, क्लाइव मदांडे, वेस्ली माधेवेर, तदिवानाशे मारुमनी, वेलिंगटन मसाकाद्जा, ब्रैंडन मावुता, ब्लेसिंग मुज़ारबानी, डायोन मायर्स, अंतम नकवी, रिचर्ड नगारवा, मिल्टन शुम्बा।

#### 5 मैचों की टी20 सीरीज का शेड्यूल

| | |
|---|---|
| पहला टी20 | : 6 जुलाई, हरारे स्पोर्ट्स क्लब |
| दूसरा टी20 | : 7 जुलाई, हरारे स्पोर्ट्स क्लब |
| तीसरा टी20 | : 10 जुलाई, हरारे स्पोर्ट्स क्लब |
| चौथा टी20 | : 13 जुलाई, हरारे स्पोर्ट्स क्लब |
| 5वां टी20 | : 14 जुलाई, हरारे स्पोर्ट्स क्लब |

विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट

# 44 गलतियां कर नागल पहले दौर में हारकर बाहर



एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत के शीर्ष एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने 44 सहज गलतियां की और विंबलडन के पहले दौर में सर्बिया के मियोमिर केकमानोविच के खिलाफ चार सेट में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में पहली बार हिस्सा ले रहे नागल को दो घंटे 38 मिनट तक चले मुकाबले में सोमवार रात 2-6, 6-3, 3-6, 4-6 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया के 53वें नंबर के खिलाड़ी केकमानोविच के खिलाफ नागल ने एक सेट जीता। भारत के 72वीं रैंकिंग वाले 26 वर्षीय खिलाड़ी ने 47 विनर भी लगाए लेकिन अंत में नागल केकमानोविच के 122 अंक के मुकाबले केवल 104 अंक ही जुटा पाए। सर्बियाई खिलाड़ी ने छह ऐस लगाए और केवल दो डबल फॉल्ट किए।

### नागल का मौजूदा सत्र रहा शानदार

नागल का मौजूदा सत्र शानदार रहा है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रॉ के लिए भी क्वालीफाई किया था। उन्होंने शुरुआती दौर में कजाखस्तान के 31वें वरीय एलेक्जेंडर बुब्लिक को हराया था और 35 साल में किसी ग्रैंडस्लैम में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय पुरुष टेनिस खिलाड़ी बने थे। नागल ने एटीपी 1000 प्रतियोगिता इंडियन वेल्स मास्टर्स और मोंटे कार्लो मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ के लिए भी क्वालीफाई किया था। इस भारतीय ने इस सत्र में दो चैलेंजर प्रतियोगिताएं हीलब्रॉन चैलेंजर और चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर जीते हैं। उन्होंने फ्रेंच ओपन में भी हिस्सा लिया था लेकिन शुरुआती दौर में हार गए थे।


यूरो कप 2024

## स्लोवेनिया को हराकर पुर्तगाल पहुंचा क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी ▶▶| (फ्रैंकफर्ट (जर्मनी)

विश्व रैंकिंग में 57वें स्थान पर काबिज स्लोवेनिया ने यूरो 2024 फुटबॉल के प्री-क्वार्टर फाइनल में क्रिस्टियानो रोनाल्डो और कई दिग्गज खिलाड़ियों से सजी पुर्तगाल की टीम को 120 मिनट तक गोल करने से रोके रखा लेकिन टीम पेनल्टी शूटआउट में 0-3 से हार गयी।

अंतिम आठ में पुर्तगाल के सामने अब फ्रांस की चुनौती होगी। यूरो 2024 में अपने पहले गोल की तलाश कर रहे रोनाल्डो मैच में पांच-छह ऐसे मौकों पर चूक गये जिसे वह पिछले 20 साल के अपने करियर में गोल में बदलते रहे हैं।



### अतिरिक्त समय में भी रही बराबरी

*नियमित समय में मैच गोल रहित रहने के बाद आधे घंटे के अतिरिक्त समय में भी यह मुकाबला गोल रहित रहा। अतिरिक्त समय के बाद भी मैच गोलरहित बराबरी पर छूटा और फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ। पुर्तगाल के गोलकीपर डिओगो कोस्टा ने इसके बाद पेनल्टी शूटआउट में स्लोवेनिया के जोसिप इलिकिक के पहले प्रयास को विफल कर दिया।*

## जमशेदपुर, शिलॉग डूरंड कप के होंगे नए मेजबान, 27 से कोलकाता में होगा शुरू

**कोलकाता।** भारतीय फुटबॉल के घरेलू सत्र का पहला टूर्नामेंट डूरंड कप 27 जुलाई से 31 अगस्त तक चार स्थानों पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें इंडियन सुपर लीग, आई-लीग और अन्य आमंत्रण टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। एशिया के सबसे पुराने टूर्नामेंट के 133वें सत्र में राउंड-रॉबिन लीग और नॉकआउट प्रारूप में 43 मैच खेले जाएंगे, जिसमें शुरुआती और फाइनल मुकाबला कोलकाता के प्रतिष्ठित विवेकानन्द युवा भारती क्रीडांगन (साल्टलेक स्टेडियम) में खेला जायेगा। कोलकाता तीन ग्रुपों की मेजबानी करेगा जबकि कोकराझार, शिलांग और जमशेदपुर एक-एक ग्रुप की मेजबानी करेंगे। आईएसएल टीम मोहन बागान सुपरजायंट मौजूदा चैंपियन है, जिसने रिकॉर्ड 17 बार इस टूर्नामेंट को जीता है।

**इस प्रारूप में खेला जाएगा टूर्नामेंट :** टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग लेगी जिन्हें छह ग्रुप में बांटा गया है। हर ग्रुप की शीर्ष टीम के साथ अगली दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। आयोजकों ने मंगलवार को बताया कि पिछले साल की तरह इस बार भी विदेशी टीमें टूर्नामेंट का हिस्सा बनेंगी। टूर्नामेंट को देश के पूर्व और उत्तर-पूर्व में और अधिक फैलाने की अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए इस साल भी दो नये शहरों जमशेदपुर और शिलांग को मेजबान के रूप में जोड़ा गया है।

# ओसाका ने पैरी को हराकर दर्ज की जीत, गॉफ भी अगले दौर में

एजेंसी ▶▶| विंबलडन

नाओमी ओसाका ने विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में छह साल में पहली जीत दर्ज की जब वह डियाने पैरी को हराकर महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहीं।

आसोका पांच साल विंबलडन में खेली भी नहीं। आसोका ने पहले दौर के कड़े मुकाबले में पैरी को 6-1, 1-6, 6-4 से हराया।जनवरी में टूर पर वापसी से पूर्व 15 महीने तक बाहर रहीं ओसाका की विश्व रैंकिंग इस समय 113 है जबकि वह दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी रह चुकी हैं। पैरी की विश्व रैंकिंग 53 है। दो बार की अमेरिकी और ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता ओसाका 2019 में पहले दौर में हार के बाद पहली बार विंबलडन में हिस्सा ले रहीं थी। इससे पहले कई बार की ग्रैंडस्लैम विजेता एरिना सबालेंका और विक्टोरिया अजारेंका ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया।



### अन्य मैचों में खिलाड़ियों का प्रदर्शन

गत अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉफ, 2021 की अमेरिकी ओपन विजेता ऐमा राडुकानु और तीन बार के ग्रैंडस्लैम विजेता कार्लोस अल्कारेज भी जीत दर्ज करने में सफल रहे।

टी-20 वर्ल्ड कप टूर्नामेंट में देखने मिले एक से बढ़कर एक रोमांचक मैच

# फाइनल ही नहीं इन मुकाबलों ने भी बढ़ाई फैंस की धड़कनें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका को 7 रन से शिकस्त दी। इसके साथ ही रोहित शर्मा आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले तीसरे भारतीय कप्तान बन गए। इससे पहले मैन इन ब्लू ने कपिल देव और महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में आईसीसी ट्रॉफी उठाई थी। भारतीय टीम ने पहली और आखिरी बार 2007 में टी20 वर्ल्ड कप जीता था। इसके अलावा टीम ने साल 2013 में लास्ट टाइम आईसीसी की कोई ट्रॉफी (चैंपियंस ट्रॉफी) अपने नाम की थी। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के दौरान कई रोमांचक मुकाबले हुए।

### हाईवोल्टेज रहा भारत बनाम पाकिस्तान मैच



ग्रुप स्टेज में भारतीय टीम का समाना पाकिस्तान से हुआ था। इस लो स्कोरिंग मैच में टीम इंडिया ने पाकिस्तान को 6 रन से मात दी थी। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम 19 ओवर मे 119 रन पर ही सिमट गई थी। बाबर आजम की टीम को जीत काफी आसान लग रही थी, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने पाकिस्तान के मंसूबो पर पानी फेर दिया था। जसप्रीत बुमराह ने 3 और हार्दिक पांड्या ने 2 विकेट चटकाए थे। साथ ही अक्षर पटेल और अर्शदीप सिंह ने 1-1 शिकार कर पाक को धूल चटा दी।

### भारत बनाम साउथ अफ्रीका फाइनल

टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल ने फैंस की धड़कने बढ़ा दी थीं। भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज करते हुए 176 रन बनाए थे। जवाब में साउथ अफ्रीका ने 15 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 151 रन बना दिए थे। टीम को आखिरी 30 गेंदों पर जीत के लिए 30 रन चाहिए थे। भारतीय तेज गेंदबाजों की तिकड़ी ने यहां से मैच पलट दिया।

### ऐसे रहा श्वासरोधक रोमांचक मुकाबला

जसप्रीत बुमराह ने 16वें ओवर में 4 रन और 18वें ओवर में 2 रन देकर 1 शिकार किया। अर्शदीप सिंह ने 19वें ओवर में 4 रन खर्च किए। हार्दिक पांड्या ने 17वें ओवर में 4 रन और आखिरी ओवर में 8 रन दिए। 20वें ओवर में साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 16 रन चाहिए थे। ओवर की पहली ही गेंद पर सूर्यकुमार यादव ने डेविड मिलर का उम्दा कैच लपका और भारत की जीत पक्की कर दी।

**जाहिर सूचना**

**आवासीय मकान नम्बर-237-ए (कार्नर), हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, न्यू अशोका गार्डन, नगर निगम सीमा के अन्दर, भोपाल (म०प्र०) के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री ऋषक कुमार जैन आत्मज श्री परवचन्द जैन निवासी- म.न. 02, जी-5, मिनाल होम्स, पंजाबी बाग रायसेन रोड, भोपाल ने (1) श्रीमती किरण बाई पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार मालवीय (2) श्री राजेन्द्र कुमार मालवीय आत्मज श्री छोटेलाल मालवीय दोनो निवासीगण -डी-507, न्यू मिनाल रेसीडेन्सी, जे.के.रोड़ भोपाल जिला - भोपाल (म.प्र.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की स्वअर्जित सम्पति -आवासीय मकान न. -0237 - ए, (कार्नर), हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, न्यू अशोका गार्डन, नगर निगम सीमा के अन्दर, भोपाल तहसील - हुजूर जिला-भोपाल म.प्र. में स्थित है जिसके भूखण्ड का क्षेत्रफल - 450 वर्गफिट अर्थात-41.82 वर्गमीटर है, जिस पर मकान निर्मित है, जिसको क्रय करने का मेरे पक्षकार ने अनुबंध कर ब्याना/टोकन राशि का भुगतान कर दिया है जिसके विक्रय पत्र का पंजीयन (रजिस्ट्री) होना शेष है, यदि किसी भी व्यक्ति, व्यक्तियो, संस्था, सोसायटी, फर्म, बैंक, हितबद्ध व्यक्ति इत्यादि को उक्त भूखण्ड को विक्रय / हस्तान्तरण किये जाने में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो या उक्त भूखण्ड कही अन्यत्र, रहन, विक्रय, अनुबंधित, दान, बंधक आदि हो तो वह मेरे कार्यालय में 07 दिवस के अन्दर मय दस्तावेज सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर रसीद प्राप्त करें, अन्यथा मेरा पक्षकार समयावधि पूर्ण होने के उपरांत उक्त भूखण्ड की रजिस्ट्री एवं नामान्तरण (दाखिल-खारिज ) अपने पक्ष में करा लेगा, समयावधि के बाद कोई भी आपत्ति मान्य नही होगी तथा शून्य, अवैधानिक व झूठी समझी जावेगी।

भवदीय **विनोद साहू (एडवोकेट)**
साहू लॉ चेम्बर बिजली घर के पास,
शासकीय पशु चिकित्सालय के ठीक सामने गौहरगंज रोड,
औबेदुल्लागंज, जिला - रायसेन
9993059594

**कार्यालय नगर पालिका निगम, (यांत्रिक विभाग) भोपाल**

YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

क्रमांक 21/यां.वि./2024 भोपाल, दिनांक - 28.06.2024

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू. में) | निविदा क्रय करने का अंतिम | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दिनांक | समय |
| 21 | 2024_UAD _353949_1 | Construction of CC Road, Drain At Various Places Gram Bawadiya Kalan Near Jind baba W-52, jatav mohalla bawadiya Gram W-52, paal mohalla and mahendra koushal house near Govt. School Gram Bawadiya Kalan W 52 Zone 13 | 58,47,111/- | 29-Jul-2024 | 05:30 PM |
| 22 | 2024_UAD _353920_1 | Development of Green Space at bhawani Dham Park Ward 65 Zone 16 (Bhawani Dham Phase-2 Park-1, Park-2, Park-3) | 43,34,829/- | 29-Jul-2024 | 05:30 PM |
| 23 | 2024_UAD _354180_1 | Construction of CC Road, And Drain At Prem Pura, Suraj Nagar, Sewania Gond, And other Locations of Ward 26 Zone 21 | 42,36,851/- | 29-Jul-2024 | 05:30 PM |
| 24 | 2024_UAD _354260_1 | 1. Construction of RCC Drain At Shiv Nagar Phase-1-2 And 3-( Anant Nagar Vinod Gupta Gali, Prahlad Wali Gali, Gupta nagar Wali Gali, Shivnagar Vinod Sahu ke Ghar ke Samne Gali No. 1,2,3) 2. Construction of RCC Drain W 73 Zone 16 | 44,90,948/- | 29-Jul-2024 | 05:30 PM |
| 25 | 2024_UAD _354259_1 | Providing and Fixing of Paver Blocks, CC And Other Developments Works At Budh Vihar Zone 21 | 38,12,997/- | 29-Jul-2024 | 05:30 PM |
| 26 | 2024_UAD _354265_1 | Construction of Community Hall At Ayodhya Nagar Phase-5 Part-1 Ward 68 Zone 16 | 21,18,522/- | 29-Jul-2024 | 05:30 PM |
| 27 | 2024_UAD _354266_1 | Construction of Community Toilet, Paver block And Other Development Work Near Ram Mandir TT Nagar Ward 32 Zone 21 | 33,89,812/- | 29-Jul-2024 | 05:30 PM |
| 28 | 2024_UAD _354269_1 | Construction of CC Road Near Padmavati Park Kalpana Nagar And Sonagiri W 64 Z 15 | 33,88,889/- | 29-Jul-2024 | 05:30 PM |

नोट - संशोधन वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे।

अधीक्षण यंत्री (सिविल)
नगर निगम, भोपाल

नि.क्र. : 114/024/025




## खबर संक्षेप



### हाथरस सत्संग हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**भोपाल।** राजधानी में मंगलवार को हाथरस में सत्संग के दौरान भगदड़ में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि हाथरस में भोले बाबा के सत्संग में भगदड़ में अनेकों श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई। मंडल सदस्यों द्वारा तुरंत महादेव मंदिर इंद्रपुरी में भोलेनाथ का गंगाजल से अभिषेक कर भोलेनाथ से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। प्रार्थना करने वालों में मंडल सचिव रिंकू भटेजा, गुड्डू अग्रवाल, अवनीश पटेल, मनप्रीत सिंह, पंडित गिरीश शर्मा, राधेश्याम केलसिया, राहुल विश्वकर्मा, शिवित राजपूत, सुरेंद्र गोस्वामी, प्रदीप अग्रवाल, विवेक कुमार दुबे, तनिष्क मंगल, मीनाक्षी राजपूत, प्रवीण बग्गा अनेको मंडल सदस्य उपस्थित थे।

### तिलेंडी गांव में लगाया स्वास्थ्य शिविर



**भोपाल।** एम्स भोपाल के आयुष विभाग द्वारा तिलेंडी गांव में मंगलवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का आयोजन तिलेंडी गांव के आयुष्मान आरोग्य मंदिर, स्वास्थ्य केंद्र में किया गया, जिसमें कई मरीजों ने आकर स्वास्थ शिविर का लाभ उठाया। मेडिकल ऑफिसर डॉ रंजना पांडेय और योग प्रशिक्षक चंचल सूर्यवंशी तिलेंडी गांव के शासकीय हाई स्कूल के बच्चों को योग का विशेष सत्र भी कराया गया। कैंप में आए कई लोग गठिया, चिंता और उच्च रक्तचाप जैसी पुरानी बीमारियों से ग्रसित थे। एम्स डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने इस स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में आयुष विभाग के प्रयासों की सराहना की।

### एनएचएम पर प्रदर्शन एमडी को सौंपा चेतावनी-पत्र

**भोपाल।** वेतन कटौती से आक्रोशित एनएचएम संविदा आउट सोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मंगलवार को एनएचएम कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। प्रदेशभर से आए कर्मचारी एनएचएम कार्यालय पर एकत्रित हुए और अपनी मांगों को लेकर गेट पर धरना देकर नारेबाजी की। कर्मचारियों ने एनएचएम की एमडी प्रियंका दास को सौंपे ज्ञापन में चेतावनी दी है कि अगर एक सप्ताह में उनकी मांगों का निराकरण नहीं किया तो वह आनरण अनशन करेंगे। विस सत्र के दौरान मंत्रियों और विधायकों को ज्ञापन सौंपकर गुहार लगा रहे हैं।

# 'एक पेड़ मां के नाम' को आगे बढ़ाते हुए राजधानी के बच्चों ने रोपे मां के नाम पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में शुरू किए 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के अंतर्गत मध्यप्रदेश सरकार द्वारा भी पर्यावरण संरक्षण की मुहिम छेड़ते हुए प्रदेश में 1 जुलाई से लेकर 15 जुलाई के बीच अलग-अलग जिलों में इस अभियान को चलाया जाएगा। इसी क्रम में हरिभूमि ने राजधानी के कुछ ऐसे बच्चों को तलाश की जिन्होंने अपनी मां के नाम एक पौधा रोपा।

इन लोगों ने जहां एक ओर प्रधानमंत्री मोदी की मुहिम को आगे बढ़ाया वहीं इनका कहना है कि इस प्रयास से पर्यावरण संरक्षण तो होगा ही साथ ही विश्वभर में मौजूद ग्लोबल वॉर्मिंग की समस्या से भी निजात मिलेगी।

इस प्रयास से पर्यावरण संरक्षण तो होगा ही, साथ ही विश्वभर में मौजूद ग्लोबल वॉर्मिंग की समस्या से भी निजात मिलेगी

### अपने कार्यों से हम लोगों के लिए फलदाई हमारी 'मां'



एक पौधा मां के नाम से रोपने वाली हाउसवाइफ स्मिता चौहान ने कहा कि मैंने जब से प्रधानमंत्री की अपील सुनी, तब से ठान लिया था कि अपनी मां रामरति चौहान के नाम पर एक पौधा रोपूंगी। आज मैंने अपनी मां के नाम पर घर के सामने बने पार्क में आम का एक छोटा सा पौधा लगाया। उन्होंने कहा कि आम सदाबहार फल है, जो सबको छाया देने के साथ-साथ फल भी देता है। इसीलिए मैंने यह पेड़ अपनी मां के नाम लगाया, क्योंकि मेरी मां भी आम के इस वृक्ष की तरह है, जो हमारे परिवार के लिए छत्रछाया का काम करती है। साथ ही अपने कार्यों से हम लोगों के लिए फलदाई भी हैं और हर प्रकार से हमारे घर को सुखी रखने के प्रयास में लगी रहती है।

### हमारे घर की शोभा बढ़ाने वाली 'मां'



वहीं श्री राम कॉलोनी निवासी अनु रायकवार की बेटी आकांक्षा रायकवार ने भी पीएम मोदी की मुहिम को पंख देते हुए अपने घर की क्यारी में एक पौधा अपनी मां के नाम लगाया। आकांक्षा ने कहा कि मैंने अपनी मां के नाम पर शो प्लांट लगाया है और यह मेरी मां के नाम पर इसलिए है क्योंकि जिस तरह शो प्लांट घर की शोभा बढ़ाता है, उसी प्रकार मेरी मां भी हम सब का ख्याल रखती है और हमें प्यार देकर और हमेशा मुस्कुराते हुए हमारे घर की शोभा बढ़ाती है। हमें अपनी मां से बेहद प्यार है और हम चाहते हैं कि हमारे घर की यह शोभा हमेशा यूं ही बरकरार रहे और हमारी व घर की शोभा बढ़ाती रहे।

### भगवान जगन्नाथ के लिए सूरत और वृंदावन से मंगाई ड्रेस

# शहर में 5 अलग-अलग स्थानों से निकलेगी जगन्नाथ रथयात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

## रथयात्रा में पुरुष धोती-कुर्ता, महिलाएं साड़ी में और युवतियां गोपी ड्रेस पहनेंगी

जगन्नाथ रथयात्रा को लेकर शहर के अन्य मंदिरों में भी तैयारियां की जा रही है। शहर के किलोल पार्क के जगदीश स्वामी मंदिर से भी रथयात्रा 7 जुलाई को निकाली जाएगी। वहीं शांति नगर बैरसिया रोड स्थित गौर राधा मदन गोपाल मंदिर से चैतन्य प्रेम भक्ति समिति रथयात्रा निकालेगी। जवाहर चौक से उत्कल समाज की ओर से रथयात्रा निकाली जाएगी, वहीं कोलार में भी रथयात्रा महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा।

जगन्नाथ शोभायात्रा प्रचार हेतु प्रभात फेरियां निकलेंगी, कीर्तन भी गौर राधा मदन गोपाल मंदिर सिंधी कॉलोनी से निकाली जाने वाली भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा हेतु 5 जुलाई से विभिन्न क्षेत्रों से प्रभात फेरियां निकाली जाएंगी। आयोजन समिति के प्रमोद नेमा एवं दीपिका माहेश्वरी ने बताया कि 5 जुलाई को प्रातः 7 बजे गीतांजलि परिसर से न्यू मार्केट क्षेत्र में 6 जुलाई को मंदिर परिसर से इब्राहिमगंज से हनुमानगंज, जुमेराती, चौक, सोमवारा क्षेत्र में एवं 7 जुलाई को गोपाल मंदिर टीला जमालपुरा से गणेश मंदिर पवन चौक टीला जमालपुरा पर संपन्न होगी, जिसमें कीर्तन करते हुए श्रद्धालु आमजन को शोभायात्रा में शामिल होने की अपील करेंगे। आज से प्रतिदिन मंदिर में श्रृंगार एवं शाम 6 से 9 बजे तक कीर्तन का आयोजन भी होगा।



शहर के अन्य मंदिरों में भी तैयारियां

### घोड़े, बग्घी, बैंड, कीर्तन आदि आकर्षण का केंद्र होंगे

इस्कॉन भोपाल बीवायसी की ओर से 7 जुलाई को रथयात्रा दोपहर 1 बजे रानी कमलापति के सामने से प्रारंभ होगी, जो सात नंबर चौराहा नेशनल हॉस्पिटल, प्रियदर्शनी मार्केट, बिट्टन मार्केट, 1100 क्वार्टर, गणेश मंदिर, शाहपुरा सेक्टर ए, ओरा मॉल, त्रिलंगा, रोहित नगर से होती हुई अपोलो सेज हॉस्पिटल के पास बावड़ियाकलां चौराहे पर समाप्त होगी। लगभग आठ किमी तक यह यात्रा भ्रमण करेगी। समापन स्थल पर भंडारे का आयोजन होगा। अध्यक्ष रसानंद दास ने बताया कि रथयात्रा में घोड़े, बग्गी, बैंड, कीर्तन आदि आकर्षण का केंद्र होंगे।

### महिलाओं ने व्रत रख की पूजा, 56 भोग अर्पित कर ज्योत प्रज्जवलित की

## योगिनी एकादशी पर 111 किलो पुष्पों से खाटू श्याम का विशेष श्रृंगार



**भोपाल।** विष्णु भगवान की आराधना को समर्पित योगिनी एकादशी मंगलवार को मनाई गई। एकादशी पर मंदिरों में भी श्रीहरि के विशेष पूजन-अनुष्ठान हुए। महिलाओं ने सौभाग्य व परिवार की सुख-शांति के लिए उपवास रखकर भगवान विष्णु की आराधना की। भक्तों ने भी भगवान विष्णु को प्रसन्न करने के लिए व्रत रख व विशेष पूजन, अनुष्ठान किया। जबकि, वैष्णवजन 4 जुलाई को एकादशी व्रत का पारण करेंगे।मां वैष्णो धाम आदर्श नौ दुर्गा मंदिर स्थित बाबा खाटू श्याम मंदिर के व्यवस्थापक पंडित चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि एकादशी पर 11 तरह के 111 किलो पुष्पों से बाबा खाटू श्याम का श्रृंगार किया गया। उन्हें 56 भोग अर्पित किए गए एवं जोत प्रज्ज्वलित की गई। इसके बाद भोपाल के प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें भक्तों ने भाव विभोर होकर नृत्य किया और रात में शयन आरती के बाद योगिनी एकादशी उत्सव संपन्न हुआ।

रेलवे के सतर्कता निर्देश परिचालक स्टाफ अलर्ट बाढ़ प्रभावित पुलों की बढ़ाई पेट्रोलिंग

# संवेदनशील पुलों से 30 किमी प्रति घंटे की स्पीड से चलेंगी ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बारिश के दौरान रेलवे ट्रैक की पुल-पुलिया की निगरानी को लेकर रेलवे बोर्ड ने सभी जोन व मंडल को अलर्ट जारी कर दिया है।

इसके बाद भोपाल रेल मंडल की ओर से सेफ्टी कर्मचारियों से पुल-पुलिया पर पानी के दबाव के बढ़ने की तत्काल जानकारी मंडल रेल प्रबंधन को देने की बात कही है। इसके साथ ही नजदीकी रेलवे स्टेशन की आपातकालीन टीम को भी सूचना देकर सतर्क करना होगा।

### संवेदनशील पुल पर कर्मचारी की तैनाती

कुछ राज्यों में भारी बारिश का दौर शुरू हो गया। हालाकि अभी भोपाल मंडल में भारी बारिश नहीं हो रही है। इसके बाद भी मंडल के संरक्षा विभाग ने ट्रेनों के सुरक्षित संचालन के लिए नए दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। खासकर सेक्शन के संवेदनशील पुल-पुलियाओं पर बारिश में विशेष निगरानी की जा रही है। ऐसे पुल-पुलियों पर अगल-अगल शिफ्ट में एक कर्मचारी की 24 घंटे ड्यूटी लगाई गई।

### लगातार कर रहे निरीक्षण

बारिश में ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन हेतु चालक-परिचालकों एवं गार्डस सहित सेफ्टी विभाग के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए है। साथ ही वरिष्ठ अधिकारी संवेदनशील पुल-पुलियों व रेलवे ट्रैक का निरीक्षण कर चुके है। इसके अलावा अभी भी लगातार निरीक्षण कर रहे हैं।

**नवल अग्रवाल,** एसीएम व पीआरओ प्रभारी भोपाल रेल मंडल

### ऐसे सतर्क रहेगा चालक दल

- पुल पर खतरे के निशान से ऊपर पानी होने पर ट्रेन चालक तत्काल ट्रेन खड़ी करेगा और विपरीत दिशा से आने वाली ट्रेन के चालक को फ्लेशर लाइट जलाकर अलर्ट करेगा।
- भारी आंधी-तूफान या तेज बारिश के हालात में यात्रियों को खिड़की-दरवाजे खुले रखने को कहा जाएगा, जिससे हवा क्रास हो सके।
- किसी पुल-पुलिया के आसपास यदि मिट्टी धंस रही है और संरक्षा को खतरा है, तो ड्राइवर अगले स्टेशन के एसएस को मैसेज देकर ट्रेन रोकेगा,
- मैसेज पर पीडब्लयूआई मौके पर जाएंगे और जांच के बाद फिट सार्टिफिकेट जारी करेंगे कि ट्रेनें निकाली जा सकती हैं या नहीं।
- संवेदनशील पुल-पुलियाओं पर दिन एवं रात अलग-अलग शिफ्ट में गैंगमेन स्टॉफ तैनात रहेगा, जो बाढ़ के बहाव का अपडेट संबधित स्टेशन को देगा।
- खतरा होने की स्थिति में कॉशन आर्डर (सतर्कता आदेश) पर ट्रेन ड्राइवर आगे जाएगा।
- परिचालक दल को संचार सुविधाओं जैसे मोबाइल, व्हाट्सअप से भी सुरक्षा संबंधी अपडेट साझा करने को कहा गया है, यदि कहीं स्थिति नाजुक रहेगी तो उसकी फोटो भी अपलोड की जा सकेगी।




# आयुष्मान मरीजों को इलाज न मिलने पर डीन ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमीदिया अस्पताल में आयुषमान मरीजों को इलाज मिलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह खुलासा जीएमसी डीन डॉ. कविता एन सिहं द्वारा विभागों को एचओडी व प्रोफेसर को लिखे पत्र से हुआ है, जिसमें डीन ने लिखा कि बीते छह माह में आपके विभाग का कार्य निम्न स्तर का रहा है, जिसके चलते एक तरफ आयुषमान भारत के मरीजों को उपचार मिलने कठिनाई हो रही है तो दूसरी तरफ संस्थान को वित्त लाभ नहीं मिल रहा है। डीन द्वारा भेजे गए पत्र में छह माह की आयुषमान रिपोर्ट का भी जिक्र है। जिसके आधार पर यह पत्र विभागों को भेजा गया है।




**SWAMI VIVEKANAND COLLEGE OF SCIENCE & TECHNOLOGY, BHOPAL**
Approved by AICTE & NCTE, New Delhi

**Recognized by M.P. Govt. & Affiliated to Barkatullah University**

Applications are invited for the appointment on teaching posts under college code 28 of the university.

| S.No. | Subject | Post | Vacancy | Qualification | Salary |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | - | Principal | 01 | As per UGC Guidlines | As per UGC Norms |
| 2 | Computer | Asst. Prof. | 02 | | |
| 3 | Mathematics | Asst. Prof. | 01 | | |
| 4 | Chemistry | Asst. Prof. | 01 | | |
| 5 | Physics | Asst. Prof. | 01 | | |
| 6 | Zoology | Asst. Prof. | 01 | | |
| 7 | Botany | Asst. Prof. | 01 | | |
| 8 | Commerce | Asst. Prof. | 01 | | |
| 9 | Economics | Asst. Prof. | 01 | | |
| 10 | Finance | Asst. Prof. | 01 | | |
| 11 | Electronics | Asst. Prof. | 01 | | |

The applications with complete details/Biodata should reach us at the following address by post or **E-mail: svcstcollege@gmail.com,** within 7 days.

**SWAMI VIVEKANAND COLLEGE OF SCIENCE & TECHNOLOGY, BHOPAL**
Address: Barkhedi Kala, Neelbad Road, P.O. - Suraj Nagar, Bhopal 462044
Contact no: 0755-2696771, Mob.: 9425010861

# 9वीं कक्षा में प्रवेश के लिए न्यूनतम उम्र 13 साल तय

**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल ने साल 2024-25 के लिए 9वीं से 12वीं तक के लिए प्रवेश नीति जारी की है। इस नीति के अनुसार, अब एमपी बोर्ड के सभी स्कूलों में नई व्यवस्था लागू की जाएगी। निजी और सरकारी स्कूलों में नौवीं कक्षा में 13 साल से कम उम्र के विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं मिलेगा। नर्सरी कक्षा में 3 साल से साढ़े चार साल उम्र के बच्चों को प्रवेश मिलेगा। नर्सरी में न्यूनतम आयु 3 वर्ष और अधिकतम आयु साढ़े चार वर्ष निर्धारित की गई है। वहीं केजी 1 में न्यूनतम आयु 4 वर्ष और अधिकतम आयु साढ़े पांच वर्ष। केजी 2 में न्यूनतम आयु 5 वर्ष और अधिकतम आयु साढ़े छह वर्ष, वहीं पहली कक्षा में न्यूनतम आयु 6 वर्ष और अधिकतम आयु साढे सात वर्ष निर्धारित की गई है।

# उच्च पद का प्रभार को लेकर जेडी-डीईओ को आदेश जारी

**भोपाल।** लोक शिक्षण संचालनालय ने शिक्षकों को उच्च पद का प्रभार देने की कार्रवाई शुरू कर दी है। इसको लेकर मंगलवार को संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण और जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जारी आदेश में कहा गया है कि पूर्व में जारी पदक्रम सूची का परीक्षण करें और सबसे पहले उन लोगों को उच्च पद का प्रभार दें, जो पिछली बार छूट गए थे और अब पदक्रम सूची के अनुसार पात्रता में आ गए हैं। इसके बाद शेष रिक्त पदों पर संभाग स्तर पर काउंसलिंग कर प्रस्ताव तैयार करें और 10 जुलाई से पहले प्रशासकीय अनुमोदन के लिए भेजें। बताया जा रहा है कि प्रदेशभर में करीब 90 हजार शिक्षकों को उच्च पद का प्रभार दिया जाना है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930